Kimaya
Nurturing childhood with Divine Power

# व्याकरण कलश

## सहायक पुस्तिका

लेखकः
राजेश कुमार
एम०ए० (हिंदी)

**1-5**




E-LEARNING
INSTRUCTOR'S HANDBOOK
SOLVABLE QUESTIONNAIRE
LESSON PLANS
EXAM MAKER

**1** खंड 'क' : व्याकरण

# भाषा एवं व्याकरण

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) **परिभाषा–**भाषा वह साधन है, जिसके द्‌वारा बोलकर या लिखकर मन के विचारों को प्रकट किया जाता है।

(ख) जिस शास्त्र से किसी भाषा के शुद्‌ध रूप को लिखने तथा बोलने का ज्ञान होता है, वह व्याकरण कहलाता है।

व्याकरण के मुख्यतः तीन अंग हैं।

**2. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** (क) भाषा के दो रूप होते हैं–मौखिक भाषा और **लिखित** भाषा।

(ख) मौखिक भाषा को **कथित** भाषा भी कहते हैं।

(ग) **व्याकरण** भाषा को शुद्‌ध बनाता है।

**3. सही वाक्य के सामने (✓) तथा गलत वाक्य के सामने (✗) का चिह्न लगाइए–**

**उत्तर–** (क) ✓ (ख) ✗ (ग) ✓

**2**

# वर्ग और वर्णमाला

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) भाषा की सबसे छोटी इकाई को 'वर्ण' कहते हैं। इसके अन्य टुकड़े नहीं किए जा सकते।

(ख) अनुस्वार ( ं ), अनुनासिक ( ँ ) और विसर्ग (ः) कहलाते हैं। कुछ लोग 'अं' और 'अः' को भी स्वरों में गिनते हैं, लेकिन ये न तो स्वर होते हैं और न ही व्यंजन। इन्हें अयोगवाह कहते हैं।

(ग) **परिभाषा–**दो व्यंजनों के मेल से बने व्यंजन संयुक्त व्यंजन कहलाते हैं।

**2. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** (क) बोलते समय हमारे मुख से अनेक **ध्वनियाँ** निकलती हैं।

(ख) हिंदी वर्णमाला में **11** स्वर होते हैं।

(ग) 'अं' और 'अः' **अयोगवाह** कहलाते हैं।

(घ) संयुक्त व्यंजन **दो** व्यंजनों के मेल से बनते हैं।

**3. वर्ण और स्वर को जोड़कर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) क् + ए + ल् + आ = **केला**

(ख) क् + अ + म् + अ + ल् + अ = **कमल**

(ग) प् + औ + ध् + आ = **पौधा**

**4. निम्नलिखित शब्दों के वर्णों को अलग-अलग करके लिखिए–**

**उत्तर–** (क) माला = म् + आ + ल् + आ

(ख) हाथी = ह् + आ + थ् + ई

(ग) कोयल = क् + ओ + य् + अ + ल् + अ

# 3 स्वरों की मात्राएँ

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) **परिभाषा–**शब्द-निर्माण हेतु व्यंजन के बाद आने वाले स्वर को मात्रा कहते हैं।

(ख)

| **स्वर** | **मात्रा** | **स्वर** | **मात्रा** |
|---|---|---|---|
| अ | (अ का कोई मात्रा-चिह्न नहीं होता) | आ | ा |
| इ | ि | ई | ी |
| उ | ु | ऊ | ू |
| ऋ | ृ | ए | े |
| ऐ | ै | ओ | ो |
| औ | ौ | | |

(ग) व्यंजन से पहले लगने वाली मात्रा इ ( ि)

(घ) व्यंजन के ऊपर लगने वाली मात्राएँ ए ( े), ऐ ( ै)

**2. निम्नलिखित वर्णों को जोड़कर शब्द बनाइए–**

**उत्तर–** (क) क् + आ + र् + अ = **कार**

(ख) स् + आ + थ् + ई = **साथी**

(ग) म् + ऊ + ल् + ई = **मूली**

(घ) त् + इ + ल् + अ = **तिल**

(ङ) म् + ए + ल् + आ = **मेला**

(च) क् + उ + ल् + अ = **कुल**

(छ) थ् + ऐ + ल् + आ = **थैला**

(ज) न् + औ + क् + आ = **नौका**

**3. निम्नलिखित शब्दों के वर्ण अलग-अलग करके लिखिए–**

**उत्तर–** (क) परी = प् + अ + र् + ई

(ख) मुरली = म् + उ + र् + अ + ल् + ई

(ग) पौधा = प् + औ + ध् + आ

(घ) आलू = आ + ल् + ऊ

(ङ) हाथ = ह् + आ + थ् + अ

(च) करेला = क् + अ + र् + ए + ल् + आ

(छ) गुड़िया = ग् + उ + ड़् + इ + य् + आ

(ज) पैसा = प् + ऐ + स् + आ

(झ) चीनी = च् + ई + न् + ई

(ञ) मोर = म् + ओ + र् + अ

(ट) लड़की = ल् + अ + ड़् + अ + क + ई

(ठ) चिड़िया = च् + इ + ड़् + इ + य् + आ

**4. सही मात्राएँ लगाकर शब्द बनाइए–**

**उत्तर–** (क) __तल = **तिल**

(ख) ब__न = **बुन**

(ग) र__न__ = **रानी**

(घ) __दन = **दिन**

(ङ) मन__ज = **मनोज**

(च) क__यल = **कोयल**

(छ) ब__दल = **बादल**

(ज) न__क__ = **नौकर**

# 4 शब्द और वाक्य

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) **परिभाषा–**वर्णों के ऐसे मेल को शब्द कहते हैं, जिसका कोई अर्थ हो।

(ख) सार्थक शब्द–वे शब्द जिनका कोई अर्थ होता है तथा जो स्वतंत्र रूप से प्रयोग किए जाते हैं, सार्थक शब्द कहलाते हैं; जैसे–खाना, पानी, चाय, फल, किताब आदि।

(ग) **परिभाषा–**शब्दों के जिस समूह से पूरी बात समझ में आ जाए, उसे वाक्य कहते हैं।

(घ) यदि शब्दों के मेल का कोई अर्थ न हो, तो उसे वाक्य नहीं कहते; जैसे–
शेर हिरन भागा के पीछे। (कोई अर्थ नहीं)

(ङ) बाय, समतल, टमल, शाय

**2. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) वर्णों के मेल से **शब्द** बनते हैं। (ख) कमल एक **फूल** का नाम है।

(ग) वाय, वोटी, वल **निरर्थक** शब्द हैं।

(घ) जिन शब्द-समूहों से बात समझ न आए, वे शब्द-समूह **वाक्य** नहीं कहे जा सकते।

(ङ) शब्द बनाने के लिए वर्णों को **सही** क्रम में रखना आवश्यक है।

**3. सत्य अथवा असत्य लिखिए–**

**उत्तर–** (क) असत्य (ख) सत्य (ग) सत्य (घ) सत्य (ङ) असत्य

**4. निम्नांकित चित्रों को देखकर शब्द लिखिए–**

**उत्तर–** (क) **विद्यालय** (ख) **हिरण** (ग) **बतख**

(घ) **साईकिल** (ङ) **गुलाब** (च) **मेज**

# 5 संज्ञा

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) **परिभाषा–**किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं। जैसे–राम खाता है। यहाँ राम संज्ञा है।

(ख) टेबल, मेज, किताब लकड़ी।

**2. बॉक्स में दिए गए संज्ञा शब्दों से रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) बगीचे में **फूल** खिले हुए हैं। (ख) **शेर** जंगल का राजा कहलाता है।

(ग) **अध्यापक** कक्षा में पढ़ा रहे हैं। (घ) **महात्मा गांधी** को लोग राष्ट्रपिता कहते थे।

(ङ) **ईमानदारी** सबसे अच्छा गुण है। (च) **विद्यालय** बच्चे का दूसरा घर है।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में उचित संज्ञा शब्द पर (✓) लगाइए–**

**उत्तर–** (क) डायरी (कागज ✓/लोहे) से बनती है।

(ख) कमीज (लोहे/कपड़े ✓) से बनती है।

(ग) पुस्तक का निर्माण (प्लास्टिक/कागज ✓) से होता है।

(घ) मेज (कपड़े/लकड़ी ✓) से बनती है।

**4. लिखिए–**

**उत्तर–** (क) तीन व्यक्तियों के नाम **जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गाँधी, राम।**

(ख) तीन स्थानों के नाम **आगरा, मेरठ, नैनीताल।**

(ग) तीन पशुओं के नाम **गाय, भैंस, बकरी।**

(घ) तीन पक्षियों के नाम **मोर, तोता, कोयल।**

(ङ) दो फलों के नाम **आम, सेब।**

# 6 लिंग

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) **परिभाषा–**पुरुष अथवा स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द लिंग कहलाते हैं। लिंग दो प्रकार के होते हैं

1. पुल्लिग 2. स्त्रीलिंग

(ख) **1. पुल्लिंग–**पुरुष जाति का बोध कराने वाले शब्द पुल्लिंग कहलाते हैं; जैसे–लड़का, पुरुष, बैल, बकरा आदि।

**2. स्त्रीलिंग–**स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द स्त्रीलिंग कहलाते हैं; जैसे–लड़की, स्त्री, गाय, बकरी आदि।

**2. निम्नलिखित शब्दों के स्त्रीलिंग रूप लिखिए–**

**उत्तर–** (क) शिष्य **शिष्या** (ख) पति **पत्नी**

(ग) चूहा **चूहिया** (घ) राजा **रानी**

(ङ) नर **नारी** (च) वर **वधू**

# 7 वचन

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) **परिभाषा–**शब्द के जिस रूप से संज्ञा या सर्वनाम की संख्या का बोध होता है, उसे वचन कहते हैं।

(ख) वचन दो प्रकार के होते हैं–1. एकवचन, 2. बहुवचन

(ग) एकवचन– वे शब्द जो एक प्राणी, वस्तु या स्थान का बोध कराते हैं, उन्हें एकवचन कहते हैं; जैसे–बस्ता, लड़की, चिड़िया, केला आदि।

(घ) बहुवचन– वे शब्द जो दो या दो से अधिक प्राणियों, वस्तुओं या स्थानों का बोध कराते हैं, उन्हें बहुवचन कहते हैं; जैसे–बस्ते, लड़कियाँ, चिड़ियाँ, केले आदि।

**2. बॉक्स में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) **छात्र** पढ़ रहा है। (ख) रवि के पास तीन **बल्ले** हैं।

(ग) गमले में **फूल** खिले हैं। (घ) **बतखें** तैर रही हैं।

(ङ) नेहा **पत्र** लिख रही है।

3. **रंगीन शब्दों के वचन बदलकर पुनः वाक्य लिखिए–**

**उत्तर–** (क) लड़का खेल रहा है। **लड़के खेल रहे हैं।**

(ख) मेज पर पुस्तकें रखी हैं। **मेज पर पुस्तक रखी है।**

(ग) घोड़ा दौड़ रहा है। **घोड़े दौड़ रहे हैं।**

# 8 कारक

**अभ्यास**

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) **परिभाषा–**वे शब्द जो वाक्य में आए संज्ञा या सर्वनाम का क्रिया से संबंध प्रकट करते हैं, कारक कहलाते हैं।

(ख) कारक को प्रकट करने के लिए संज्ञा या सर्वनाम के बाद जो चिह्न (ने, को, से आदि) लगाए जाते हैं, उन्हें कारक चिह्न कहा जाता है।

(ग) कारक आठ प्रकार के होते हैं–

1. कर्ता कारक 2. कर्म कारक 3. करण कारक 4. संप्रदान कारक 5. अपादान कारक 6. संबंध कारक 7. अधिकरण कारक 8. संबोधन कारक

2. **निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन छपे शब्दों के कारक बताइए–**

**उत्तर–** (क) राम ने खाना खाया। **ने**

(ख) वह बस से दिल्ली जाता है। **से**

(ग) पेड़ से फल गिरते हैं। **से**

(घ) प्रीति की माता जी बाजार में हैं। **की**

3. **चित्र देखकर रिक्त स्थानों में उचित कारक चिह्न लिखिए–**

**उत्तर–** (क) राहुल अपने मित्र **से** बल्ला लाया। (ख) अध्यापक जी कक्षा **में** पढ़ा रहे हैं।

(ग) डाल **पर** पक्षी बैठा है। (घ) लड़का पेन **से** कहानी लिख रहा है।

(ङ) पेड़ **से** फल गिरते हैं। (च) लड़की **ने** गाना गाया।

# 9 सर्वनाम

**अभ्यास**

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) **परिभाषा–**संज्ञा शब्द के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं।

(ख) कुछ सर्वनाम इस प्रकार हैं–

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मैं | हम | तू | तुम | आप | वह | वे | यह | ये |
| कोई | कुछ | कौन | क्या | स्वयं | तुम्हें | अपना | किसे | जो-वह |

(ग) प्रश्न पूछने के लिए कब, कहाँ, कैसे, कौन, क्यों सर्वनामों का प्रयोग होता है।

(घ) बोलने वाला अपने लिए मैं और हम सर्वनाम का प्रयोग करता है।

(ङ) अपने से बड़ों के लिए आप सर्वनाम का प्रयोग किया जाता है?

**2. बॉक्स में से सही सर्वनाम चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) **मेरा** नाम रीमा है। (ख) **मैंनें** रोटी नहीं खाई।
(ग) **वे** पढ़ नहीं रहे हैं। (घ) मैंने **यह** पुस्तक नहीं पढ़ी है।
(ङ) **आप** यहाँ बैठिए।

**3. सत्य अथवा असत्य लिखिए–**

**उत्तर–** (क) सत्य (ख) सत्य (ग) सत्य (घ) असत्य (ङ) सत्य

**4. निम्नलिखित वाक्यों में आए सर्वनामों को छाँटकर लिखिए**

| | | |
|---|---|---|
| **उत्तर–** (क) | मैं विद्यालय जा रही हूँ। | **मैं** |
| (ख) | तुम अंदर जाओ। | **तुम** |
| (ग) | वे आज दिल्ली जाएँगे। | **वे** |
| (घ) | क्या आपने खाना खा लिया? | **क्या आपने** |
| (ङ) | यह प्रिया है। | **यह** |

# 10 विशेषण

### अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) **परिभाषा**–संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं।
(ख) **परिभाषा**–जिस संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताई जाती है, वह विशेष्य कहलाता है।

**2. निम्नलिखित विशेषणों के बाद उचित विशेष्य लिखिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **उत्तर–** (क) | गरम | **खाना** | (ख) | मूर्ख | **गधा** |
| (ग) | चार | लड़के | (घ) | नमकीन | **पानी** |
| (ङ) | लंबा | **आदमी** | (च) | गहरा | **कुआँ** |
| (छ) | मीठा | **आम** | (ज) | बुद्धिमान | **बीरबल** |
| (झ) | ठंडा | **पानी** | (ञ) | सुंदर | **रेखा** |
| (ट) | खट्टा | **आम** | (ठ) | बड़ा | **आदमी** |

**3. सामने दिए गए विशेषणों में से उचित विशेषण चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) नींबू **खट्टे** हैं। (ख) लकड़ी **कठोर** है।
(ग) वह **वृद्ध** पुरुष है। (घ) प्रिया **दो मीटर** कपड़ा लाई।
(ङ) पृथ्वी **गोल** है। (च) घास **हरी** है।
(छ) रोहन **एक लीटर** तेल लाया।

# 11 क्रिया

### अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) **परिभाषा**–जिन शब्दों से किसी कार्य के करने या होने का बोध होता है, उन्हें क्रिया कहते हैं।

(ख) नहीं क्रिया के बिना वाक्य पूरा नहीं हो सकता है।

**2. बॉक्स में से सही क्रिया शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) फूल **खिल** रहे हैं।
(ख) चिड़ियाँ **उड़** रही हैं।
(ग) हिरन **दौड़** रहा है।
(घ) प्रिया खाना **खा** रही है।
(ङ) बच्चे क्रिकेट **खेल** रहे हैं।
(च) वीना **पढ़** रही है।
(छ) धोबी कपड़े **धो** रहा है।
(ज) अध्यापक जी **पढ़ा** रहे हैं।

**3. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए–**

**उत्तर–** (क) बच्चे खेल रहा है। — बच्चा खेल रहा है।
(ख) लोग हँस रहा है। — लोग हँस रहे हैं।
(ग) मम्मी खाना बना रहे हैं। — मम्मी खाना बना रही है।
(घ) मोहन गाना गा रही थी। — मोहन गाना गा रहा था।
(ङ) उसकी साइकिल खो गया। — उसकी साइकिल खो गई।

# 12 काल

## अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) **परिभाषा**–क्रिया के होने या करने के समय को काल कहते हैं।
(ख) काल के तीन भेद होते हैं–1. भूतकाल, 2. वर्तमान काल, 3. भविष्यत् काल
**(ग) वर्तमान काल**–क्रिया के जिस रूप से कार्य के वर्तमान समय (चल रहे समय) में होने का बोध होता है, उसे वर्तमान काल कहते हैं; जैसे–नेहा पत्र लिख रही है।
(घ) भविष्यत् काल–क्रिया के जिस रूप से कार्य के आने वाले समय में होने का बोध हो, उसे भविष्यत् काल कहते हैं; जैसे–
(i) सुरेश पत्र लिखेगा। (ii) विवेक कल विद्यालय जाएगा।

**2. सही शब्द लिखकर रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) क्रिया के होने या करने के समय को **काल** कहते हैं।
(ख) काल के **तीन** भेद होते हैं।
(ग) बीते हुए समय को **भूतकाल** कहते हैं।
(घ) आने वाले समय को **भविष्यत्** काल कहते हैं।

**3. निम्नलिखित वाक्यों के सामने उनके काल लिखिए–**

**उत्तर–** (क) विनीत पार्क में खेल रहा था। — **भूतकाल**
(ख) कल वर्षा होगी। — **भविष्यत् काल**
(ग) प्राची सवेरे मंदिर जाती है। — **वर्तमान काल**
(घ) रवि कल दिल्ली जाएगा। — **भविष्यत् काल**
(ङ) क्यारी में फूल खिल रहे थे। — **भूतकाल**
(च) हम बाजार जा रहे हैं। — **वर्तमान काल**

**4. निम्नलिखित वाक्यों को वर्तमान काल में बदलकर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) नवीन पढ़ रहा था। — **नवीन पढ़ता है।**

(ख) वह तुम्हें गाना सुनाएगा। — **वह तुम्हें गाना सुनाता है।**

(ग) वह राजू के साथ आ रहा था। — **वह राजू के साथ आता है।**

(घ) विनय पत्र लिखेगा। — **विनय पत्र लिखता है।**

(ङ) नेहा खाना खा रही थी। — **नेहा खाना खाती है।**

## 13 पर्यायवाची शब्द

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) **परिभाषा–**समान अर्थ प्रकट करने वाले शब्दों को पर्यायवाची शब्द कहा जाता है।

(ख) पर्यायवाची शब्दों को 'समानार्थी शब्द' भी कहते हैं।

**2. निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए**

**उत्तर–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | चंद्रमा | **चाँद** | **हिमांशु** | **सुधांशु** |
| (ख) | समुद्र | **जलधि** | **सागर** | **पयोधि** |
| (ग) | राजा | **नृप** | **सम्राट** | **विक्रम** |
| (घ) | पानी | **जल** | **नीर** | **वारि** |
| (ङ) | धरती | **भूमि** | **जमीन** | **वसुधा** |
| (च) | आँख | **नयन** | **नैन** | **नेत्र** |

**3. दिए गए शब्दों के गलत पर्यायवाची पर (✗) का चिह्न लगाइए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | धरती | भू | धरा | अंबर ✗ | वसुधा |
| (ख) | आँख | नेत्र | कर्ण ✗ | नयन | लोचन |
| (ग) | कमल | पीयूष ✗ | सरोज | पंकज | अंबुज |
| (घ) | सूरज | भानु | सूर्य | हिमांशु ✗ | दिनकर |
| (ङ) | बादल | मेघ | घन | जलद | वारि ✗ |
| (च) | फूल | पुष्प | तरु ✗ | सुमन | कुसुम |
| (छ) | हाथी | गज | हस्ति | द्विप | वनराज ✗ |

**4. निम्नांकित चित्रों को देखकर उनके तीन-तीन नाम लिखिए–**

**उत्तर–**

| (क) | (ख) | (ग) |
|---|---|---|
| आँख | मयंक | पुष्प |
| नेत्र | सुधांशु | फूल |
| लोचन | चंद्रमा | सुमन |

## 14 विलोम शब्द

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) **परिभाषा–**जो शब्द आपस में विपरीत अर्थ बताएँ, वे विलोम शब्द या विपरीतार्थक शब्द कहलाते हैं।

(ख) विलोम शब्द का अन्य नाम विपरीतार्थक शब्द है।

**2. वाक्यों में छपे रंगीन शब्दों के विलोम शब्दों द्वारा रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) सूर्य पूरब में उदय होता है और पश्चिम में **अस्त** होता है।

(ख) **दिन** में प्रकाश होता है, और रात में अंधकार।

(ग) मेरी साइकिल नई है और तुम्हारी साइकिल **पुरानी** है।

(घ) फूल कोमल होता है और पत्थर **कठोर**।

(ङ) हंस सफेद होता है और कौआ **काला**।

**3. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | शब्द | विलोम | | शब्द | विलोम |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | कायर | निडर | (ख) | आकाश | **धरती** |
| (ग) | वरदान | **अभिशाप** | (घ) | अच्छा | **बुरा** |
| (ङ) | धूप | **छाँव** | (च) | गुण | **अवगुण** |
| (छ) | बुराई | **अच्छाई** | (ज) | खरा | **खोटा** |

# 15 अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

### अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) **परिभाषा**–अनेक शब्दों के लिए प्रयुक्त होने वाले एक शब्द को 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' कहते हैं।

(ख) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द को शब्द-समूह के लिए एक शब्द भी कहते हैं।

**2. प्रत्येक शब्द के लिए उचित शब्द-समूह लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | साप्ताहिक | **सप्ताह में एक बार होने वाला।** |
| (ख) | मासिक | **माह में एक बार होने वाला।** |
| (ग) | वार्षिक | **वर्ष में एक बार होने वाला।** |
| (घ) | दैनिक | **प्रतिदिन होने वाला।** |
| (ङ) | अपव्ययी | **अधिक खर्च करने वाला।** |
| (च) | नास्तिक | **जो ईश्वर में विश्वास न रखता हो।** |

**3. निम्नलिखित शब्द-समूहों के लिए एक-एक शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | अधिक खर्च करने वाला | **अपव्ययी** |
| (ख) | जो परिचित न हो | **अपरिचित** |
| (ग) | रोगी का इलाज करने वाला | **डॉक्टर (चिकित्सक)** |
| (घ) | प्रतिदिन होने वाला | **दैनिक** |
| (ङ) | ऊपर जाने वाला | **आरोही** |

**4. प्रत्येक शब्द-समूह का उचित एक शब्द से मिलान कीजिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | ईश्वर को मानने वाला | (i) | आस्तिक |
| (ख) | शाक-सब्जी खाने वाला | (ii) | शाकाहारी |
| (ग) | नीचे आने वाला | (iii) | अवरोही |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (घ) | गाँव में रहने वाला | (iv) | ग्रामीण |
| (ङ) | खेती का काम करने वाला | (v) | किसान |
| (च) | न कहे जाने योग्य शब्द | (vi) | अपशब्द |

## 16 मुहावरे

### अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) **परिभाषा**–वह वाक्यांश जिसका प्रयोग किसी विशेष अर्थ में होता है, मुहावरा कहलाता है।

(ख) हाँ मुहावरे अपने शब्दों का विशेष अर्थ देते हैं?

**2. निम्नलिखित वाक्यों में आए मुहावरों के नीचे रेखा खींचिए–**

**उत्तर–** (क) अंगूरों को देखकर लोमड़ी के <u>मुँह में पानी भर आया</u>।

(ख) राम तो <u>कोल्हू का बैल है</u>।

(ग) पुलिस को देखकर चोर <u>नौ-दो ग्यारह हो गए</u>।

(घ) विनय के दादा जी <u>स्वर्ग सिधार गए</u>।

(ङ) आज तो मेरा <u>अंग-अंग ढीला हो रहा है</u>।

(च) परीक्षा समाप्त होने के बाद विद्यार्थी <u>घोड़े बेचकर सो रहे हैं</u>।

(छ) भारतीय सैनिकों ने शत्रु सैनिकों की <u>ईंट से ईंट बजा दी</u>।

**3. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | कान भरना | **चुगली करना।** |
| (ख) | कमर कसना | **तैयार हो जाना।** |
| (ग) | जान पर खेलना | **खतरा उठाकर काम करना।** |
| (घ) | पत्थर की लकीर | **पक्की बात।** |
| (ङ) | आग-बबूला होना | **बहुत क्रोधित होना।** |
| (च) | गले लगाना | **स्नेह करना।** |
| (छ) | दाल गलना | **काम बनना।** |
| (ज) | चेहरा खिल उठना | **प्रसन्न होना।** |
| (झ) | आँखें खुलना | **वास्तविका पता चलना।** |

**4. बॉक्स में से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) राम के कार खरीदने पर जतिन की छाती पर साँप **लोटने** लगा।

(ख) भारतीय सैनिकों ने शत्रुओं के **छक्के** छुड़ा दिए।

(ग) रवींद्र अपने माँ-बाप की आँखों का **तारा** है।

(घ) लगातार काम करते-करते मेरी तो कमर **टूट** गई।

**5. निम्नलिखित मुहावरों का उनके अर्थों से मिलान कीजिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | अक्ल का दुश्मन | (i) | बेवकूफ |
| (ख) | हाथ मलते रह जाना | (ii) | पछताना |

| | |
|---|---|
| (ग) लोहा मानना | (iii) प्रभाव मान जाना |
| (घ) लाल-पीला होना | (iv) अत्यधिक क्रोधित होना |
| (ङ) टोपी उछालना | (v) बेइज्जत करना |
| (च) बाएँ हाथ का खेल | (vi) आसान काम |

**17** **खंड 'ख' : रचना**

# पत्र-लेखन

**अभ्यास**

**निम्नलिखित विषयों पर पत्र लिखिए–**

**अवकाश के लिए प्रधानाचार्य को पत्र।**

1. **आवश्यक कार्य हेतु अवकाश के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र।**

सेवा में,
श्रीमान प्रधानाचार्य जी,
चाइल्ड ब्लॉसम पब्लिक स्कूल
दिल्ली।

महोदय,
सविनय निवेदन यह है कि मुझे आज पिता जी के साथ आवश्यक कार्य हेतु गाजियाबाद जाना है। अतः मैं दो दिन तक विद्यालय में उपस्थित होने में असमर्थ हूँ। कृपया आप मुझे दिनांक 12 अगस्त से 13 अगस्त तक का अवकाश प्रदान करने की कृपा करें।
धन्यवाद!
आपका आज्ञाकारी शिष्य
राहुल चौहान
कक्षा 1 'ब' (अनुक्रमांक 35)
दिनांक : ________

**घर पर आमंत्रित करने के लिए मित्र को पत्र।**

1. **अपने जन्मदिन पर मित्र को निमंत्रण-पत्र**

35 ए, साकेत
गाजियाबाद।
दिनांक : 12-05-20___
प्रिय रोहित,
सप्रेम नमस्ते!
तुम्हें यह जानकर प्रसन्नता होगी कि पिछले वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 22 जनवरी को मैं अपना जन्मदिन मना रहा हूँ। इस शुभ अवसर पर तुम्हारा आना आवश्यक है। अपने छोटे भाई को भी अपने साथ लाना। मैं तुम्हारी प्रतीक्षा करूँगा।
तुम्हारा प्रिय मित्र
अरविंद

## 18 कहानी-लेखन

**अभ्यास**

**अपनी अभ्यास-पुस्तिका में शेर व चूहे की कहानी लिखिए।**

**शेर व चूहा**

एक बार एक शेर ने चूहे को पकड़ लिया। वह चूहे से बोला"आज मैं तुझे खाकर ही अपना पेट भरूँगा।" चूहा बहुत घबरा गया परंतु उसने सूझबूझ से काम लिया। वह शेर से बोला"महाराज! मुझे छोटे से जीव को खाकर आपका पेट नहीं भरेगा। परंतु पास में ही एक हाथी का बच्चा खेल रहा था। यदि आप उसे पकड़ लेंगे तो कई महीनों तक आराम से रहेंगे।"

शेर उसकी बात सुनकर प्रसन्न हुआ और बोला"ऐसा है तो मुझे अभी वहाँ ले चलो।"

चूहा शेर को एक घने जंगल में ले आया और हाथी का बच्चा दिखाकर कहा"देखो वो रहा हाथी की बच्चा।" हाथी का बच्चा देखकर शेर ज्यों ही उस पर झटपा चूहे ने शेर आया! शेर आया! का शोर मचा दिया। उसका शेर सुनकर तुरंत वहाँ हाथी का झुण्ड आ गया और उन्हें देखकर शेर दुम दबाकर भाग गया। इस प्रकार सूझ-बूझ से चूहे ने अपने प्राण बचा लिए।

## 19 निबंध-लेखन

**अभ्यास**

**निम्नलिखित विषयों पर निबंध लिखिए–**

**मेरी माता जी**

मेरी माता जी का नाम सुरेखा देवी है। वे एक गृहिणी है। वे मुझसे और मेरे भाई-बहन से बहुत प्यार करती है। वे एक धार्मिक महिला हैं। वे सुबह स्नान कर तुलसी पूजा करती है। वे बहुत स्वादिष्ट भोजन पकाती हैं। मुझे उनका बनाया हलवा बहुत पसंद है। उन्हें पढ़ना अच्छा लगता है। वे हमें रोज रात को कहानियाँ सुनाती हैं। मेरी माताजी की माता दिल्ली में रहती हैं। हम गर्मी की छुट्टियों में उसने मिलने जाते हैं। मेरी माता जी हमें अच्छी वाणी बोलने, बड़ों का आदर करने और सत्कर्म करने को प्रेरित करती है। मुझे आपने माता से बहुत स्नेह है।

**मेरी कक्षा**

मेरा विद्यालय बहुत बड़ा है। मेरी कक्षा प्रथम'ब' है। हमारी कक्षा का कमरा दूसरी मंजिल पर है। हमारी कक्षा में 50 छात्र पढ़ते हैं। हमारी कक्षा में कई मेज व कुर्सियाँ है जिन पर बैठकर हम अध्ययन करते हैं। कक्षा में तीन पंखे लगे हैं तथा कई खिड़कियाँ हैं जिनसे समुचित हवा आती है। कक्षा को सब छात्र मिलकर साफ करते हैं। हमारी कक्षा के सामने एक सुंदर उद्यान है। उद्यान में सुंदर-सुंदर फूल और तितलियाँ देखकर मन प्रसन्न हो जाता है। हमारी कक्षा के द्वार पर मयूरजग रखा होता है, सभी विद्यार्थी उसी से पानी पीते हैं। मुझे अपनी कक्षा में पढ़ना बहुत अचछा लगता है।

1 खंड 'क' : व्याकरण

# भाषा, लिपि और व्याकरण

### अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) **परिभाषा–**भाषा वह साधन है, जिसके द्‌वारा हम अपने भावों अथवा विचारों को एक-दूसरे तक पहुँचाते हैं और दूसरों के विचारों को समझते हैं।

(ख) भाषा के निम्नलिखित दो रूप होते हैं–

1. मौखिक भाषा–जब हम अपने विचार बोलकर प्रकट करते हैं तो वह मौखिक भाषा कही जाती है; जैसे–आपस में बात करना, फोन पर बात करना आदि।
2. लिखित भाषा–विचारों को लिखकर प्रकट करना लिखित भाषा कहलाती है; जैसे–पत्र, पुस्तक व समाचार-पत्र के माध्यम से अपने विचारों से परिचित करवाना आदि।

(ग) हमारी राजभाषा हिन्दी है।

(घ) **परिभाषा–**ध्वनि-चिह्नों को लिखने की विधि लिपि कहलाती है।

(ङ) **परिभाषा–**जो शास्त्र भाषा के नियमों और उसके शुद्‌ध प्रयोग का ज्ञान कराता है, उसे व्याकरण कहते हैं।

भाषा में शुद्‌ध वाक्यों का प्रयोग करना चाहिए क्योंकि अशुद्‌ध वाक्य का अर्थ समझना बहुत ही कठिन है; जैसे–

| **अशुद्‌ध** | **शुद्‌ध** |
|---|---|
| लड़के कमरे में बैठी हैं। | लड़के कमरे में बैठे हैं। |

**2. बॉक्स में से शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** (क) भाषा के दो रूप होते हैं– **मौखिक** और **लिखित**।

(ख) विचारों को लिखकर प्रकट करने में **लिखित** भाषा का प्रयोग होता है।

(ग) हमारी राजभाषा **हिंदी** है।

(घ) अंग्रेजी भाषा को **रोमन** लिपि में लिखा जाता है।

**3. सत्य अथवा असत्य लिखिए–**

**उत्तर–** (क) सत्य (ख) सत्य (ग) सत्य (घ) सत्य

2

# वर्ण-विचार

### अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) **परिभाषा–**जिस मूल ध्वनि के टुकड़े न किए जा सकें, उसे वर्ण या अक्षर कहते हैं।

(ख) वर्णमाला वर्णों के समूह को वर्णमाला कहते हैं।

(ग) स्वर–जिन वर्णों को बोलते समय किसी अन्य वर्ण की सहायता न लेनी पड़े, उन्हें

स्वर कहते हैं। स्वरों का उच्चारण स्वतंत्र रूप से होता है। इनकी संख्या ग्यारह है।

(घ) व्यंजन–जो वर्ण स्वर-ध्वनि की सहायता से बोले जाते हैं, उन्हें व्यंजन कहते हैं। व्यंजन वर्णों को बोलते समय मुँह से निकलने वाली वायु के मार्ग में रुकावट पैदा होती है, इसलिए इन्हें बोलने में स्वर-ध्वनि की सहायता लेनी पड़ती है।

(ङ) दो व्यंजन के योग से बना संयुक्त व्यंजन कहलाता है।

(च) अं तथा अः को अयोगवाह कहते हैं।

**2. बॉक्स में से शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** (क) हिंदी में **ग्यारह** स्वर होते हैं।

(ख) 'ह' एक **ऊष्म** वर्ण है।

(ग) 'रथ' शब्द में **चार** ध्वनियाँ हैं।

(घ) इ की मात्रा ( ि ) व्यंजन से **पहले** लगती है।

(ङ) 'त्र' **संयुक्त व्यंजन** है।

**3. सत्य अथवा असत्य लिखिए–**

**उत्तर–** (क) सत्य (ख) सत्य (ग) असत्य (घ) सत्य

**4. निम्नलिखित संयुक्त व्यंजनों का प्रयोग करते हुए तीन-तीन शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्ष | – | **क्षत्रिय** | **क्षत्राणी** | **अक्षय** |
| त्र | – | **त्रिभुज** | **त्रिकूट** | **त्रिमूर्ति** |
| ज्ञ | – | **ज्ञानी** | **ज्ञान** | **अज्ञान** |
| श्र | – | **श्रम** | **श्रमिक** | **विश्राम** |

**5. निम्नलिखित शब्दों की ध्वनियाँ अलग-अलग करके लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| नैया | **न् + ऐ + य् + आ** | नल | **न् + अ + ल् + अ** |
| पौधा | **प् + औ + ध् + आ** | पेड़ | **प् + ए + ड़् + अ** |

# 3 शब्द और वाक्य

### अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) **परिभाषा–**वर्णों का ऐसा मेल जिसका कोई अर्थ निकलता हो, 'शब्द' कहलाता है।

(ख) अर्थ की दृष्टि से शब्द दो प्रकार के होते हैं–

1. सार्थक शब्द 2. निरर्थक शब्द

(ग) **परिभाषा–**दो या दो से अधिक सार्थक शब्दों का समूह वाक्य कहलाता है।

(घ) ध्वनि की वह इकाई जिसके टुकड़े नहीं किए जा सकते हैं, उसे वर्ण कहते हैं; जैसे–आ, क्, ग्, प्, म् आदि। जबकि शब्द दो या दो से अधिक वर्णों के योग से बनाए जाते हैं और इनके टुकड़े किए जा सकते हैं; जैसे–आज = आ + ज् + अ, नमक = न् + अ + म् + अ + क् + अ।

(ङ) वाक्य में कर्त्ता को उद्देश्य कहा जाता है और उद्देश्य के संबंध में जो बात कही जाती है उसे विधेय कहते हैं।

2. **बॉक्स में से शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** (क) दो या दो से अधिक वर्णों का सही मेल **शब्द** कहलाता है।

(ख) अर्थ की दृष्टि से शब्द के **दो** भेद होते हैं।

(ग) शब्दों के सही मेल से **वाक्य** बनते हैं।

(घ) उद्देश्य के संबंध में जो बात कही जाए, उसे **विधेय** कहते हैं।

3. **सत्य अथवा असत्य लिखिए–**

**उत्तर–** (क) सत्य (ख) सत्य (ग) सत्य (घ) सत्य

4. **निम्नलिखित शब्दों के क्रम को ठीक करके वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | मैदान में खेल रहे हैं बच्चे | = | **बच्चे मैदान में खेल रहे हैं।** |
| (ख) | बुद्धिमान है औरत विमला | = | **विमला बुद्धिमान औरत है।** |
| (ग) | लाल रंग का है होता सेब | = | **सेब लाल रंग का होता है।** |
| (घ) | राजा जंगल का है शेर | = | **शेर जंगल का राजा है।** |
| (ङ) | खिलाड़ी है एक राहुल | = | **राहुल एक खिलाड़ी है।** |

5. **निम्नलिखित वर्णों को उचित क्रम में लिखकर सार्थक शब्द बनाइए–**

**उत्तर–**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | ता ब कि | = | **किताब** | (ख) | कि इ सा ल | = | **साइकिल** |
| (ग) | छ म ली | = | **मछली** | (घ) | थी हा | = | **हाथी** |
| (ङ) | रा क म | = | **कमरा** | (च) | क न म | = | **नमक** |
| (छ) | र म ट | = | **मटर** | (ज) | ल य वि द् या | = | **विद्यालय** |

6. **निम्नलिखित वाक्यों में से उद्देश्य व विधेय छाँटकर लिखिए–**

**उत्तर–**

| | **उद्देश्य** | **विधेय** |
|---|---|---|
| (क) | घोड़ा | दौड़ रहा है। |
| (ख) | लड़के | खेल रहे हैं। |
| (ग) | प्रिया | प्रतिदिन विद्यालय जाती है। |
| (घ) | चंद्रमा | रात में निकलता है। |

# 4 संज्ञा

## अभ्यास

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**उत्तर–** (क) **परिभाषा–**किसी प्राणी, वस्तु, स्थान, अवस्था या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।

(ख) मुख्य रूप से संज्ञा के तीन भेद होते हैं–
1. व्यक्तिवाचक संज्ञा, 2. जातिवाचक संज्ञा, 3. भाववाचक संज्ञा।

(ग) **परिभाषा–**किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम को व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं।

(घ) **परिभाषा–**किसी प्राणी या वस्तु के गुण-दोष, भाव, दशा या स्वभाव आदि का बोध कराने वाले शब्दों को भाववाचक संज्ञा कहते हैं।

(ङ) **परिभाषा–**जिस संज्ञा शब्द से किसी संपूर्ण जाति का ज्ञान होता है, उसे जातिवाचक संज्ञा कहते हैं।

**2. बॉक्स में से शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

**उत्तर–** (क) किसी विशेष वस्तु, व्यक्ति, स्थान अथवा भाव के नाम को **संज्ञा** कहते हैं।
(ख) सभी प्रकार के नामों को **व्यक्तिवाचक संज्ञा** कहा जाता है।
(ग) भाववाचक संज्ञा को केवल **अनुभव** ही किया जा सकता है।
(घ) 'ईमानदारी' शब्द **भाववाचक** संज्ञा को प्रदर्शित करता है।
(ङ) संज्ञा **तीन** प्रकार की होती है।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में आए संज्ञा शब्दों को रेखांकित कीजिए–**

**उत्तर–** (क) रामायण हिंदुओं का पवित्र ग्रंथ है।
(ख) गाय हमारे लिए बहुत लाभदायक है।
(ग) लड़के पुस्तक पढ़ रहे हैं।
(घ) मोर हमारा राष्ट्रीय पक्षी है।
(ङ) ताजमहल एक सुंदर इमारत है।

**4. निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञाएँ बनाइए–**

**उत्तर–**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | भला | = | **भलाई** | (ख) | पढ़ना | = | **पढ़ाई** |
| (ग) | गरीब | = | **गरीबी** | (घ) | वीर | = | **वीरता** |
| (ङ) | अच्छा | = | **अच्छाई** | (च) | चौड़ा | = | **चौड़ाई** |
| (छ) | ईमानदार | = | **ईमानदारी** | (ज) | प्रसन्न | = | **प्रसन्नता** |

**5. निम्नलिखित संज्ञा शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–** (क) बगीचा – हमारे विद्यालय में एक सुंदर बगीचा है।
(ख) हाथी – सरकस में हाथी नाच रहा था।
(ग) मोर – मोर वर्षा में नाचता है।
(घ) पढ़ाई – हिन्दी की पढ़ाई कई विद्यालयों में होती है।
(ङ) ईमानदारी – ईमानदारी एक प्रमुख गुण है।

## 5 लिंग

### अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) **परिभाषा–**शब्द के जिस रूप से पुरुष या स्त्री जाति होने का पता चले, उसे लिंग कहते हैं।
(ख) मुख्य रूप से लिंग दो प्रकार के होते हैं– 1. पुल्लिंग, 2. स्त्रीलिंग
जैसे गाय, बैल आदि।
(ग) **पुल्लिंग–**जो संज्ञा शब्द पुरुष (नर) जाति का बोध कराते हैं, उन्हें पुल्लिंग कहते हैं; जैसे–आकाश, सूरज, आदमी, लड़का, राजा, पत्थर, मोर, समुद्र तथा तालाब आदि।
(घ) **स्त्रीलिंग–**जो संज्ञा शब्द स्त्री (मादा) जाति का बोध कराते हैं, उन्हें स्त्रीलिंग कहते हैं; जैसे–बुढ़िया, रानी, गायिका, टोपी, पृथ्वी, महिमा, माता, दादी, नर्स, अध्यापिका, चाँदी तथा नदी आदि।

**2. निम्नलिखित शब्दों के पुल्लिंग रूप लिखिए–**

**उत्तर–** (क) गायिका = **गायक** (ख) दादी = **दादा**
(ग) वधू = **वर** (घ) छात्रा = **छात्र**
(ङ) बहन = **भाई** (च) नौकरानी = **नौकर**
(छ) श्रीमती = **श्रीमान** (ज) बुढ़िया = **बूढ़ा**

**3. निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन शब्दों के लिंग बदलकर वाक्यों को पुनः लिखिए–**

**उत्तर–** (क) राजा सिंहासन पर बैठा है। **रानी सिंहासन पर बैठी है।**
(ख) बाघ ने हिरन का शिकार किया। **बाघिन ने हिरन का शिकार किया।**
(ग) बाग में मोरनी नाच रही है। **बाग में मोर नाच रहा है।**
(घ) दादी जी रामायण पढ़ रही हैं। **दादाजी रामायण पढ़ रहे है।**
(ङ) अध्यापक बालक को पढ़ाते हैं। **अध्यापिका बालक को पढ़ाती है।**

**4. निम्नलिखित पुल्लिंग और स्त्रीलिंग शब्दों का उचित मिलान कीजिए–**

| | पुल्लिंग | | स्त्रीलिंग | | पुल्लिंग | | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **उत्तर–** (क) | नर | (i) | नारी | (ङ) | दास | (v) | दासी |
| (ख) | पिता | (ii) | माता | (च) | विद्वान | (vi) | विदुषी |
| (ग) | वर | (iii) | वधू | (छ) | ग्वाला | (vii) | ग्वालिन |
| (घ) | गुड्डा | (iv) | गुड़िया | (ज) | सेवक | (viii) | सेविका |

# 6 वचन

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) शब्द के जिस रूप से संज्ञा या सर्वनाम के एक अथवा एक से अधिक होने का पता चले, उसे वचन कहते हैं।
(ख) वचन दो प्रकार के होते हैं- 1. एकवचन 2. बहुवचन
(ग) एकवचन- जिस संज्ञा शब्द से एक वस्तु या प्राणी का बोध होता है, उसे एकवचन कहते हैं। जैसे-रुपया, किताब, पंखा, लड़की, तोता, गुड़िया आदि।
(घ) बहुवचन- जिस संज्ञा शब्द से एक से अधिक वस्तुओं या प्राणियों का बोध होता है, उसे बहुवचन कहते हैं। जैसे-रुपये, किताबें, पंखे, लड़कियाँ, तोते, गुड़ियाँ आदि।

**2. बॉक्स में से शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** (क) एक संख्या का बोध कराने वाले शब्दों को **एकवचन** कहते हैं।
(ख) वचन **दो** प्रकार के होते हैं।
(ग) 'पत्तियाँ' शब्द **बहुवचन** है।
(घ) रवि के पास दो दर्जन **केले** हैं।

**3. निम्नलिखित संज्ञा शब्दों के वचन बदलिए–**

**उत्तर–** (क) माता **माताएँ** (ख) गाड़ी **गाड़ियाँ**
(ग) आँखें **आँख** (घ) गमले **गमला**

(ङ) गधे **गधा** (च) घोड़ा **घोड़े**
(छ) मछलियाँ **मछली** (ज) ताले **ताला**
(झ) गाड़ियाँ **गाड़ी**

**4. निम्नलिखित वाक्यों में कौन-से वचन का प्रयोग हुआ है? सामने लिखिए–**

**उत्तर–** (क) लड़का पढ़ाई कर रहा है। **एकवचन**
(ख) अध्यापिका जी पढ़ा रही हैं। **एकवचन**
(ग) नाना जी दिल्ली जा रहे हैं। **एकवचन**
(घ) नेहा चित्र बना रही है। **एकवचन**

**5. संज्ञा शब्दों के एकवचन रूप का उनके बहुवचन रूप से उचित मिलान कीजिए–**

**उत्तर–** पौधा **पौधे**
पुस्तक **पुस्तकें**
माला **मालाएँ**
चिड़िया **चिड़ियाँ**
तितली **तितलियाँ**

## 7 कारक

### अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) क्रिया से सीधा संबंध रखने वाले विभक्ति युक्त पद कारक कहलाते हैं।
(ख) मुख्य रूप से हिंदी में आठ प्रकार के कारक हैं-
1. कर्ता कारक 2. कर्म कारक
3. करण कारक 4. संप्रदान कारक
5. अपादान कारक 6. संबंध कारक
7. अधिकरण कारक 8. संबोधन कारक
(ग) विभक्ति-कारक का बोध कराने वाले चिह्नों को विभक्ति कहा जाता है।

**2. रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) निधि **ने** नृत्य किया। (ख) श्याम **का** घर पास ही है।
(ग) वृक्ष **पर** पक्षी बैठे हैं। (घ) उस **का** भाई आया है।
(ङ) दूध **में** पानी अधिक है। (च) वे सौरभ **के लिए** खिलौने लाए हैं।
(छ) मेज **पर** मत चढ़ो।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में कारक चिह्नों को रेखांकित कीजिए–**

**उत्तर–** (क) पेड़ <u>से</u> फल गिरता है। (ख) बढ़ई <u>ने</u> आरी <u>से</u> लकड़ी <u>को</u> काटा।
(ग) बच्चे <u>को</u> दूध दो। (घ) प्रीति <u>के</u> पापा अध्यापक हैं।
(ङ) बच्चे <u>के लिए</u> भोजन लाओ। (च) <u>अरे</u> विभु! यहाँ आओ।
(छ) रोहित बस <u>से</u> विद्यालय जाता है। (ज) डाल <u>पर</u> पक्षी बैठा है।

# 8 सर्वनाम

## अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) संज्ञा शब्दों के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं। जैसे– मैं रोज मंदिर जाता हूँ।

(ख) मुख्य रूप से सर्वनाम के छह भेद होते हैं-

1. पुरुषवाचक सर्वनाम-ये प्रमुख हैं-मैं, हम, तुम, वह, वे, आप।
2. निश्चयवाचक सर्वनाम-ये प्रमुख हैं-यह, ये, वह, वे।
3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम-ये प्रमुख हैं-कोई, कुछ, किसी आदि।
4. संबंधवाचक सर्वनाम-ये प्रमुख हैं-जो, जैसा, वैसा आदि।
5. प्रश्नवाचक सर्वनाम-ये प्रमुख हैं-कौन, क्या, किसे, किसको आदि।
6. निजवाचक सर्वनाम-ये प्रमुख हैं-आप, स्वयं, अपने आप आदि।

**2. बॉक्स में से शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** (क) दाल में **कुछ** पड़ा है। (ख) **वे** पढ़ रहे हैं।

(ग) **यह** मेरी किताब है। (घ) सोहन **क्या** लाया है?

**3. सत्य अथवा असत्य लिखिए–**

उत्तर– (क) असत्य (ख) सत्य (ग) असत्य

(घ) सत्य (ङ) असत्य (च) सत्य

**4. निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | मैं अपनी बहन के साथ विद्यालय जा रही हूँ। | **मैं** |
| (ख) | हम दिल्ली में रहते हैं। | **हम** |
| (ग) | कल तुम कहाँ थे? | **तुम, कहाँ** |
| (घ) | तुम्हारी पेंसिल कहाँ है? | **तुम्हारी, कहाँ** |
| (ङ) | जो जैसा करेगा, वैसा भरेगा। | **जो जैसा, वैसा** |
| (च) | आप कौन हैं? | **आप, कौन** |

**5. निम्नलिखित सर्वनामों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | वह | **वह रोज नमाज़ पढ़ता है।** |
| (ख) | आप | **आप अन्दर आ सकते हैं।** |
| (ग) | उसका | **उसका भाई एक सैनिक है।** |
| (घ) | तुम | **तुम विद्यालय में कहाँ बैठते हो?** |
| (ङ) | वे | **वे डाकू कभी भी आ सकते हैं।** |

**6. निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन शब्दों के स्थान पर सर्वनाम शब्द लिखिए–**

**उत्तर–** (क) **वह** बुद्धिमान लड़की है।

(ख) नमन के पिता जी ने रवि से पूछा, ''**तुम** क्या कर रहे हो?''

(ग) **वे दोनों** आपस में मित्र हैं।

(घ) **मैंने अपनी** चाची से कहा, ''आप बहुत अच्छी हैं।''

(ङ) उसका नाम रजत है। **वह** मोहन का भाई है।

9

# विशेषण

## अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं। विशेषता बताने वाले कुछ अन्य उदाहरण हैं-खट्टा नींबू, लाल कमीज, मोटा आदमी।

(ख) विशेषण जिन संज्ञा या सर्वनामों की विशेषता बताते हैं, उन्हें विशेष्य कहते हैं।

(ग) विशेषण के पाँच भेद होते हैं-

1. गुणवाचक विशेषण
2. संख्यावाचक विशेषण
3. परिमाणवाचक विशेषण
4. संकेतवाचक विशेषण
5. व्यक्तिवाचक विशेषण

**2. बॉक्स में से शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** (क) सेब का रंग **लाल** होता है। (ख) यह गुलाब बहुत **सुंदर** है।
(ग) यह लड़की **दो** घंटे पहले आई थी। (घ) उसने **नीली** फ्रॉक पहन रखी है।
(ङ) चाय **गरम** है।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण और विशेष्य अलग-अलग छाँटकर लिखिए–**

**उत्तर–**

| | विशेषण | विशेष्य | | विशेषण | विशेष्य |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | **घना** | **जंगल** | (ख) | **कुछ** | **लोग** |
| (ग) | **दो किलो** | **चीनी** | (घ) | **पतली** | **लड़की** |
| (ङ) | **मीठा** | **सेब** | | | |

**4. निम्नलिखित वाक्यों में आए विशेषणों को रेखांकित कीजिए–**

**उत्तर–** (क) <u>सफेद</u> खरगोश <u>बहुत तेज</u> दौड़ा। (ख) वह आदमी <u>बहुत</u> मोटा है।
(ग) <u>लाल</u> कोट <u>सुंदर</u> लग रहा है। (घ) लोमड़ी <u>बहुत चालाक</u> होती है।
(ङ) यह आम <u>बहुत</u> मीठा है। (च) नेहा आज <u>बहुत खुश</u> है।
(छ) मुझे <u>दो किलो</u> सब्जी चाहिए। (ज) राजीव <u>बहुत प्यासा</u> था।
(झ) कमीज का रंग <u>नीला</u> है। (ञ) उसकी कार <u>महँगी</u> है।

**5. निम्नलिखित शब्दों से उचित विशेषण बनाइए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | प्यास | **प्यासा** | (ख) | मास | **मासिक** |
| (ग) | भारत | **भारतीय** | (घ) | गुण | **गुणी** |
| (ङ) | दिन | **दैनिक** | (च) | धन | **धनी** |
| (छ) | दया | **दयालु** | (ज) | लोभ | **लोभी** |
| (झ) | दुख | **दुखी** | (ञ) | धर्म | **धार्मिक** |

**6. नीचे कुछ विशेषण दिए गए हैं। चित्रों की सहायता से सही संज्ञा शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | बूढ़ी | **औरत** | (ख) | शरारती | **बंदर** |
| (ग) | चार | **गिलास** | (घ) | पीला | **आम** |
| (ङ) | गरम | **पानी** | (च) | लाल | **साड़ी** |
| (छ) | टूटा | **गिलास** | (ज) | दो | **लड़कियाँ** |

# 10 क्रिया

### अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) जिस शब्द से किसी कार्य के करने या होने का पता चले, उसे क्रिया कहते हैं।

(ख) क्रिया के मुख्य रूप से दो भेद होते हैं– 1. सकर्मक क्रिया तथा 2. अकर्मक क्रिया।

(ग) सकर्मक क्रिया-जिन क्रियाओं के साथ कर्म होता है, उन्हें सकर्मक क्रिया कहते हैं; जैसे-माता जी खाना बनाती हैं।

**प्रश्न**-माता जी क्या बनाती हैं? **उत्तर**-माता जी खाना बनाती हैं।

'क्या' प्रश्न करने पर 'खाना' उत्तर मिला।

अतः क्रिया 'बनाती है', कर्म सहित अर्थात् सकर्मक है।

(घ) अकर्मक क्रिया-जिन क्रियाओं का कोई कर्म न हो, वे अकर्मक क्रिया कहलाती हैं; जैसे-लड़का सोता है।

**प्रश्न**-क्या सोता है? **उत्तर**-✗

यहाँ उत्तर में कर्म प्राप्त नहीं होता।

यहाँ पर क्रिया में कर्म नहीं है। अतः 'सोता है' क्रिया अकर्मक है।

**2. निम्नलिखित वाक्यों में आए क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिए–**

**उत्तर–** (क) **पढ़ना** (ख) **सोना** (ग) **गिरना**

(घ) **जाना** (ङ) **नाचना** (च) **खेलना**

(छ) **खाना**

**3. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त क्रिया सकर्मक है या अकर्मक, लिखिए–**

**उत्तर–** (क) **सकर्मक** (ख) **अकर्मक** (ग) **सकर्मक**

(घ) **अकर्मक** (ङ) **सकर्मक** (च) **अकर्मक**

(छ) **सकर्मक** (ज) **अकर्मक** (झ) **सकर्मक**

# 11 काल

### अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) क्रिया के जिस रूप से कार्य के होने के समय का बोध हो, उसे काल कहते हैं।

(ख) काल के तीन भेद होते हैं- 1. भूतकाल, 2. वर्तमान काल, 3. भविष्यत् काल

(ग) भूतकाल-क्रिया का वह रूप जो कार्य के बीते हुए समय में होने का बोध कराता है, भूतकाल कहलाता है; जैसे-राम ने रावण को मारा।

(घ) वर्तमान काल-क्रिया का वह रूप जो यह बताता है कि कार्य वर्तमान समय में हो रहा है; वर्तमान काल कहलाता है; जैसे-रजत पुस्तक पढ़ रहा है।

(ङ) भविष्यत् काल-क्रिया का वह रूप जो कार्य के आने वाले समय में होने का बोध कराता है, भविष्यत् काल कहलाता है; जैसे-कल हम मेला देखने जाएँगे।

**2. निम्नलिखित वाक्यों में किस काल का प्रयोग हुआ है? लिखिए–**

**उत्तर–** (क) भूतकाल (ख) भविष्यत् काल (ग) भूतकाल

(घ) वर्तमान काल (ङ) वर्तमान काल

**3. निम्नलिखित वाक्यों को तीनों कालों में लिखिए–**

**उत्तर–** (क) नेहा हँस रही थी।
नेहा हँस रही है।
नेहा हँसेगी।

(ख) सुमन गा **रही थी।**
समुन गा रही है।
सुमन गा रही होगी?

(ग) राधा पढ़ **रही है।**
**राधा पढ़ रही थी।**
**राधा पढ़ेगी।**

(घ) हम कल ताजमहल देखने **जायेंगें?**
**हम कल ताजमहल देख रहे थे?**
**हम कल ताजमहल देखते है।**

**4. निर्देशानुसार क्रिया का उचित रूप लिखकर वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–** (क) धोबिन — **धोबिन कपड़े धो रही है।**
(ख) राहुल — **राहुल मेरे घर आया था।**
(ग) माता जी — **माता जी खाना बनायेंगीं।**
(घ) उसने कल पुस्तकें — **उसने कल पुस्तकें खरीदीं।**

# 12 अव्यय

## अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) जिन शब्दों में लिंग, वचन, पुरुष, काल आदि के कारण कोई परिवर्तन नहीं होता, उन्हें अव्यय शब्द कहते हैं।

(ख) समुच्चयबोधक-दो शब्दों या वाक्यों को जोड़ने वाले शब्द समुच्चयबोधक अव्यय कहलाते हैं; जैसे-रोहित और विवेक मित्र हैं।

(ग) संबंधबोधक-जो अव्यय शब्द संज्ञा या सर्वनाम का संबंध वाक्य के दूसरे शब्दों के साथ जोड़ते हैं, वे संबंधबोधक अव्यय कहलाते हैं; जैसे-पिता के साथ पुत्र बाजार गया।

(घ) विस्मयादिबोधक-ये अव्यय शब्द घृणा, हर्ष, विस्मय, दुख आदि मन के भावों को प्रकट करते हैं; जैसे-हाय! मेरी साइकिल चोरी हो गई।

**2. बॉक्स में से शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**उत्तर–** (क) मेज के **सामने** कुर्सी रखी है।
(ख) **वाह!** तुमने तो कमाल कर दिया।
(ग) हिरन बहुत **तेज** भागता है।
(घ) दो **और** दो चार होते हैं।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में से अव्यय शब्द अलग करके लिखिए–**

**उत्तर–** (क) **के साथ**
(ख) **छिः! छिः!**
(ग) **के भीतर**
(घ) **जल्दी**

**4. निम्नलिखित अव्यय शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–** (क) और — **राम और श्याम भाई हैं।**
(ख) अहा! — **अहा! मजा आ गया गर्मा गर्म चाय पीकर।**
(ग) के सामने — **मेरे घर के सामने सड़क है।**
(घ) अथवा — **मोर अथवा तोते का चित्र बना दो।**

# 13 विलोम शब्द

**अभ्यास**

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) जिन शब्दों के द्वारा विपरीत अर्थ का बोध हो, उन्हें विलोम शब्द कहते हैं।

(ख) विपरीतार्थक शब्द

2. **निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन शब्दों के विलोम शब्द लिखकर रिक्त स्थान भरिए**

**उत्तर–** (क) सूर्य पूरब से **उदय** होता है और पश्चिम में अस्त होता है।

(ख) हमें बड़ों का आदर करना चाहिए न कि **निरादर** ।

(ग) नेहा छोटी और रीमा **बड़ी** बहन है।

3. **निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | प्रकाश | **अंधकार** | (ख) | जीवन | **मृत्यु** |
| (ग) | सच्चा | **झूठा** | (घ) | खरीदना | **बेचना** |
| (ङ) | काला | **सफेद** | (च) | पाप | **पुण्य** |

# 14 पर्यायवाची शब्द

**अभ्यास**

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) समान अर्थ प्रकट करने वाले शब्द पर्यायवाची शब्द कहलाते हैं।

(ख) पर्यायवाची शब्दों को हम समानार्थी शब्द भी कहते हैं।

2. **निम्नलिखित शब्दों के उचित पर्यायवाची शब्द पर (✓) लगाइए–**

**उत्तर–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | बंदर | कुसुम | कपि **(✓)** | दृग |
| (ख) | तालाब | सरोवर **(✓)** | सागर | भारी |
| (ग) | फूल | अंबर | धरा | पुष्प **(✓)** |
| (घ) | पानी | जलद | जल **(✓)** | सदन |

3. **समान अर्थ वाले शब्दों का उचित मिलान कीजिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| आग | **अनल** | माता | **जननी** |
| पर्वत | **पहाड़** | मनुष्य | **मानव** |
| चंद्रमा | **शशि** | बगीचा | **बाग** |

# 15 अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

**अभ्यास**

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) भाषा में कम शब्दों में अधिक बात कहने से भाषा प्रभावशाली हो जाती है। इसके लिए ही अनेक शब्दों के लिए एक शब्द का प्रयोग होता है?

(ख) सुनार/स्वर्णकार

**2. निम्नलिखित का उचित मिलान कीजिए–**

**उत्तर–** (क) जो सेना में काम करता है — सैनिक
(ख) जो खेती करता है — किसान
(ग) लकड़ी का काम करने वाला — बढ़ई
(घ) जो मांस खाता हो — मांसाहारी
(ङ) जो कपड़े सिलता है — दरजी
(च) जो गाना गाता है — गायक

**3. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक-एक शब्द लिखिए–**

**उत्तर–** (क) **लुहार** (ख) **रसोईया** (ग) **हलवाई**
(घ) **वार्षिक** (ङ) **नागिरक**

**4. निम्नलिखित शब्दों के लिए अनेक शब्द लिखिए–**

**उत्तर–** (क) आस्तिक — **जो ईश्वर में विश्वास रखता है।**
(ख) अल्पाहारी — **कम खाने वााला**
(ग) प्रत्यक्ष — **जो आँखों के सामने हो**
(घ) स्वार्थी — **स्वयं का हित चाहने वाला**

# 16 मुहावरे

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित मुहावरों का उनके अर्थ से मिलान कीजिए–**

**उत्तर–** (क) आग-बबूला होना — **(iii) अत्यधिक क्रोधित होना**
(ख) अंधे की लाठी — **(i) एकमात्र सहारा**
(ग) ईद का चाँद होना — **(iv) बहुत दिनों के बाद दिखाई देना**
(घ) नौ दो ग्यारह होना — **(ii) भाग जाना**

**2. सही अर्थ चुनकर मुहावरों के सामने लिखिए–**

**उत्तर–** (क) **निरक्षर** (ख) **बहुत भूख लगना** (ग) **गुस्सा होना**
(घ) **बहुत शोर मचाना।** (ङ) **भूख याद रखना**

**3. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए उचित मुहावरे लिखिए–**

**उत्तर–** (क) **धूल चटाना** (ख) **पीठ थपथपाना** (ग) **कीचड़ उछालना**
(घ) **तैयार होना** (ङ) **आँखों का तारा**

# 17 खंड 'ख' : रचना — पत्र-लेखन

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**उत्तर–** (क) पत्र अपनी बातों या विचारों को दूसरों तक पहुँचाने का एक सरल माध्यम होता है। पत्र द्वारा हम अपने विचारों को लिखकर आसानी से व्यक्त कर सकते हैं।
(ख) पत्र-लेखन में निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए-
1. पत्र की भाषा सरल होनी चाहिए।

2. पत्र अधिक लंबा नहीं होना चाहिए।
3. पत्र की विषय-वस्तु स्पष्ट होनी चाहिए।

**2. लिखिए–**

**उत्तर– (क) अपने पिता का स्वास्थ्य जानने के लिए पत्र लिखिए।**

170, रामनगर
दिनांक : ...............
आदरणीय पिताजी,
सादर प्रणाम!
बड़े भैय्या का पत्र पढ़कर ज्ञात हुआ कि कुछ दिनों से आपका स्वास्थ्य ठीक नही है। मुझे सुनकर बहुत चिंता हुई। आशा है आप अब पहले से कुशल होंगे। अपना ध्यान रखे और समय पर दवा लेते रहें। आपके पत्र की प्रतीक्षा रहेगी।
शेष कुशल। आदरणीय माता जी को मेरा प्रणाम।
आपका प्यारा
आशीष

**(ख) कक्षा में श्यामपट्ट लगवाने के लिए प्रधानाचार्य को पत्र**

सेवा में,
प्रधानाचार्य महादेय
भारत-भारती विद्यालय
मेरठ।
**विषय–**कक्षा में श्यामपट्ट लगवाने हेतु प्रार्थना पत्र
महोदय,
निवेदन है कि हमारी कक्षा में एक पुराना श्यामपट्ट लगा है, जिस पर अध्ययन-ध्यापन में बहुत कठिनाई आती है आपसे निवेदन है कि आप अति शीघ्र कक्षा में नया श्यामपट्ट लगवाने की व्यवस्था करें। आपकी अति कृपा होगी।
धन्यवाद!
आपकी आज्ञाकारी शिष्या
महिमा चौधरी
कक्षा–2 (स)
दिनांक : ..........

# 18 कहानी-लेखन

**अभ्यास**

- **निम्नलिखित शीर्षकों पर कहानियाँ लिखिए–**

**उत्तर– (ग) एकता में बल**

एक नगर में एक बूढ़ी औरत रहती थी। उसके चार बेटे थे। वे सब आये दिन किसी ना किसी बात को लेकर झगड़ा करते थे। बुढ़िया अब बीमार रहने लगी। और उसे अपने पुत्रों की पिंता सताने लगी। एक दिन उसने अपने चारों बेटों को बुलाकर कहा–"मैं

तुम सबको यह लकड़ी का गट्‌ठर देती हूँ, जो भी इस गट्‌ठर को तोड़ देगा, उसे मैं अपनी सारी संपत्ति दे दूँगी।'' ये सुनकर चारो बेटे खुश हो गये और एक-एक करके उस लकड़ी के गट्‌ठर को तोड़ने की कोशिश करने लगे। परंतु किसी से भी वह गट्‌ठर नहीं टूटा। जब वो हार गये तो बुढ़िया ने वो लकड़ी का गट्‌ठर खोल दिया और एक-एक करके वो सारी लकड़ियाँ तोड़ दी। तब बुढ़िया ने कहा–''देखा तुमने! एक साथ होने पर कोई भी लकड़ी नहीं टूटी लेकिन अलग-अलग होने पर आसानी से टूट गईं।'' उसके बेटे अब एकता की शक्ति समझ चुके थे।

**(घ) जैसे को तैसा**

किसी गाँव में एक गरीब बुढ़िया रहती थी। एक बार बुढ़िया साहूकार से कुछ धन उधार लेने गई। उसने कहा–''चंपक बेटा मुझे कुछ रूपये उधार चाहिए।'' चंपक काफी धूर्त था। उसने जेब में हाथ डाला और कहा–''फिलहाल मेरे पास कुछ नहीं है। मैं दान करके आ गया हूँ।'' बुढ़िया को उसका टका सा जवाब बिल्कुल अच्छा नहीं लगा। कुछ दिन बाद अचानक चंपक बुढ़िया के घर आया और कहा–''अम्मा! जल्दी आओ! मेरे बेटे की तबियत बहुत खराब है तुम सारे गाँव में सबसे अच्छी जड़ी-बूटी रखती हो। मेरे साथ चलो।'' बुढ़िया ने अपनी पोटली टटोली और कहा–''फिलहाल मेरे पास कुछ नही है, मैं किसी का इलाज करके आई हूँ।'' चंपक बुढ़िया की बात सुनकर लज्जित हो गया। उसने फिर बुढ़िया से क्षमा मांगी।

# 19 निबन्ध-लेखन

**अभ्यास**

- **निम्नलिखित शीर्षकों पर निबंध लिखिए–**

**उत्तर– (क) गणतंत्र दिवस**

गणतंत्र दिवस भारत का एक प्रमुख राष्ट्रीय त्यौहार है। प्रत्येक वर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। इस दिन राष्ट्रीय अवकाश होता हैं भारत के राष्ट्रपति ध्वाजारोहण करते हैं और राजपथ पर होने वाली परेड की सलामी लेते हैं। विद्‌यालयों में इस दिन तिरंगा झण्डा फहराकर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। सभी लोग मिठाई बाँटकर खुशियाँ मनाते हैं। देश के शहीदों के नाम दीप प्रजवल्लित किये जाते हैं। इस दिन अपने देश और उसके संविधान के प्रति सदैव निष्ठावान रहने का संकल्प करना चाहिए।

**(ख) दशहरा**

दशहरा हिन्दुओं का प्रमुख त्यौहार है। यह पर्व नवरात्र की नवमी के अगले दिन अर्थात् दशमी को मनाया जाता ह। मान्यता है कि इसी दिन भगवान राम ने अत्याचारी रावण का वध किया था। इसलिए इस पर्व को विजयादशमी भी कहते है। इस दिन रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के बड़े-बड़े पुतले जलाये जाते हैं। लोग अपने घरों की देहरी पर पाँच दीपक जलाते हैं हमें इस दिन अपने अंदर की बुराई रूपी रावण को मारने का संकल्प लेना चाहिए। यह सच्चे अर्थ में दशहरे का पर्व होगा।

1 खंड 'क' : व्याकरण

# भाषा, लिपि और व्याकरण

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) हम अपने विचारों को बोलकर या लिखकर प्रकट करते हैं।

(ख) भाषा वह माध्यम है, जिसके द्वारा हम अपने विचारों का आदान-प्रदान करते हैं।

(ग) भाषा के ध्वनि चिह्न जिस लिखित रूप में लिखे जाते हैं, उसे लिपि कहते हैं।

(घ) हिंदी जिस लिपि में लिखी जाती है, उसे देवनागरी लिपि कहते हैं।

- संस्कृत, नेपाली और मराठी भी देवनागरी लिपि में लिखी जाती हैं।
- अंग्रेजी रोमन लिपि में लिखी जाती है।
- पंजाबी गुरुमुखी लिपि में लिखी जाती है।
- उर्दू फारसी लिपि में लिखी जाती है।

**2. बॉक्स में से शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) संसार में **अनेक** भाषाएँ बोली जाती हैं।

(ख) **तमिल** एक भारतीय भाषा है।

(ग) **अंग्रेजी** एक विदेशी भाषा है।

(घ) **व्याकरण** हमें भाषा का सही प्रयोग सिखाता है।

(ङ) हिंदी हमारी **राजभाषा** है।

**3. सत्य अथवा असत्य लिखिए–**

**उत्तर–** (क) असत्य (ख) असत्य (ग) असत्य (घ) सत्य (ङ) सत्य

2

# वर्ण-विचार

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) ध्वनियों को लिखने के लिए प्रयुक्त निश्चित चिह्नों को वर्ण कहते हैं।

(ख) वर्णों के दो भेद होते हैं-1. स्वर 2. व्यंजन

(ग) क्ष, त्र, ज्ञ और श्र संयुक्त व्यंजन हैं। दो व्यंजनों के संयोग से बनने के कारण, इन्हें संयुक्त व्यंजन कहा जाता है; जैसे-

क्ष = क् + ष – क्षय, क्षत्रिय, क्षमा ज्ञ = ज् + ञ – यज्ञ, ज्ञान, ज्ञात

(घ) अनुस्वार वह ध्वनि है, जिसका उच्चारण केवल नासिका द्वारा होता है, परंतु अनुनासिक ध्वनि का उच्चारण नाक और मुख, दोनों से किया जाता है।

**2. बॉक्स में से शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) वर्णों के क्रमबद्ध समूह को **वर्णमाला** कहते हैं।

(ख) स्वर-ध्वनि की सहायता से बोले जाने वाले वर्ण **व्यंजन** कहलाते हैं।

(ग) स्वरों की संख्या **ग्यारह** होती है।

(घ) अनुस्वार वह ध्वनि है जिसका उच्चारण केवल **नाक** से होता है।

3. **निम्नलिखित ध्वनियों को जोड़कर शब्द बनाइए–**

**उत्तर–** (क) ब् + आ + ल् + इ + क् + आ = **बालिका**

(ख) म् +ओ + र् + अ = **मोर**

(ग) च् + ओ + ट् + ई = **चोटी**

(घ) स् + ऊ + र् + अ + ज् + अ = **सूरज**

4. **सत्य अथवा असत्य लिखिए–**

**उत्तर–** (क) सत्य (ख) असत्य (ग) असत्य (घ) सत्य (ङ) सत्य

5. **निम्नलिखित मात्राओं के सामने उनके स्वर लिखिए–**

**उत्तर–**

| **मात्रा** | **स्वर** | **मात्रा** | **स्वर** |
|---|---|---|---|
| ी | **ई** | ि | **इ** |
| ो | **ओ** | ू | **ऊ** |
| ु | **उ** | ौ | **औ** |
| ा | **आ** | े | **ए** |
| ृ | **ऋ** | ै | **ऐ** |

# 3 शब्द और वाक्य

**अभ्यास**

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) दो या दो से अधिक वर्ण मिलकर जब एक निश्चित अर्थ देते हैं, तो शब्द कहलाते हैं। उदाहरण–लड़की, बगीचा, तालाब आदि।

(ख) शब्दों को चार आधारों पर बाँटा गया है-

1. उत्पत्ति के आधार पर
2. रचना के आधार पर
3. प्रयोग के आधार पर
4. अर्थ के आधार पर।

(ग) रचना के आधार पर-रचना के आधार पर शब्द तीन प्रकार के होते हैं– (क) रूढ़ शब्द, (ख) यौगिक शब्द, (ग) योगरूढ़ शब्द

(घ) वह सार्थक शब्द-समूह जो किसी विषय का पूर्ण भाव प्रकट करता है, वाक्य कहलाता है।

2. **बॉक्स में से शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए-**

**उत्तर–** (क) **पक्षी** पेड़ पर बैठे हैं।

(ख) **दरजी** कपड़े सिलता है।

(ग) **बढ़ई** मेज बनाता है।

(घ) **बिल्ली** दूध पीती है।

(ङ) **घोड़ा** घास चरता है।

(च) **अध्यापक** ने मुझे डाँटा।

3. **सत्य अथवा असत्य लिखिए-**

**उत्तर–** (क) असत्य (ख) सत्य (ग) असत्य (घ) सत्य

4. **निम्नलिखित वर्ण-समूहों में जिसे आप शब्द समझते हैं, उस पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

**उत्तर–**

| (क) | (ख) | (ग) |
|---|---|---|
| पोधा | रटम | नअरा |
| पौधा **(✓)** | टमर | अनार **(✓)** |
| धापौ | मटर **(✓)** | नारअ |

(घ) रंदब<br>दंबर<br>बंदर **(✓)**　　(ङ) कानम<br>नकाम<br>मकान **(✓)**　　(च) यलको<br>लयको<br>कोयल **(✓)**

| (घ) | (ङ) | (च) |
|---|---|---|
| रंदब | कानम | यलको |
| दंबर | नकाम | लयको |
| बंदर **(✓)** | मकान **(✓)** | कोयल **(✓)** |

**5. निम्नलिखित में से सार्थक और निरर्थक शब्दों को अलग करके लिखिए–**

**उत्तर–**

| **सार्थक शब्द** | | **निरर्थक शब्द** | |
|---|---|---|---|
| कलम | कैंची | वलम | वोटी |
| तोता | नानी | वापी | वाल |
| भोजन | जाल | वाय | वानी |
| चंदा | चाट | वपड़ा | वकली |
| चाय | पानी | वंदा | वोता |
| कॉपी | रोटी | वोजन | वाट |

**6. निम्नलिखित वर्णों का क्रम ठीक करके सार्थक शब्द बनाइए–**

**उत्तर–**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | क क्ष शि | – | **शिक्षक** | (ङ) | रा ब क | – | **बकरा** |
| (ख) | ड़ का ल | – | **लड़का** | (च) | श गो र ख | – | **खरगोश** |
| (ग) | य गा | – | **गाय** | (छ) | भ शु म | – | **शुभम** |
| (घ) | र सी कु | – | **कुरसी** | (ज) | ला ब गु | – | **गुलाब** |

# 4 संज्ञा

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) किसी प्राणी, वस्तु, स्थान तथा भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं। जैसे–ताजमहल, लड़का, शेर आदि।

(ख) संज्ञा के तीन भेद होते हैं–


1. व्यक्तिवाचक संज्ञा　　2. जातिवाचक संज्ञा　　3. भाववाचक संज्ञा


**1. व्यक्तिवाचक संज्ञा**

**नीचे दिए गए चित्रों को देखिए, वाक्यों को पढ़िए और समझिए-**










महाराणा प्रताप व शिवाजी राजा थे　　तुलसीदास ने रामायण की रचना की।

'महाराणा प्रताप', 'शिवाजी' और 'तुलसीदास' विशेष व्यक्तियों के नाम हैं तथा 'रामायण' विशेष पुस्तक का नाम है।

जिस शब्द से किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान का बोध हो, उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं।

2. **जातिवाचक संज्ञा**

**नीचे दिए गए चित्रों को देखिए, शब्दों को पढ़िए और समझिए-**

पेड़ मोर हाथी बगीचा

इन शब्दों में 'पेड़', 'मोर', 'हाथी' तथा 'बगीचा' अपनी-अपनी सामान्य जाति का बोध करा रहे हैं, इसलिए ये सभी 'जातिवाचक संज्ञाएँ' हैं।

जिन शब्दों से प्राणियों, वस्तुओं, स्थानों आदि की जाति का बोध हो, उन्हें जातिवाचक संज्ञा कहते हैं।

3. **भाववाचक संज्ञा**

**नीचे दिए गए चित्रों को देखिए, वाक्यों को पढ़िए और समझिए-**

आम में मिठास है। बचपन सभी को अच्छा लगता है।

'मिठास' गुण का तथा 'बचपन' भाव का नाम है।

(ग) जिस शब्द से किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान का बोध हो, उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं।

(घ) जिन शब्दों से प्राणियों, वस्तुओं, स्थानों आदि की जाति का बोध हो, उन्हें जातिवाचक संज्ञा कहते हैं।

**2. बॉक्स में से शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए-**

(क) **मोहित** आज दिल्ली गया है। (ख) **गाय** घास खाती है।

(ग) लालकिला **दिल्ली** में है। (घ) **छात्राएँ** पढ़ रही हैं।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा शब्द चुनकर लिखिए-**

**उत्तर–** (क) पेड़, पक्षी (ख) शिक्षिका (ग) बेईमानी

(घ) मोहन, सेब (ङ) प्रिया

4. निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञाएँ बनाइए-

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | बच्चा | **बचपन** | (ख) | कठोर | **कठोरता** |
| (ग) | वीर | **वीरता** | (घ) | मीठा | **मीठापन** |
| (ङ) | सच्चा | **सच्चाई** | (च) | मानव | **मानवता** |
| (छ) | कोमल | **कोमलता** | (ज) | कायर | **कायरता** |
| (झ) | पढ़ना | **पढ़ाई** | (ञ) | अपना | **अपनापन** |

**5. व्यक्तिवाचक और जातिवाचक संज्ञा के चार-चार उदाहरण दीजिए-**

**उत्तर–** (क) व्यक्तिवाचक संज्ञा : **महात्मा गाँधी** **भगत सिंह**
**श्री राम** **इंदिरा गांधी**

(ख) जातिवाचक संज्ञा : **जानवर** **छात्र**
**मनुष्य** **नेता**

## 5 लिंग

### अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) संज्ञा शब्द के जिस रूप से पुरुष या स्त्री जाति का बोध हो, उसे लिंग कहते हैं। जैसे–ताजमहल, लड़का, शेर आदि।

(ख) पुल्लिंग-पुरुष या नर जाति का बोध कराने वाले शब्द पुल्लिंग कहलाते हैं; जैसे-लड़का, छात्र, पिता, चाचा, भाई, बस्ता, बढ़ई, दरजी आदि।

(ग) स्त्रीलिंग-स्त्री या मादा जाति का बोध कराने वाले शब्द स्त्रीलिंग कहलाते हैं; जैसे-लड़की, छात्रा, माता, चाची, बहन, आँख, सखी, शिक्षिका आदि।

**2. बॉक्स में से उचित पुल्लिंग व स्त्रीलिंग शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) **नौकर** बाजार से सब्जी लाया। (ख) **घोड़ा** दौड़ रहा है।

(ग) **गायिका** गाना गा रही है। (घ) **धोबिन** कपड़े धो रही है।

(ङ) **लड़का** पढ़ रहा है।

**3. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | माली | **मालिन** | (ख) | बकरा | **बकरी** |
| (ग) | पति | **पत्नी** | (घ) | छात्रा | **छात्र** |
| (ङ) | बिल्ली | **नर बिल्ली** | (च) | लेखक | **लेखिका** |
| (छ) | सेवक | **सेविका** | (ज) | घोड़ी | **घोड़ा** |
| (झ) | माता | **पिता** | (ञ) | लड़की | **लड़का** |

**4. रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखिए–**

**उत्तर–** (क) रानी हाथी की सवारी कर रही है। (ख) बकरा घास खा रहा है।

(ग) घोड़ा दौड़ रहा है। (घ) शेरनी अपनी माँद में सो रही है।

**5. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए-**

**उत्तर–** (क) मेरा कुरता फट गया है। (ख) शेर आ रहा है।

(ग) लड़की खेल रही है। (घ) हाथी दूध पी रहा है।

(ङ) नानी जी पत्र पढ़ रही हैं।

## 6 वचन

### अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) शब्द का वह रूप जो संज्ञा की संख्या का बोध कराता है, वचन कहलाता है।

(ख) वचन के दो भेद होते हैं-1. एकवचन, 2. बहुवचन

1. एकवचन-शब्द के जिस रूप से उसके एक होने का पता चले, उसे एकवचन कहते हैं; जैसे-घोड़ा, चिड़िया, पुस्तक आदि।
2. बहुवचन-शब्द के जिस रूप से उसके दो या दो से अधिक होने का पता चले, उसे बहुवचन कहते हैं; जैसे-घोड़े, चिड़ियाँ, पुस्तकें आदि।

(ग) आदर का भाव प्रकट करने के लिए शब्द के बहुवचन रूप का प्रयोग होता है; जैसे-
- दादा जी समाचार-पत्र पढ़ रहे हैं।
- ये मेरी नानी जी हैं।
- अध्यापिका जी पढ़ा रही हैं।

**2. वचन के उचित रूप द्वारा रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) तालाब में **मछलियाँ** तैर रही हैं। (ख) मैदान में **लडकियाँ** खेल रही हैं।
(ग) **छात्रा** पढ़ रही है। (घ) **लड़का** पत्र लिख रहा है।
(ङ) **चिड़ियाँ** उड़ रही हैं।

**3. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | आँखें | **आँख** | (ख) | तिथि | **तिथियाँ** |
| (ग) | पंखे | **पंखा** | (घ) | घोड़े | **घोड़ा** |
| (ङ) | यात्रा | **यात्राएँ** | (च) | रीति | **रीतियाँ** |
| (छ) | बेटी | **बेटियाँ** | (ज) | केले | **केला** |
| (झ) | रानियाँ | **रानी** | (ञ) | बहुएँ | **बहू** |

**4. रंगीन शब्दों के वचन बदलकर वाक्य पुनः लिखिए–**

**उत्तर–** (क) बच्चे दूध पी रहे हैं। (ख) पंखा चल रहा है।
(ग) बतखें पानी में तैर रही हैं। (घ) मक्खियाँ भिनभिना रही हैं।
(ङ) औरत हँस रही है।

# 7 कारक

### अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) जो शब्द वाक्य में आए संज्ञा या सर्वनाम का क्रिया से संबंध प्रकट करते हैं; उन्हें कारक कहते हैं।

(ख) कारक आठ प्रकार के होते हैं-

1. कर्ता कारक 2. कर्म कारक 3. करण कारक
4. संप्रदान कारव 5. अपादान कारव 6. संबंध कारक
7. अधिकरण कारक 8. संबोधन कारक

(ग) **करण कारक-**जिस साधन के द्वारा कर्ता कार्य करता है, उसे करण कारक कहते हैं। इसका विभक्ति चिह्न से तथा के द्वारा है; जैसे-नेहा पेन से पत्र लिखती है।
**अपादान कारक-**जिस संज्ञा या सर्वनाम से किसी अन्य संज्ञा या सर्वनाम का अलग होना पाया जाए, वह अपादान कारक होता है। इसका विभक्ति चिह्न से है; जैसे-पेड़ से पत्ते गिरते हैं।

**2. उचित कारक चिह्न द्वारा रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) नेहा **ने** खाना नहीं खाया। (ख) अध्यापक जी कुरसी **पर** बैठे हैं।
(ग) बच्चे **के लिए** दूध लाओ। (घ) प्रीति साइकिल **से** गिर पड़ी।
(ङ) पिता जी बस **के द्वारा** कानपुर गए।

**3. सत्य अथवा असत्य लिखिए–**

**उत्तर–** (क) असत्य (ख) असत्य (ग) सत्य (घ) सत्य (ङ) असत्य

4. **निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन छपे शब्दों के कारक बताइए–**

**उत्तर–** (क) संबोधन कारक (ख) करण कारक (ग) संप्रदान कारक
(घ) संबंध कारक (ङ) कर्ता कारक (च) कर्म कारक

5. **निम्नलिखित वाक्यों में से विभक्ति-चिह्न छाँटिए और कारक का नाम लिखिए–**

| | **विभक्ति-चिह्न** | **कारक का नाम** |
|---|---|---|
| **उत्तर–** (क) | ने | कर्ता कारक |
| (ख) | ने, को | कर्ता कारक, कर्म कारक |
| (ग) | के लिए | संप्रदान कारक |
| (घ) | से | अपादान कारक |
| (ङ) | की | संबंध कारक |
| (च) | अरे | संबोधन कारक |

6. **निम्नलिखित विभक्ति-चिह्नों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–** (क) की **राम की पत्नी सीता थीं।**
(ख) पर **आम पर फल लग रहे हैं।**
(ग) के लिए **हमने आप के लिए चाय बना ली है।**
(घ) को (कर्म) **शिक्षक को पढ़ना नहीं आता।**
(ङ) से (करण) **शिक्षक ने रमेश से कक्षा साफ करायी।**
(च) से (अपादान) **गाड़ी सड़क से फिसलकर गिर गई।**

# 8 सर्वनाम

## अभ्यास

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं।
(ख) सर्वनाम के छह भेद होते हैं-
1. पुरुषवाचक सर्वनाम 2. निश्चयवाचक सर्वनाम
3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम 4. संबंधवाचक सर्वनाम
5. प्रश्नवाचक सर्वनाम 6. निजवाचक सर्वनाम

(ग) पुरुषवाचक सर्वनाम-जो सर्वनाम शब्द बोलने वाले, सुनने वाले या किसी अन्य व्यक्ति के लिए प्रयोग होते हैं, पुरुषवाचक सर्वनाम कहलाते हैं।
पुरुषवाचक सर्वनाम के तीन उपभेद होते हैं-
(i) उत्तम पुरुष (ii) मध्यम पुरुष (iii) अन्य पुरुष।

2. **उचित सर्वनामों द्वारा रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) **यह** मेरी कलम है। (ख) नवीन **मेरा** छोटा भाई है।
(ग) **आपका** क्या नाम है? (घ) तुम **क्या** कर रहे हो?
(ङ) **वे** फल खाते हैं।

3. **सत्य अथवा असत्य लिखिए–**

**उत्तर–** (क) सत्य (ख) सत्य (ग) सत्य (घ) असत्य

4. **निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) वह (ख) कुछ (ग) यह (घ) कोई

5. **निम्नलिखित सर्वनाम शब्दों से वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–** (क) कोई **इतनी रात को कोई नहीं आता घर।**

(ख) स्वयं **अपना काम वह स्वयं करता है।**

(ग) यह **यह महल बहुत पुराना है।**

(घ) हम **हम भारतीय हैं।**

(ङ) उसके **उसके पास एक कार है।**

(च) क्या **क्या आप बात कर सकते हैं?**

(छ) कौन **दरवाजे पर कौन है?**

(ज) मैं **मैं रोज सूर्य को जल देता हूँ।**

# 9 विशेषण

**अभ्यास**

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं। जैसे–सेब मीठा है।

(ख) विशेषण जिस शब्द की विशेषता बताता है, उसे विशेष्य कहते हैं। जैसे–सेब मीठा हैं में सेब की विशेषता बताई जा रही है।

(ग) विशेषण के पाँच भेद होते हैं–

1. गुणवाचक विशेषण,
2. संख्यावाचक विशेषण,
3. परिमाणवाचक विशेषण,
4. संकेतवाचक विशेषण,
5. व्यक्तिवाचक विशेषण।

1. **गुणवाचक विशेषण–**किसी प्राणी या वस्तु के गुण, दोष, रूप, रंग, आकार आदि बताने वाले शब्दों को गुणवाचक विशेषण कहते हैं; जैसे-काला कौआ, बुद्धिमान बालक, अमीर आदमी आदि।
2. **संख्यावाचक विशेषण–**संज्ञा या सर्वनाम की संख्या बताने वाले शब्द संख्यावाचक विशेषण कहलाते हैं; जैसे-चार पुस्तकें, पाँच रुपये, दस आम आदि।
3. **परिमाणवाचक विशेषण–**जो विशेषण संज्ञा या सर्वनाम की मात्रा का बोध कराते हैं, उन्हें परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं; जैसे-एक लीटर तेल, दो किलो चीनी, थोड़ा दूध आदि।
4. संकेतवाचक विशेषण-जो विशेषण संज्ञा से पहले आकर उसकी ओर संकेत करते हैं, उन्हें संकेतवाचक विशेषण कहते हैं; जैसे-यह विद्यालय, वह लड़का, ये बच्चे, वे लड़कियाँ आदि।
5. **व्यक्तिवाचक विशेषण–**जो विशेषण व्यक्तिवाचक संज्ञाओं से बनाए जाते हैं, उन्हें व्यक्तिवाचक विशेषण कहते हैं; जैसे-जयपुरी चुनरी, बनारसी साड़ी, इलाहाबादी अमरूद, जापानी घड़ी आदि।

(घ) विशेषण की तीन अवस्थाएँ होती हैं–

1. मूलावस्था 2. उत्तरावस्था 3. उत्तमावस्था

**2. उचित विशेषणों द्वारा रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) नेहा एक **अच्छी** लड़की है। (ख) हाथी बहुत **विशाल** जंतु है।
(ग) ये सेब **मीठे** हैं। (घ) कौआ **काला** होता है।
(ङ) यह लड़का **मोटा** है।

**3. सत्य अथवा असत्य लिखिए–**

**उत्तर–** (क) सत्य (ख) असत्य (ग) असत्य (घ) सत्य (ङ) सत्य

**4. निम्नलिखित वाक्यों में आए विशेषणों को रेखांकित कीजिए–**

**उत्तर–** (क) थोड़ा (ख) प्यासा (ग) कश्मीरी (घ) पाँचवी (ङ) बीस

**5. निम्नलिखित विशेषणों की अवस्थाएँ बताइए–**

**उत्तर–** (क) सबसे अच्छा **उत्तमावस्था** (ख) शीघ्र **मूलावस्था**
(ग) श्रेष्ठतम **उत्तमावस्था** (घ) अधिक ऊँचा **उत्तमावस्था**
(ङ) सबसे गहरा **उत्तमावस्था** (च) निकटतर **उत्तमावस्था**
(छ) बड़ा **मूलावस्था** (ज) प्रिय **मूलावस्था**

# 10 क्रिया

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) मोहित पुस्तक पढ़ता है। नेहा पानी पी रही है।
ऊपर दिए गए वाक्यों में 'पढ़ता है', 'पी रही है' से कार्य के करने और 'हो रही है' से कार्य होने का पता चल रहा है।
जिन शब्दों से किसी कार्य के करने या होने का बोध होता है, उन्हें क्रिया कहते हैं।

(ख) सामान्यतः कर्म के आधार पर क्रिया के दो भेद होते हैं-
1. सकर्मक क्रिया 2. अकर्मक क्रिया

(ग) सकर्मक क्रिया-जिस क्रिया के साथ उसका कर्म हो, उसे सकर्मक क्रिया कहते हैं।
उदाहरण : बढ़ई मेज बनाता है।

(घ) अकर्मक क्रिया-जिन वाक्यों में क्रिया के साथ कर्म नहीं होता, उन्हें अकर्मक क्रिया कहते हैं।
**उदाहरण :** बच्चा सोता है।
**प्रश्न :** बच्चा क्या सोता है? **उत्तर-✗**
यहाँ उत्तर में कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ।
यहाँ क्रिया में कर्म नहीं है; अतः 'सोता है' क्रिया कर्म रहित अर्थात् अकर्मक है।

**2. उचित क्रियाओं द्वारा रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) बच्चे गेंद से **खेल रहे है।** (ख) वायुयान आकाश में **उड़ रहा है।**
(ग) लड़की साइकिल **चलाती है।** (घ) माला गिटार **सीख रही है।**
(ङ) घोड़ा घास **खाता है।** (च) बिल्ली सारा दूध **पी जाती है।**

**3. निम्नलिखित वाक्यों में क्रियाएँ रेखांकित कीजिए और बताइए कि ये अकर्मक हैं या सकर्मक?**

**उत्तर–** (क) होना, सकर्मक (ख) भोजन करना, सकर्मक
(ग) रोना, अकर्मक (घ) उड़ना, अकर्मक
(ङ) दहाड़ना, अकर्मक

# 11 काल

### अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) क्रिया के जिस रूप से हमें कार्य के होने के समय का पता चलता है, उसे काल कहते हैं।

(ख) काल के तीन भेद होते हैं, जो निम्नलिखित हैं–
1. भूतकाल 2. वर्तमान काल 3. भविष्यत् काल

(ग) क्रिया का जो रूप वर्तमान समय में कार्य के होने का ज्ञान कराता है, उसे वर्तमान काल कहते हैं। इन क्रियाओं के अंत में 'ता है, ते हैं, ती है, है, हैं,' आदि आते हैं; जैसे–
- वह पत्र लिख रही है।
- रवि खाना खाता है।

(घ) क्रिया के जिस रूप से यह पता चले कि कार्य बीते हुए समय में हो चुका है, उसे भूतकाल कहते हैं; जैसे–
- नेहा ने खाना खा लिया था।
- विजय ने कहानी लिखी।

(ङ) क्रिया के जिस रूप से कार्य के भविष्य में होने का पता चलता है, उसे भविष्यत् काल कहा जाता है; जैसे–
- मैं दिल्ली जाऊँगा।
- बच्चे मैच खेलेंगे।
- प्रीति खाना बनाएगी।

उपर्युक्त वाक्यों में कार्य आने वाले समय में होंगे। आने वाले समय को भविष्यत् काल कहते हैं।

भविष्यत् काल के तीन भेद होते हैं, जो निम्नलिखित हैं-
(क) सामान्य भविष्यत् काल (ख) संभाव्य भविष्यत् काल
(ग) हेतु-हेतुमद् भविष्यत् काल

**2. उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) काल का अर्थ **समय** होता है।
(ख) **काल** से हमें कार्य के होने के समय का पता चलता है।
(ग) काल के **तीन** भेद होते हैं।
(घ) बीते हुए समय को **भूतकाल** कहा जाता है।
(ङ) आने वाले समय को **भविष्यत् काल** कहते हैं।

**3. सत्य अथवा असत्य लिखिए-**

**उत्तर–** (क) असत्य (ख) सत्य (ग) सत्य (घ) असत्य

**4. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त काल का नाम लिखिए–**

**उत्तर–** (क) भूतकाल (ख) भविष्यत् काल (ग) वर्तमान काल
(घ) भविष्यत् काल (ङ) वर्तमान काल (च) भूतकाल

**5. निम्नलिखित वाक्यों का काल-परिवर्तन कीजिए–**

**उत्तर–** (क) राहुल दूध पी रहा था। (ख) तुम घर जाते हो।
(ग) रवि पत्र लिखेगा।

**6. निम्नलिखित क्रियाओं को तीन कालों में लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | हँसना | हँसता है | हँसा | हँसेगा |
| (ख) | लिखना | लिखता है | लिखा | लिखेगा |
| (ग) | दौड़ना | दौड़ता है | दौड़ा | दौड़ेगा |
| (घ) | बैठना | बैठता है | बैठा | बैठेगा |
| (ङ) | देखना | देखता है | देखा | देखेगा |
| (च) | खाना | खाता है | खाया। | खायेगा |

# 12 अविकारी शब्द

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) जिन शब्दों में परिवर्तन नहीं होता और जो सदैव एक-सी स्थिति में रहते हैं, उन्हें अविकारी शब्द कहा जाता है।

(ख) जो शब्द क्रिया की विशेषता बताते हैं, उन्हें क्रियाविशेषण कहते हैं।
उदाहरणः धीरे चलो। रवि बहुत खाता है।

(ग) जिस शब्द से संज्ञा अथवा सर्वनाम का संबंध वाक्य के दूसरे शब्दों के साथ प्रकट होता है, उसे संबंधबोधक कहते हैं।

(घ) वे शब्द जो हर्ष, शोक, भय, आश्चर्य, करुणा, घृणा आदि भावों को प्रकट करते हैं, विस्मयादिबोधक कहलाते हैं।
उदाहरण : वाह! तुमने तो कमाल कर दिया। अहा! क्या सुंदर दृश्य है।
हाय! मैं लुट गया। ओहो! आप यहाँ बैठे हैं।

**2. निम्नलिखित वाक्यों में क्रियाविशेषण शब्दों को छाँटकर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) कल (ख) यहाँ (ग) ज्यादा (घ) तेज

**3. निम्नलिखित वाक्यों में से संबंधबोधक शब्दों को रेखांकित कीजिए-**

**उत्तर–** (क) के ऊपर (ख) के किनारे (ग) के सामने (घ) के नीचे

4. निम्नलिखित वाक्यों में से समुच्चयबोधक शब्द चुनकर लिखिए-

**उत्तर–** (क) और (ख) ताकि (ग) लेकिन (घ) क्योंकि

5. विस्मयादिबोधक शब्द लगाकर रिक्त स्थान भरिए-

**उत्तर–** (क) **वाह**! तुमने तो कमाल कर दिया। (ख) **बाप रे**! कितना बड़ा साँप है।
(ग) **हाय**! कितनी गरमी पड़ रही है। (घ) **आह**! शिकारियों ने उसे मार डाला।
(ङ) **नहीं**! मेरे सामने मत आओ।

# 13 विराम-चिह्न

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) अर्थ को स्पष्ट करने के लिए वाक्य में जो चिह्न लगाए जाते हैं, उन्हें विराम-चिह्न कहते हैं।

(ख) अल्प विराम (,)–लिखते समय वाक्य में एक शब्द को दूसरे से अलग दिखाने तथा जहाँ थोड़ा रुकना आवश्यक हो, वहाँ अल्प विराम (,) का प्रयोग किया जाता है; जैसे–राम, श्याम, निधि, अर्पणा और शालू कक्षा तीन में पढ़ते हैं।

(ग) पूर्ण विराम (।)–विधानवाचक व आज्ञावाचक वाक्यों के समाप्त हो जाने पर पूर्ण विराम (।) लगाया जाता; जैसे–

हम भारतवासी हैं। शेर जंगल में रहता है। बाहर जाओ।

**2. निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम-चिह्न लगाइए–**

**उत्तर–** (क) रवि, रोहित और केशव कक्षा 3 में पढ़ते हैं।

(ख) वह दिन-रात परिश्रम करता है।

(ग) तुम कहाँ जाओगे?

(घ) अरे! तुम कब आए?

(ङ) एकनाथ नाम का एक साधु था।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में गलत विराम-चिह्न लग गए हैं। उन्हें ठीक करके वाक्य दोबारा लिखिए–**

**उत्तर–** (क) हे भगवान! मेरी रक्षा करो।

(ख) तुमने कहानी याद की?

(ग) कल मुझे मेरी सहेली मिली।

(घ) शिवाली, रमा और मंजुला बातें कर रही है।

**4. निम्नलिखित का उचित मिलान कीजिए–**

**उत्तर–**

| अ | ब | अ | ब |
|---|---|---|---|
| प्रश्नवाचक चिह्न | ? | विस्मयादिबोधक चिह्न | ! |
| योजक-चिह्न | - | निर्देशक चिह्न | – |
| पूर्ण विराम | । | अल्प-विराम | , |

# 14 विलोम शब्द

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) जो शब्द किसी शब्द का विपरीत (उल्टा) अर्थ बताता है, उसे विलोम शब्द कहते हैं; जैसे-पतला का विलोम है मोटा।

(ख) विलोम शब्द को विपरीतार्थी शब्द भी कहते हैं।

**2. रंगीन शब्दों के विलोम शब्द लिखकर वाक्य पुनः लिखिए–**

**उत्तर–** (क) मैं कल से सामान नकद ही खरीदूँगा।
(ख) तुम्हारी माता जी दूर के स्कूल में पढ़ाती है।
(ग) मैंने सुबह पुराने कपड़े पहने थे।
(घ) मेरे मित्र बहुत शिष्ट हैं।

**3. स्तंभ अ के शब्दों का स्तंभ ब के विलोम शब्दों से उचित मिलान कीजिए–**

**उत्तर–**

| | **स्तंभ 'अ'** | | **स्तंभ 'ब'** | | **स्तंभ 'अ'** | | **स्तंभ 'ब'** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | पाप | (vi) | पुण्य | (ख) | मित्र | (ii) | शत्रु |
| (ग) | गुण | (viii) | दोष | (घ) | कठोर | (i) | कोमल |
| (ङ) | अमृत | (iv) | विष | (च) | आदर | (iii) | अनादर |
| (छ) | उत्तीर्ण | (vii) | अनुत्तीर्ण | (ज) | उपकार | (v) | अपकार |

# 15 पर्यायवाची शब्द

### अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) समान अर्थ देने वाले शब्द पर्यायवाची शब्द या समानार्थी शब्द कहलाते हैं।
(ख) पर्यायवाची शब्दों को समानार्थी शब्द भी कहते हैं।

**2. निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | रात | **निशा** | **रजनी** | **रात्रि** |
| (ख) | घोड़ा | **अश्व** | **तुरंग** | **बाजी** |
| (ग) | सूर्य | **आदित्य** | **भानू** | **सूरज** |
| (घ) | माता | **माँ** | **जननी** | **मैया** |
| (ङ) | पक्षी | **खग** | **विहग** | **अंडज** |

**3. निम्नलिखित शब्दों में से जो शब्द मूल शब्द के पर्यायवाची नहीं हैं, उन पर (✗) बनाइए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | सूर्य | - | भानु | मेघ **(✗)** | भास्कर |
| (ख) | हाथी | - | शैल **(✗)** | गज | हस्ति |
| (ग) | पहाड़ | - | नग | जलज **(✗)** | अचल |
| (घ) | अध्यापक | - | शिक्षक | चालक **(✗)** | गुरु |
| (ङ) | धरती | - | वृक्ष **(✗)** | भूमि | धरा |
| (च) | रात | - | निशा | रात्रि | वस्त्र **(✗)** |

# 16 वाक्यांश के लिए एक शब्द

### अभ्यास

**1. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | निर्धन | (ख) | मृदुभाषी | (ग) | अदृश्य |
| (घ) | सत्यावादी | (ङ) | अल्पज्ञ | (च) | सदाचारी |
| (छ) | दुराचारी | (ज) | असंभव | (झ) | निराकर |
| (ञ) | मांसाहारी | | | | |

2. **सही विकल्प के सामने (✓) का निशान लगाइए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | अधिक बोलने वाला | - | वाचाल (✓) | मितभाषी | कठोर |
| (ख) | साथ पढ़ने वाला | - | पड़ोसी | सहपाठी (✓) | मित्र |
| (ग) | जिसका बहुत मूल्य हो | - | अमूल्य | बहुमूल्य (✓) | दुर्लभ |
| (घ) | जो सदा रहे | - | अजर | अमर (✓) | अगर |

# 17 मुहावरे और लोकोक्तियाँ

**अभ्यास**

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) विशेष अर्थ को प्रकट करने वाले वाक्यांश 'मुहावरे' कहलाते हैं।
(ख) लोक में प्रचलित उक्ति या कथन को लोकोक्ति कहते हैं।

2. **मुहावरों/लोकोक्तियों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | गुस्सा करना | नकल करने पर अध्यापक मुझे आंखें दिखाने लगे। |
| (ख) | संतुष्ट हो जाना | रमेश का काम होते ही मेरे कलेजे में ठंडक पड़ गई। |
| (ग) | तैयार हो जाना | भारत ने चीन के विरुद्ध कमर कस ली है। |
| (घ) | एक साथ दोहरा नाम | बच्चों को पढ़ाकर उसे धन व अनुभव दोनों प्राप्त हो रहे हैं यानि एक पंथ दो दो काज। |
| (ङ) | स्वयं मुसीबत मोल लेना | भारत पर हमला करके पाकिस्तान ने आ बैल मुझे मार वाली बात सही सिद्ध कर दी है। |
| (च) | शक्तिशाली व्यक्ति अपना अधिकार जमा लेता है। | साहूकार ने गरीबों को कर्ज में फंसाकर उनकी जमीन हड़प ली है। सही कहा गया है। कि जिसकी लाठी उसकी भैस। |

3. **निम्नलिखित मुहावरों/लोकोक्तियों के अर्थ लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | बहुत प्यारा | (ख) | बहुत प्यारा |
| (ग) | अपनी योग्यता से बढ़कर बात करना | (घ) | कम गुणों वाला व्यक्ति बहुत दिखावा कराता है। |
| (ङ) | नाराज़ हो जाना | (च) | बहुत ऊँचा होना |
| (छ) | बहुत प्रयत्न करना | (ज) | मूर्खों में थोड़ा बुद्धिमान |
| (झ) | परेशान करना | (ञ) | उन्नत कर देना |
| (ट) | सहानुभूति प्रकट करना | (ठ) | सरलता से प्राप्त वस्तु का कोई मोल नही होता |
| (ड) | अपना स्वार्थ सिद्ध करना | (ढ) | बहुत मेहनत करके भी कुछ प्राप्त न होना |
| (ण) | हरा देना | (त) | आपस की फूट हानिकारक होती है। |

4. **निम्नलिखित मुहावरों/लोकोक्तियों का उनके अर्थ से उचित मिलान कीजिए–**

**उत्तर–**

| | |
|---|---|
| ईंट से ईंट बजाना | **नष्ट भ्रष्ट करना** |
| टेढ़ी खीर | **कठिन काम** |
| हाथ धो बैठना | **गँवा देना** |

| | |
|---|---|
| आ बैल मुझे मार | **स्वयं मुसीबत मोल लेना** |
| चोर की दाढ़ी में तिनका | **अपराधी स्वयं भयभीत रहता है** |
| काला अक्षर भैंस बराबर | **अनपढ़ व्यक्ति** |
| आस्तीन का साँप | **विश्वासघाती मित्र** |

**18** **खंड 'ख' : रचना**

# पत्र-लेखन

**अभ्यास**

**कक्षा में श्यामपट्ट लगवाने हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए।**

**उत्तर–** **मित्र को जन्मदिन की बधाई देने हेतु पत्र**

201, गोरीगंज, कानुपर।

5 जून, 20..........

प्रिय अनुराग, नमस्ते!

तुम्हें जन्मदिवस की शुभकामनायें। आशा है मेरा पत्र समय से तुम्हें मिल जायेगा। मैं तुम्हें निरंतर सफलता के मार्ग पर बढ़ने की शुभकामना देता हूँ। अपना और अपने परिवार का ध्यान रखो।

तुम्हारा मित्र,

प्रियांजल

**मित्र को जन्मदिन की बधाई देने के लिए पत्र लिखिए।**

**उत्तर–** **कक्षा में श्यामपट्ट लगवाने हेतु**

सेवा में

माननीया प्रधानाचार्या जी

सरस्वती शिशु मंदिर

मेरठ।

महोदया,

सविनय निवेदन यह है कि मैं कक्षा 3 'ए' का छात्र हूँ। हमारी कक्षा का श्यामपट्ट बहुत पुराना हो गया है। इससे हमे पठन-पाठन में कठिनाई आती है। आपसे निवदेन है कि हमारी कक्षा में शीघ्र ही नया श्यामपट्ट लगवाने की कृपा करें।

धन्यवाद।

आपका आज्ञाकी शिष्य

प्रियांक वर्मा

कक्षा 3 'ए', रोल नं० 41

दिनांक : ..............

**19**

# कहानी-लेखन

**संकेत बॉक्स में दिए गए संकेतों के आधार पर कहानी लिखिए–**

सोनू मुर्गी का प्यारा बच्चा था। वह बहुत जिद्दी और **नटखट** था। वह अपनी माँ लाल मुर्गी

के बार-बार मना करने पर भी इधर-उधर **भागता** फिरता था। लाल मुर्गी सोनू को समझाती थी कि तुम बहुत छोटे हो, मेरे **साथ-साथ** रहा करो। मैं तुम्हें दाने ढूँढ़ना सिखाऊँगी। सोनू कुछ देर तक तो माँ की बात याद रखता, फिर भूल जाता था। एक दिन सोनू अपनी माँ के साथ दाने की **खोज** में बाहर निकला। उसे कुछ दूरी पर मटर के **हरे-हरे** दाने दिखाई पड़े। वह माँ की बात भूलकर **मटर** के पास गया। वह मटर खाने लगा। अचानक मटर का एक सख्त **दाना** उसके गले में अटक गया। वह रोने लगा। उधर जब मुर्गी ने सोनू को देखा तो उसने दाना निकालने की कोशिश की, पर वह दाना नहीं निकाल पाई। मुर्गी ने सोचा कि उसका मित्र बगुला उसकी मदद कर सकता है। वह बगुले को बुलाकर लाई और उसने अपनी **लंबी चोंच** से दाना निकाल दिया। सोनू को अपनी **गलती** का अहसास हुआ और उसने अपनी माँ से माफी माँगी।

# 20 निबंध-लेखन

### अभ्यास

**निम्नलिखित विषयों पर निबंध लिखिए-**

### मेरा प्रिय मित्र

मेरे विद्यालय और घर पर बहुत से मित्र हैं। परंतु समीर हमारा प्रिय मित्र है। वह मेरे घर के पास रहता है और मेरे ही विद्यालय में पढ़ता है। हम साथ-साथ कक्षा में बैठते हैं। समीर पढ़ने में बहुत होशियार है वह गृहकार्य में भी मेरी सहायता करता है। हम दोनों साथ में खेलते है। समीर का प्रिय खेल क्रिकेट है। समीर के माता-पिता बहुत सज्जन हैं। वह मुझसे भी समीर जैसा ही प्यार करते हैं। समीर हमेशा बड़ों का आदर करता है और छोटों की सहायता करता है। समीर को चित्रकारी का भी ज्ञान है। वह बहुत सुंदर-सुंदर चित्र बनाता है। मुझे अपने मित्र पर गर्व है।

### गणतंत्र दिवस

सदियों की गुलामी के बाद 15 अगस्त, 1947 को हमारा देश स्वतंत्र हुआ। देश के लिए नया संविधान बनाया गया। 26 जनवरी, 1950 को नया संविधान लागू किया गया। तभी से 26 जनवरी के दिन को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाने लगा।

गणतंत्र का अर्थ है-'जनता की अपनी सरकार'। संविधान के द्वारा लोगों को यह अधिकार दिया गया कि वे अपने मतदान के द्वारा अपनी पसंद की सरकार चुनें। यदि सरकार जनता की इच्छाओं को पूरा नहीं करती है तो अगले चुनाव में जनता उसको मत नहीं देती है। इस प्रकार संविधान के द्वारा हमारे देश में 'लोकतंत्र' की स्थापना हुई।

गणतंत्र दिवस समारोह बड़ी धूम-धाम से मनाया जाता है। इस दिन पूरे देश में अवकाश रहता है। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह राजधानी नई दिल्ली में होता है। राजपथ पर तीनों सेनाओं की परेड होती है। राष्ट्रपति इस परेड का अभिवादन स्वीकार करते हैं। सभी स्कूल, कॉलेज तथा संस्थाएँ गणतंत्र दिवस उत्साहपूर्वक मनाते हैं।

गणतंत्र दिवस का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है।

1 खंड 'क' : व्याकरण

# भाषा, लिपि और व्याकरण

**अभ्यास**

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) वह साधन, जिसके द्‌वारा हम अपने मन के भावों व विचारों को बोलकर या लिखकर प्रकट करते हैं तथा दूसरों के विचारों को समझते हैं, भाषा कहलाता है। भाषा के दो रूप होते हैं-1. मौखिक भाषा, 2. लिखित भाषा।

(ख) जब हम लिखकर अपनी बात दूसरों तक पहुँचाते हैं और दूसरे उसे पढ़कर समझते हैं, तो उसे लिखित भाषा कहते हैं। जैसे-पत्र लिखना।

(ग) भाषा के क्षेत्रीय रूप को बोली कहा जाता है।

(घ) वह शास्त्र जो भाषा के शुद्‌ध रूप का ज्ञान कराता है, व्याकरण कहलाता है।

2. **बॉक्स में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों को भरिए–**

**उत्तर–** (क) किसी को पत्र लिखना भाषा का **लिखित** रूप है।

(ख) हिंदी भाषा की लिपि **देवनागरी** है।

(ग) **अंग्रेजी** भाषा रोमन लिपि में लिखी जाती है।

(घ) **व्याकरण** भाषा के शुद्‌ध रूप का ज्ञान कराता है।

3. **सत्य अथवा असत्य लिखिए–**

**उत्तर–** (क) असत्य (ख) सत्य (ग) सत्य

4. **नीचे राज्यों के नाम लिखे हैं। राज्यों के सामने उनकी भाषाओं के नाम लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पंजाब | **पंजाबी** | उत्तर प्रदेश | **हिंदी** |
| हरियाणा | **हिरयाणवी** | जम्मू-कश्मीर | **उर्दू** |
| राजस्थान | **राजस्थानी** | महाराष्ट्र | **मराठी** |

2

# वर्ण-विचार

**अभ्यास**

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) भाषा की सबसे छोटी इकाई या ध्वनि को वर्ण कहते हैं। वर्णों के दो भेद होते हैं-स्वर तथा व्यंजन।

(ख) जिन ध्वनियों के उच्चारण में साँस की वायु बिना किसी रुकावट के मुख से बाहर निकलती है, उन्हें स्वर कहते हैं।

मुख्य रूप से स्वरों के दो भेद होते हैं-

(क) ह्रस्व स्वर-जिन स्वरों के उच्चारण में बहुत कम समय लगता है, वे ह्रस्व स्वर कहलाते हैं। इनकी संख्या 4 है-

अ इ उ ऋ

(ख) दीर्घ स्वर-जिन स्वरों के उच्चारण में ह्रस्व स्वरों से दोगुना समय लगता है, वे

दीर्घ स्वर कहलाते हैं। ये 7 हैं-

आ ई ऊ ए ऐ ओ औ

(ग) स्वरों के अतिरिक्त निम्नलिखित अन्य स्वर भी हैं, जिन्हें सम्मिलित रूप से अयोगवाह कहा जाता है; ये हैं-

1. **अनुस्वार–**यह व्यंजन के ऊपर बिंदु के रूप में लगाया जाता है; जैसे-पंख, रंग आदि। इसका उच्चारण नाक से होता है।
2. **अनुनासिक–**यह भी व्यंजन के ऊपर लगाया जाता है। इसका उच्चारण मुख और नाक दोनों से होता है; जैसे-चाँद, साँप आदि।
3. **विसर्ग–**व्यंजन के बाद लगने वाले दो बिंदुओं को विसर्ग कहा जाता है। इसका उच्चारण 'ह्' के समान होता है। यह प्रायः संस्कृत शब्दों में प्रयुक्त होता है; जैसे-छः, दुःख, अतः आदि।

**2. सही विकल्प चुनिए–**

**उत्तर–** (क) (ii) 11 (ख) (iii) ऊष्म व्यंजन

**3. सही कथन के सामने (✓) तथा गलत कथन के सामने (✗) का चिह्न लगाइए–**

**उत्तर–** (क) (✗) (ख) (✗) (ग) (✓) (घ) (✗) (ङ) (✗)

**4. निम्नलिखित स्वरों के सामने इनकी मात्राएँ लिखिए–**

**उत्तर–** आ ा ऊ ू ऋ ृ औ ौ

ई ी ऐ ै इ ि ए े

# 3 शब्द-विचार

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) लड़की, चिड़िया, आलू–ये वर्ण-समूह व्यंजनों और स्वरों के मेल से बने हैं तथा इनका कोई-न-कोई अर्थ है। अतः ये 'शब्द' हैं।
वर्णों के सार्थक समूह को शब्द कहते हैं।

(ख) शब्दों का वर्गीकरण चार आधारों पर किया जा सकता है-

1. अर्थ के आधार पर
2. उत्पत्ति के आधार पर
3. रचना के आधार पर
4. प्रयोग के आधार पर

(ग) सार्थक शब्द-जिस वर्ण-समूह का स्पष्ट रूप से कोई अर्थ निकले, उसे सार्थक शब्द कहते हैं; जैसे-नदी, पुस्तक, लड़की, हाथी, मेज आदि।

(घ) प्रयोग के आधार पर शब्दों के दो भेद होते हैं-

(क) विकारी शब्द (ख) अविकारी शब्द

**2. बॉक्स में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) वर्णों के सार्थक समूह को **शब्द** कहते हैं।

(ख) शब्दों को **चार** आधारों पर बाँटा जा सकता है।

(ग) जो शब्द स्वतंत्र रूप से किसी अर्थ का बोध नहीं कराते, वे **निरर्थक** शब्द कहलाते हैं।

(घ) उत्पत्ति का अर्थ है- **जन्म**।

(ङ) ऐसे शब्द जिनके सार्थक खंड न किए जा सकते हों, **रूढ़** शब्द कहलाते हैं।

**3. निम्नलिखित शब्दों में से रूढ़, यौगिक तथा योगरूढ़ शब्द छाँटकर लिखिए–**

**उत्तर–** रूढ़ = **घर, बल, गाड़ी, पहाड़, बीमार, दीवार**
यौगिक = **राजदूत, सेनापति, जलयान**
योगरूढ़ = **दशानन, नीलकंठ, जलज**

# 4 संज्ञा

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) किसी प्राणी, वस्तु, स्थान या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।

(ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा-जिस शब्द से किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान का बोध होता है, उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं; जैसे-विराट कोहली, साइना नेहवाल, रामायण, कुतुबमीनार, दिल्ली, आगरा आदि।

(ग) भाववाचक संज्ञा-वे शब्द जिनसे किसी व्यक्ति या वस्तु के गुण, धर्म, दशा, स्वभाव आदि का बोध होता है, उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं; जैसे-बचपन, ईमानदारी, मिठास, सुंदरता, खुशी, वीरता आदि।

(घ) समूहवाचक संज्ञा-वे शब्द जिनसे किसी समूह, समुदाय या झुंड इत्यादि का बोध होता है, उन्हें समूहवाचक संज्ञा कहते हैं; जैसे-कक्षा, परिवार, सेना, झुंड, सभा, गुच्छा, भीड़ आदि।

**2. प्रत्येक संज्ञा के सामने उसके भेद का नाम लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मंडली | **समूहवाचक** | लाल किला | **व्यक्तिवाचक** |
| चाँदी | **द्रव्यवाचक** | मेज | **जातिवाचक** |
| भगत सिंह | **व्यक्तिवाचक** | मिठास | **भाववाचक** |

**3. निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | सम | **समता** | (ख) | पंडित | **पंडिताई** |
| (ग) | अपना | **अपनापन** | (घ) | सुंदर | **सुंदरता** |
| (ङ) | मित्र | **मित्रता** | (च) | पराया | **परायापन** |

**4. निम्नलिखित संज्ञा शब्दों को उनके उचित स्तंभों में लिखिए–**

**उत्तर–**

| **जातिवाचक संज्ञा** | **व्यक्तिवाचक संज्ञा** | **समूहवाचक संज्ञा** | **भाववाचक संज्ञा** |
|---|---|---|---|
| स्त्री | गंगा | दल | वीरता |
| नदी | मुंबई | कक्षा | अच्छाई |
| लड़का | हिमालय | सभा | शत्रुता |

# 5 संज्ञा : लिंग

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) शब्द के जिस रूप से पुरुष या स्त्री जाति की पहचान हो, उसे लिंग कहते हैं।

(ख) लिंग के दो भेद होते हैं-1. पुल्लिंग तथा 2. स्त्रीलिंग।

1. पुल्लिंग-जिन शब्दों से पुरुष (नर) जाति का बोध होता है, उन्हें पुल्लिंग कहते हैं; जैसे-अध्यापक, धोबी, शेर आदि।
2. स्त्रीलिंग-जिन शब्दों से स्त्री (मादा) जाति का बोध होता है, उन्हें स्त्रीलिंग कहते हैं; जैसे-अध्यापिका, धोबिन, शेरनी आदि।

(ग) निम्नलिखित शब्द पुल्लिंग होते हैं-

1. फूलों के नाम-गुलाब, गेंदा, सूरजमुखी, कमल आदि। (अपवाद-नरगिस, चमेली)।
2. पहाड़ों के नाम-हिमालय, सतपुड़ा, शिवालिक, अरावली आदि।
3. देशों के नाम-भारत, नेपाल, पाकिस्तान, भूटान, चीन आदि।
4. अनाजों के नाम-गेहूँ, चावल, ज्वार, बाजरा आदि। (अपवाद-मक्का)।
5. महाद्वीपों के नाम-एशिया, अफ्रीका, यूरोप, उत्तरी अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया आदि।
6. सागरों व महासागरों के नाम-अरब सागर, हिंद महासागर, प्रशांत महासागर आदि।
7. धातुओं और रत्नों के नाम-सोना, ताँबा, हीरा, पन्ना आदि। (अपवाद-चाँदी)।
8. वर्णमाला के अक्षर-क, ख, च, छ, ट, ठ आदि।

**2. बॉक्स में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) शब्द के जिस रूप से पुरुष अथवा स्त्री जाति का बोध हो, उसे **लिंग** कहते हैं।

(ख) शब्द के जिस रूप से पुरुष जाति का बोध होता है, उसे **पुल्लिंग** कहा जाता है।

(ग) स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्दों को **स्त्रीलिंग** कहते हैं।

(घ) कुछ शब्द नित्य **स्त्रीलिंग** होते हैं, जिनका प्रयोग सदा स्त्रीलिंग रूप में ही किया जाता है।

**3. निम्नलिखित शब्दों के लिंग लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | सेना | **स्त्रीलिंग** | (ख) | गायक | **पुल्लिंग** |
| (ग) | चाँदी | **पुल्लिंग** | (घ) | गुलाब | **पुल्लिंग** |
| (ङ) | तिथि | **स्त्रीलिंग** | (च) | चावल | **पुल्लिंग** |

**4. निम्नलिखित स्त्रीलिंग शब्दों के सामने उचित पुल्लिंग शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | **स्त्रीलिंग** | **पुल्लिंग** | | **स्त्रीलिंग** | **पुल्लिंग** |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | छात्रा | **छात्र** | (ख) | नायिका | **नायक** |
| (ग) | रानी | **राजा** | (घ) | गाय | **बैल** |
| (ङ) | सेठानी | **सेठ** | (च) | बहन | **भाई** |

# 6 संज्ञा : वचन

## अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) 'लड़का' शब्द से एक संख्या का पता चलता है, जबकि 'लड़के' शब्द से एक से अधिक संख्या होने का पता चलता है। व्याकरण में इस संख्या के अंतर को बताने वाले शब्द 'वचन' कहलाते हैं।

संज्ञा या सर्वनाम की संख्या बताने वाले शब्द वचन कहलाते हैं।

(ख) एकवचन-शब्द के जिस रूप से एक प्राणी, वस्तु या स्थान आदि का बोध हो, उसे एकवचन कहते हैं; जैसे-लड़की, पुस्तक, भाषा, बस्ता, चिड़िया, दुकान तथा वस्तु आदि।

(ग) बहुवचन-शब्द के जिस रूप से एक से अधिक प्राणियों, वस्तुओं या स्थानों आदि का बोध हो, उसे बहुवचन कहते हैं; जैसे-लड़कियाँ, पुस्तकें, भाषाएँ, बस्ते, चिड़ियाँ, दुकानें तथा वस्तुएँ आदि।

**2. निम्नलिखित एकवचन वाक्यों को बहुवचन वाक्यों में बदलिए–**

**उत्तर–** (क) मेरी पुस्तकें खो गई।
(ख) पेड़ से पत्ते गिर गए।
(ग) पूजा ने गुड़ियाएँ खरीदीं।
(घ) लेखक ने कविताएँ सुनाई।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में आई वचन की अशुद्धियाँ दूर करके इन्हें पुनः लिखिए–**

**उत्तर–** (क) मैं साइकिल चला रहा हूँ।
(ख) सुरभि तीन संतरे खा गई।
(ग) भारती ने गाना गाया।
(घ) रवि ने पकौड़ी खायी।

**4. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–** (क) पेड़ पर चिड़ियाँ बैठीं हैं।
(ख) उसकी आँख में पानी आ गया।
(ग) भारत में कई नदियाँ बहती हैं।
(घ) हमारे घर में बहुत सी वस्तुएँ थीं।
(ङ) हमारे घर में चार कमरे हैं।

# 7 सर्वनाम

### अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त किए जाने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं। जैसे यह विनय है।

(ख) सर्वनाम के छह भेद होते हैं–

1. पुरुषवाचक सर्वनाम
2. निश्चयवाचक सर्वनाम
3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम
4. संबंधवाचक सर्वनाम
5. प्रश्नवाचक सर्वनाम
6. निजवाचक सर्वनाम

(ग) पुरुषवाचक सर्वनाम-जो सर्वनाम बात को कहने वाले, सुनने वाले तथा किसी अन्य व्यक्ति या प्राणी के लिए प्रयोग होते हैं, उन्हें पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं।

(घ) निश्चयवाचक सर्वनाम-जो सर्वनाम निकट या दूर की निश्चित वस्तु अथवा प्राणी के होने का संकेत करे, उसे निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं; जैसे-यह, ये, वह, वे।

- ये हमारी पुस्तकें हैं।
- हमारी दुकान यह नहीं वह है।
- वे रवि के मित्र हैं।

अनिश्चयवाचक सर्वनाम-वे सर्वनाम जिनसे किसी निश्चित प्राणी या वस्तु का बोध न होता हो, उन्हें अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं; जैसे-कोई, कुछ आदि।

- दरवाजे पर कोई खड़ा है, जाकर देख लो।
- बाजार से कुछ फल ले आओ।

**2. बॉक्स में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) सर्वनाम के छह भेद होते हैं।

(ख) पुरुषवाचक सर्वनाम के तीन उपभेद होते हैं।

(ग) निश्चयवाचक सर्वनाम से निकट या दूर की निश्चित वस्तु या प्राणी की ओर संकेत किया जाता है।

(घ) मैं अपना कार्य स्वयं करूँगा।

**3. सत्य अथवा असत्य लिखिए–**

**उत्तर–** (क) सत्य (ख) सत्य (ग) असत्य (घ) सत्य

(ङ) सत्य (च) असत्य (छ) सत्य

**4. निम्नलिखित सर्वनाम शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–** (क) जिसका = **वह घर मेरा है जिसका पीला दरवाजा है।**

(ख) स्वयं = **रीता अपना कार्य स्वयं करती है।**

(ग) कुछ = **उसने मुझे कुछ बात बताई थी।**

(घ) कौन = **तुम कौन हो?**

(ङ) तुम = **तुम कल दिल्ली जा रहे हो।**

(च) वह = **वह आज स्टेशन पर उतरेगा।**

(छ) कोई = **कोई भी उसका विश्वास नहीं करता**

# 8 विशेषण

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं।

(ख) वे संज्ञा या सर्वनाम शब्द जिनकी विशेषता बताई जाती है, विशेष्य कहलाते हैं।

(ग) विशेषण मुख्य रूप से पाँच प्रकार के होते हैं-

1. गुणवाचक विशेषण
2. परिमाणवाचक विशेषण
3. संख्यावाचक विशेषण
4. संकेतवाचक विशेषण
5. व्यक्तिवाचक विशेषण

(घ) परिमाणवाचक विशेषण-जो विशेषण किसी वस्तु की नाप-तौल या मात्रा बताते हैं, परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं; जैसे-

- मुझे थोड़ा पानी दीजिए।
- दो किलो चावल ले आओ।

(ङ) विशेषणों की तीन अवस्थाएँ होती हैं। मूलावस्था, उत्तरावस्था, उत्तमावस्था।

**2. बॉक्स में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द **विशेषण** कहलाते हैं।

(ख) जिन शब्दों की विशेषता बताई जाती है, वे **विशेष्य** कहलाते हैं।

(ग) विशेषण **पाँच** प्रकार के होते हैं।

(घ) किसी वस्तु की नाप-तौल या मात्रा बताने वाले विशेषणों को **परिमाणवाचक** विशेषण कहते हैं।

(ङ) **सार्वनामिक** विशेषण संज्ञा से पूर्व आकर उसकी ओर संकेत करता है।

# 9 क्रिया

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) जिस शब्द से किसी कार्य का करना या होना पाया जाता है, उसे क्रिया कहते हैं। जैसे– लड़के खेलते हैं।

(ख) क्रिया के मूल रूप को धातु कहते हैं; जैसे-खेल, हँस, पढ़, खा आदि धातु हैं।

(ग) कर्म के आधार पर क्रिया के दो भेद होते हैं-1. सकर्मक क्रिया, 2. अकर्मक क्रिया

(घ) अकर्मक क्रिया-अकर्मक का अर्थ है-बिना कर्म का। जिस क्रिया को अपना अर्थ पूरा करने के लिए कर्म की आवश्यकता नहीं होती और क्रिया का फल सीधा कर्ता पर पड़ता है, उसे अकर्मक क्रिया कहते हैं। जैसे-1. राम लिखता है।

**2. सत्य अथवा असत्य लिखिए–**

**उत्तर–** (क) सत्य (ख) सत्य (ग) सत्य (घ) असत्य

**3. निम्नलिखित वाक्यों की क्रियाओं को रेखांकित कीजिए–**

**उत्तर–** (क) नेहा, मीनू और रश्मि ने मिलकर गीत गाए।

(ख) शिवम ने चार पेन लिए।

(ग) क्या तुमने खाना खा लिया था?

(घ) वह विद्यालय जा रहा है।

**4. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया सकर्मक है या अकर्मक? लिखिए–**

**उत्तर–** (क) अकर्मक (ख) अकर्मक (ग) सकर्मक

(घ) सकर्मक (ङ) सकर्मक (च) सकर्मक

# 10 कारक

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उसका संबंध क्रिया से जाना जाता है, उसे कारक कहते हैं।

- अक्षय पेन से पत्र लिख रहा है।
- मोहन राहुल के लिए किताब लाया।

(ख) कारक के आठ भेद होते हैं। ये भेद संलग्न तालिका में दिए गए हैं–

| | कारक | विभक्ति चिह्न |
|---|---|---|
| 1. | कर्ता | ने (या कोई चिह्न नहीं) |
| 2. | कर्म | को |
| 3. | करण | से |
| 4. | संप्रदान | के लिए, को |
| 5. | अपादान | से (अलग होना) |
| 6. | संबंध | का, की, के, रा, री, रे |
| 7. | अधिकरण | में, पर |
| 8. | संबोधन | हे! अजी! अरे! आदि |

(ग) कर्ता कारक-संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से क्रिया के करने वाले का बोध हो, उसे कर्ता कारक कहते हैं; जैसे-नेहा ने चित्र बनाया।

(घ) 'करण कारक' तथा 'अपादान कारक' दोनों का विभक्ति-चिह्न 'से' है, परंतु करण कारक में 'से' साधन के अर्थ में प्रयुक्त होता है और अपादान कारक में 'से' 'अलग होने' के अर्थ में प्रयुक्त होता है।

**2. सत्य अथवा असत्य लिखिए–**

**उत्तर–** (क) असत्य (ख) सत्य (ग) सत्य (घ) असत्य

**3. निम्नलिखित वाक्यों में आए कारकों के नाम लिखिए–**

**उत्तर–** (क) कर्ताकारक (ख) अधिकरण कारक (ग) अपादान कारक
(घ) कर्म कारक (ङ) अधिकरण (च) संप्रदान कारक

**4. निम्नलिखित विभक्ति-चिह्नों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–** (क) राम ने रावण को मार डाला।
(ख) अभिजीत ने प्रथम स्थान अर्जित किया।
(ग) पेड़ से टहनी टूटकर नही में जा गिरी।
(घ) घर पर बबीता अकेली है।
(ङ) देश में महँगाई से हाहाकार मच गया।
(च) पेड़ से पत्ते गिर रहे हैं।

# 11 काल

## अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) क्रिया के जिस रूप से उसके समय का बोध हो, उसे काल कहते हैं।
(ख) काल के तीन भेद होते हैं-
1. भूतकाल 2. वर्तमान काल 3. भविष्यत् काल
(ग) भविष्यत् काल-क्रिया के जिस रूप से आने वाले समय में कार्य के होने का बोध हो, उसे भविष्यत् काल कहते हैं; जैसे-
- नेहा कविता लिखेगी।
- रमन खाना खाएगा।
- मोहन कल विद्यालय जाएगा।

**2. बॉक्स में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) जो समय अब चल रहा है, उसे **वर्तमान** काल कहा जाता है।
(ख) जो समय बीत चुका, उसे **भूतकाल** कहते हैं।
(ग) आने वाले समय को **भविष्यत् काल** कहते हैं।

**3. निम्नलिखित वाक्यों के काल लिखिए-**

**उत्तर–** (क) अपूर्ण भूतकाल (ख) सामान्य भविष्यत् काल
(ग) अपूर्ण वर्तमान (घ) पूर्ण भूतकाल
(ङ) संभाव्य भविष्यत् काल (च) आसन्न भूत काल
(छ) अपूर्ण वर्तमान (ज) सामान्य भविष्यत् काल

4. **निम्नलिखित वाक्यों का निर्देशानुसार काल परिवर्तन करके लिखिए–**

**उत्तर–** (क) नमन स्कूल जा रहा था।
(ख) नकुल खाना खा रहा है।
(ग) माली फूल तोड़ेगा।
(घ) बच्चों ने पाठ याद कर लिया होगा।
(ङ) मैं इस विद्यालय में पढ़ता हूँ।
(च) सुनीता ने कहानी लिखी।

5. **दो-दो वाक्य लिखिए–**

**उत्तर–** (क) वर्तमान काल — **मैं विद्यालय जाता हूँ।**
**मैं अभी पढ़ाई कर रहा हूँ।**

(ख) भूतकाल — **वह मेरे घर आया था।**
**राघव दिल्ली जा रहा था।**

(ग) भविष्यत् काल — **आलिया नया घर लेगी।**
**विकास स्कूल नहीं आयेगा।**

# 12 अव्यय

## अभ्यास

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) जिन शब्दों में लिंग, वचन, कारक आदि के कारण कोई परिवर्तन नहीं होता, उन्हें अव्यय कहते हैं।

(ख) अव्यय चार प्रकार के होते हैं-
1. क्रियाविशेषण
2. संबंधबोधक
3. समुच्चयबोधक
4. विस्मयादिबोधक

(ग) क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्द क्रियाविशेषण कहलाते हैं।

(घ) क्रियाविशेषण के चार भेद होते हैं-

(i) कालवाचक क्रियाविशेषण-जिन शब्दों से क्रिया के होने के समय का पता चलता है, उन्हें कालवाचक क्रियाविशेषण कहते हैं; जैसे-
- हम कल दिल्ली जाएँगे।
- अब खेलने जाओ।
- नीमा अभी-अभी गई है।

इन वाक्यों में 'कल', 'अब' तथा 'अभी-अभी' शब्द क्रिया के होने के समय का बोध करा रहे हैं; अतः ये कालवाचक क्रियाविशेषण हैं।

(ii) स्थानवाचक क्रियाविशेषण-वे शब्द जो क्रिया के होने के स्थान का बोध कराएँ, वे शब्द स्थानवाचक क्रियाविशेषण कहलाते हैं; जैसे–
- रवि यहाँ खेलता था।
- तुम कहाँ पढ़ रहे थे?
- बाहर जाओ।

उपर्युक्त वाक्यों में प्रयुक्त शब्द 'यहाँ', 'कहाँ', 'बाहर' क्रिया के होने का स्थान बता रहे हैं; अतः ये स्थानवाचक क्रियाविशेषण हैं।

(iii) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण-जिन शब्दों से क्रिया के परिमाण या नाप-तौल का पता चलता है, उन्हें परिमाणवाचक क्रियाविशेषण कहते हैं; जैसे-
- राहुल बहुत बोलता है।
- मीता कम खाती है।

उपर्युक्त वाक्यों में प्रयुक्त 'बहुत' तथा 'कम' शब्दों से क्रिया के परिमाण का पता चलता है; अतः ये परिमाणवाचक क्रियाविशेषण हैं।

(iv) रीतिवाचक क्रियाविशेषण-जो शब्द क्रिया के होने की रीति या ढंग प्रकट करें, उन्हें रीतिवाचक क्रियाविशेषण कहते हैं; जैसे-

- वह धीरे-धीरे खा रहा था।
- उसने मुझे मुस्कराकर देखा।
- वह चुपचाप पढ़ रहा था।

उपर्युक्त वाक्यों में प्रयुक्त 'धीरे-धीरे', 'मुस्कराकर' तथा 'चुपचाप' शब्द क्रिया के होने का ढंग बता रहे हैं; अतः ये रीतिवाचक क्रियाविशेषण हैं।

**2. निम्नलिखित वाक्यों में आए संबंधबोधक शब्दों को रेखांकित कीजिए–**

**उत्तर–** (क) कौआ पेड़ के ऊपर बैठा है। (ख) मेरे घर के पीछे स्कूल है।
(ग) स्कूल के सामने अस्पताल है।

**3. निम्नलिखित वाक्यों से समुच्चयबोधक शब्द छाँटकर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) और (ख) तो (ग) ताकि

**4. विस्मयादिबोधक शब्दों द्वारा रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) **वाह!** क्या सुंदर दृश्य है। (ख) **काश!** तुम मेरे साथ होते।
(ग) **छिः!** कितनी बदबू है। (घ) **हाय!** मेरी पुस्तक खो गई।
(ङ) **ओह!** तुम आ गए।

# 13 वाक्य-विचार

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) वाक्य की परिभाषा लिखिए।
(ख) वाक्य कितने प्रकार के होते हैं? नाम लिखिए।
(ग) उद्देश्य और विधेय से आप क्या समझते हैं?
(घ) इच्छावाचक वाक्य किसे कहते हैं? एक उदाहरण दीजिए।
(ङ) आज्ञावाचक वाक्य से आप क्या समझते हैं?

**2. बॉक्स में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) शब्दों के सार्थक समूह को वाक्य कहते हैं।
(ख) हम जिसके विषय में बात करते हैं, वह वाक्य का उद्देश्य होता है।
(ग) वाक्य आठ प्रकार के होते हैं।
(घ) उद्देश्य के अंतर्गत वाक्य का कर्ता तथा उसके विशेषण आते हैं।

**3. निम्नलिखित वाक्यों को दिए गए निर्देशों के अनुसार बदलकर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) रवि, गृहकार्य करो।
(ख) नमन का भाई कौन सी कक्षा में पढ़ता है?
(ग) माता जी खाना बना रही हैं।
(घ) सरिता कल स्कूल में गाना नहीं गाएगी।
(ङ) क्या कर दिया तुमने?

4. **सत्य अथवा असत्य लिखिए–**

**उत्तर–** (क) सत्य (ख) सत्य (ग) सत्य (घ) सत्य (ङ) असत्य

5. **निम्नलिखित वाक्यों में से उद्‌देश्य और विधेय छाँटकर उचित स्थान पर लिखिए–**

**उत्तर–**

| | उद्‌देश्य | विधेय |
|---|---|---|
| (क) | रोहन | खाना खा रहा है। |
| (ख) | ताजमहल | आगरा में है। |
| (ग) | हम | कल दिल्ली जा रहे हैं। |
| (घ) | मेरे चाचा जी | एक फैक्ट्री में काम करते हैं। |
| (ङ) | सूरज | पूर्व दिशा से निकलता है। |

# 14 विराम-चिह्न

**अभ्यास**

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) विराम का अर्थ है-रुकना या ठहरना।

(ख) प्रश्नवाचक चिह्न (?)-जिस वाक्य में प्रश्न पूछा जाता है, उसके अंत में प्रश्नवाचक चिह्न (?) लगाया जाता है; जैसे- तुम क्या खा रहे हो?

(ग) योजक (-)-शब्दों के जोड़ों को परस्पर जोड़ने में इस चिह्न का प्रयोग किया जाता है; जैसे-राजा-रानी, दिन-रात, लाभ-हानि, कभी-कभी आदि।

2. **निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम-चिह्नों का प्रयोग करके वाक्य पुनः बनाइए–**

**उत्तर–** (क) अमर, क्या पीना पसंद करोगे? (ख) चलो कहीं खेलने चलें।

(ग) नेहा, रीना और रमा हँस रही है।

3. **निम्नलिखित चिह्नों को पहचानकर उसका नाम लिखिए तथा उसी का प्रयोग करते हुए एक-एक वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–**

| | | |
|---|---|---|
| ? | **प्रश्नवाचक चिह्न्** | **क्या तुम हिन्दी बोलते हो?** |
| , | **अल्प विराम** | **राम, लक्ष्य और सीता वनवास गये थे।** |

# 15 शब्दों के विभिन्न रूप

**अभ्यास**

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) संस्कृत के मूल शब्द हिंदी में प्रयुक्त होने पर तत्सम कहलाते हैं। संस्कृत के जो शब्द परिवर्तित होकर हिंदी भाषा में सम्मिलित हो गए हैं, उन्हें तद्‌भव शब्द कहते हैं।

(ख) हिंदी में कुछ शब्द ऐसे हैं, जो देखने में समान अर्थ वाले प्रतीत होते हैं, परंतु उनके अर्थ में थोड़ा भेद होता है। यह भेद नहीं समझ पाने पर प्रायः उचित शब्द का चुनाव नहीं हो पाता।

**उदाहरण :** दीन-दुखियों के प्रति मन में उठने वाला भाव।
किसी वस्तु को चाहना।
कोई विशेष इच्छा।

**2. रंगीन शब्दों के विलोम शब्द लिखकर वाक्य पूर्ण कीजिए–**

**उत्तर–** (क) हमें बड़ों का सम्मान करना चाहिए, न कि अपमान।

(ख) सदा सत्य बोलो, झूठ बोलना पाप है।

(ग) नीता आस्तिक है, पर उसकी बहन नास्तिक है।

**3. निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची लिखिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **उत्तर–** (क) | शिव | = | **नीलकंठ** | **हर** | **महादेव** |
| (ख) | बादल | = | **नभ** | **मेघ** | **घन** |
| (ग) | मछली | = | **मीन** | **मत्स्य** | **मकर** |

**4. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–** (क) राजा = **राजा अशोक एक महान शासक थे।**

(ख) मोर = **मोर भारत का राष्ट्रीय पक्षी है।**

(ग) सुरेश = **सुरेश हमारी कक्षा का एक मूर्ख लड़का है।**

# 16 वाक्यांश के लिए एक शब्द

## अभ्यास

**1. निम्नलिखित शब्दों के लिए वाक्यांश (अनेक शब्द) लिखिए-**

**उत्तर–** (क) यशस्वी — **जिसे यश मिला हो**

(ख) निर्दय — **जिसमें दया न हो**

(ग) असंभव — **जो संभव नही है**

(घ) निंदक — **निंदा करने वाला**

(ङ) सहपाठी — **साथ में पढ़ने वाला**

(च) दूरदर्शी — **दूर तक देखने वाला/दूर तक सोचने वाला**

(छ) साप्ताहिक — **सप्ताह में एक बार में होने वाला**

**2. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए–**

**उत्तर–** (क) ऋणी (ख) विधवा (ग) शाकाहारी

(घ) अजातशत्रु (ङ) अदृश्य (च) तपस्वी

# 17 मुहावरे और लोकोक्तियाँ

## अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) जो वाक्यांश अपने सामान्य अर्थ को छोड़कर विशेष अर्थ का बोध कराते हैं, उन्हें मुहावरे कहते हैं।

अक्ल पर पत्थर पड़ना् बुद्धि नष्ट हो जाना।

जब बुरे दिन आते हैं तो मनुष्य की अक्ल पर पत्थर पड़ जाते हैं।

(ख) नहीं, चूँकि ये विशेष अर्थ में प्रयुक्त होते हैं।

(ग) समाज के अनुभवों के सार को लोकोक्तियाँ अथवा कहावत कहते हैं।

**2. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–** (क) गाँठ बाँधना – सदैव स्मरण रखना

परीक्षा में असफल होने के बाद मनीष ने गाँठ बाँध ली है की समय का सदुपयोग करना चाहिए।

(ख) कफन सिर पर बाँधना – प्राणों की चिंता न करना

भारतीय सैनिको ने सिर पर कफन बाँधकर युद्ध किया था।

(ग) चिकना घड़ा – जिस प र किसी बात का असर न हो।

बबलू बहुत शरारती है। डांटने पर भी नहीं मानता। यह तो एकदम चिकना घड़ा है।

(घ) मुँह की खाना – असफलता मिलना

रमा ने बहुत तेज दौड़ लगाई। सब को उसके सामने मुँह की खानी पड़ी।

(ङ) एकमात्र सहारा – जिसे अतिरिक्त अन्य कोई न हो

श्रवण अपने माता-पिता का एकमात्र सहारा है।

**3. उचित मुहावरों द्वारा रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) रोहित अपने माता-पिता की **आँखों का तारा** है।

(ख) सब कुछ गँवाने के बाद भी अक्षत की **आँखें नहीं खुलीं।**

(ग) आजकल भाई ही भाई **के खून का प्यासा** हो गया है।

(घ) नमन छोटी-छोटी बातों पर भी **आग बबूला** हो जाता है।

**4. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों का उनके अर्थों से उचित मिलान कीजिए–**

**उत्तर–**

| | |
|---|---|
| आँखें खुलना | **होश में आना** |
| कमर कसना | **तैयार होना** |
| छोटा मुँह बड़ी बात | **बहुत बढ़-चढ़कर बातें करना** |
| आगे कुआँ पीछे खाई | **चारों ओर से विपत्ति** |
| आग लगाना | **झगड़ा कराना** |
| काला अक्षर भैंस बराबर | **अनपढ़ होना** |

**5. निम्नलिखित लोकोक्तियों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–** (क) जिसकी लाठी उसकी भैंस – जो शक्तिशाली है उसी का अधिकार माना जाता है।

जमींदार ने बदमाशों को भेजकर गरीब बुढ़िया की जमीन पर कब्जा कर लिया है। सही कहते हैं जिसकी लाठी उसकी भैंस।

(ख) एक पंथ दो काज – एक साथ दो कार्य सिद्ध करना।

मैं कल सैर पर गया था। वही से मुझे ताजे फल बेचता एक आदमी भी मिल गया। मैंने फल भी ले लिए। यह तो एक पंथ दो काज हो गए।

(ग) घर की मुर्गी दाल बराबर – सरलता से प्राप्त

राम के पास आम का बाग है परंतु वह उन्हें कभी नहीं खाता उसके लिए घर की मुर्गी दाल बराबर है।

# अनुच्छेद-लेखन

**अभ्यास**

**निम्नलिखित विषयों पर अनुच्छेद लिखिए–**

**उत्तर– (ख) वृक्षों का महत्व**

वृक्ष हमारे मित्र और संरक्षक हैं। वे हमे कई बहुमूल्य वस्तुऐ प्रदान करते हैं। वृक्षों से ही हमें फल, फूल, गोंद, रबर और लकड़ी प्राप्त होती है। जिसका प्रयोग हम जीवन में करते हैं। वृक्षों के द्वारा भूमि का कटाव नहीं होता और उसकी उत्पादकता बनी रहती है। इससे हम बाढ़ से और भूस्खलन से बचते हैं। वृक्ष हमारे जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी है। वृक्ष वातावरण से प्राणदायक कार्बन-डाइ-ऑक्साइड गैस को ग्रहण करते हैं। वृक्षो के महत्व को देखते हुए ही भारतीय संस्कृति में उन्हे देवतुल्य कहा गया है। अतः हमें अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए।

**(घ) मेरा घर**

मेरा घर बहुत सुंदर है। मैं इसमें अपने माता-पिता और भाई के साथ रहता हूँ। मेरे पिता जी पत्रकार हैं। वे हिंदुस्तान टाइम्स में नौकरी करते हैं। मेरी माता जी डॉक्टर हैं। वे अस्पताल में जाती हैं। माता जी ने घर को सुंदर ढंग से सजाया हुआ है। वे सारा दिन किसी-न-किसी काम में लगी रहती हैं। मैं भी घर के काम करने लगा हूँ। मेरा भाई यश अभी छोटा है। वह अब स्कूल जाने लगा है। उसे शरारतों के अतिरिक्त कुछ नहीं सूझता। पिता जी हमारे साथ बच्चे बन जाते हैं। वे हमारे साथ खूब खेलते हैं। वे अच्छे लेखक हैं। उनके लेख अखबारों में छपते हैं। मुझे अपना घर सबसे अच्छा लगता है।

कबड्डी हमारे देश का प्राचीन खेल है। आज इसका प्रचलन अन्य देशों में भी हो गया है। कबड्डी का खेल किसी भी खुले मैदान में खेला जा सकता है। इसके लिए किसी प्रकार के उपकरणों या सामान की आवश्यकता नहीं होती। इस खेल के नियम भी अत्यंत सरल हैं। इस खेल में मन, शरीर और मस्तिष्क तीनों का सक्रिय योगदान रहता है। इस खेल में व्यायाम के साथ-साथ मनोरंजन भी खूब होता है। कबड्डी खेलने से श्वास लेने की शक्ति बढ़ती है तथा शरीर की मांसपेशियाँ पुष्ट होती हैं। कबड्डी चुस्ती, फुर्ती तथा शक्ति का खेल है। इस खेल को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय बनाने के प्रयास भी किए जाने चाहिए।

**(ङ) राष्ट्रीय पशु-बाघ**

बाघ हमारे देश का राष्ट्रीय पशु है। यह बहुत ही आकर्षक और विशाल पशु होता है। यह मांसाहारी होता है। इसके शरीर पर सुंदर काली धारियाँ होती हैं। बाघ भारत के साथ-साथ बांग्लादेश का भी राष्ट्रीय पशु है। रॉयल बंगाल बाघ सबसे बड़ा बाघ होता है। बाघ के लम्बे दाँत और नाखून होते हैं। भारत में शिकारी अवैध रूप से बाघो का शिकार करते हैं। इससे बाघों की संख्या बहुत कम हो गई थी। भारत सरकार ने तब 'बाघ बचाओ' अभियान की शुरुआत की। अब धीरे-धीरे बाघों की संख्या बढ़ने लगी है।

## 19 पत्र-लेखन

**अभ्यास**

**निम्नलिखित विषयों पर पत्र लिखिए–**

**उत्तर– (ख) परीक्षा में असफल होने पर भाई को सांत्वना-पत्र**

125, शास्त्री नगर,
दिल्ली।
दिनांक : ....................
प्रिय अक्षत,
शुभाशीष।
मुझे यह जानकर अत्यंत दुःख हुआ की तुम अपनी विद्‌यालय की परीक्षा में असफल हो गए हो। यह सब तुम्हारी लापरवाही का ही परिणाम है। परंतु अब निराश होकर कोई लाभ नहीं है। तुम्हें अभी से मन लगाकर पढ़ाई शुरु करनी है। मुझे विश्वास है की तुम अगली बार बहुत अच्छे अंको से परीक्षा उत्तीर्ण करोगे। माता-पिता जी को मेरा प्रणाम कहना।
तुम्हारा भाई,
अजीत

**उत्तर– (घ) प्रधानाचार्य को आवश्यक कार्य हेतु अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र**

सेवा में,
प्रधानाचार्य,
भगतसिंह पब्लिक स्कूल
नैनीताल।
महोदय,
सविनय निवेदन यह है की मैं एक आवश्यक कार्य हेतु अपने पिता के साथ लखनऊ जा रहा हूँ। मैं दो दिन तक विद्यालय आने में असमर्थ हूँ। आपसे प्रार्थना है मुझे दो दिन का अवकाश प्रदान करने की कृपा करें। मैं सदैव आपका आभारी रहूँगा।
आपका आज्ञाकारी शिष्य
शिन नेगी
कक्षा 4-ब
दिनांक : ...............

## 20 कहानी-लेखन

**अभ्यास**

**निम्नलिखित विषयों पर कहानियाँ लिखिए–**

**प्यासा कौआ**

एक बार की बात है एक जंगल में एक कौआ रहता था। जंगल में बिल्कुल बारिश नहीं हुई थी। चारो तरफ सूखा पड़ गया था। कौआ प्यास से व्याकुल होकर इधर-उधर भटक रहा था। उड़ते-उड़ते वह एक गाँव के निकट आ गया। वहाँ उसने देखा की एक घड़े में साफ पानी

चमक रहा था। कौआ जैसे ही घड़े पर बैठा तो देखा की पानी घड़े की तली में था जहाँ कौए की चोंच नही पहुँच पा रही थी। कौआ अब परेशान हो गया परंतु उसने हार नहीं मानी। उसने वहाँ बिखरे कंकड़ो को चुन-चुन कर घड़े में डालना शुरु कर दिया। धीरे-धीरे घड़े का पानी ऊपर की ओर आ गया। अब कौए ने जी भर कर पानी पिया और वहाँ से उड़ गया।

**शिक्षा–**बुद्धिमान व्यक्ति संकट से बाहर आ जाते हैं।

### बंदर और बिल्लियाँ

एक बार की बात है। एक गाँव में दो बिल्लियाँ रहतीं थी। वे दोनो वैसे तो साथ-साथ रहती थी परंतु कभी-कभी बहुत झगड़ती भी थी। एक बार उनमें से एक बिल्ली को गर्मा-गर्म रोटी हाथ लग गई। दूसरी बिल्ली भी उससे अपना हिस्सा मांगने लगी। उन दोनो में झगड़ा बढ़ गया। तब वे एक बंदर के पास गईं और बोली–“बंदर मामा आप ही न्याय करो।” तब बंदर बोला–“बिल्कुल! मैं एक तराजू द्वारा इस रोटी के दो बराबर भाग करकर तुम दोनो में बांट दूँगा।” बिल्ली मान गईं। फिर बंदर बारी-बारी से दोनो पलड़ों में रोटी का टुकड़ा रखता और कम ज्यादा होने पर रोटी खा जाता। जब रोटी थोड़ी सी रह गई तो बिल्लियाँ बोली–“बस-बस मामा! अब और टुकड़े मत करना।” बंदर बोला–“ये आखिरी टुकड़ा तो मेरे न्याय करने का मूल्य है।” उस टुकड़े को भी बंदर खा गया और बिल्लियाँ एक दूसरे का मुँह देखती रह गई।

**शिक्षा–**आपसी झगड़े में हमेशा कोई तीसरा पक्ष लाभ उठा लेता है।

# 21 निबंध-लेखन

### अभ्यास

**निम्नलिखित विषयों पर निबंध लिखिए–**

**उत्तर– (क) हमारा देश भारत**

भारत एक महान देश है और हम सब भारतमाता की संतानें हैं। राजा दुष्यंत के पुत्र भरत के नाम पर इसका नाम ‘भारत’ पड़ा। यह एक विशाल देश है। जनसंख्या के आधार पर यह संसार में दूसरे स्थान पर है। इस समय इसकी जनसंख्या एक अरब से भी अधिक है।

भारत की प्राकृतिक बनावट एवं इसकी संपदा अद्भुत है। भारत के उत्तर में हिमालय है और शेष तीन ओर समुद्र है। यहाँ पर अनेक पर्वत, नदियाँ, मैदान और मरुस्थल हैं।

भारत का क्षेत्रफल बहुत विशाल है। भारत एक कृषि-प्रधान देश है। यहाँ की लगभग 80 प्रतिशत जनता गाँवों में रहती है। यहाँ गेहूँ, मक्का, ज्वार, धान तथा गन्ना आदि विभिन्न प्रकार की फसलें होती हैं। यहाँ की धरती बहुत उपजाऊ है। यहाँ के हरे-भरे वन इसकी शोभा बढ़ाते हैं और यहाँ गंगा-यमुना जैसी पवित्र नदियाँ बहती हैं।

यहाँ ताजमहल, लाल किला, कुतुबमीनार, स्वर्णमंदिर, अजंता तथा एलोरा की गुफाएँ देखने योग्य हैं। यहाँ शिमला, मसूरी, श्रीनगर, नैनीताल आदि पर्वतीय क्षेत्र भ्रमण की दृष्टि से अति उत्तम हैं।

भारत की इस पवित्र भूमि पर श्रीराम, श्रीकृष्ण, गुरुनानक, बुद्ध, विवेकानंद, दयानंद, रामतीर्थ तथा गांधी जैसे महापुरुष हुए हैं। यहाँ पर अनेक तीर्थस्थल हैं। यह हमारी प्रिय मातृभूमि है।

भारत की भूमि में सोना, चाँदी, ताँबा, लोहा, कोयला आदि अनेक प्रकार की धातुएँ व खनिज मिलते हैं।

यहाँ भिन्न-भिन्न जाति और धर्मों के लोग बड़े प्रेम से रहते हैं। वे सब अपने-अपने ढंग से पूजा-अर्चना करते हैं।

ईश्वर से हम सब यही प्रार्थना करते हैं कि हमारा देश दिन दुगुनी रात चौगुनी उन्नति करे।

**उत्तर– (ग) स्वतंत्रता दिवस**

15 अगस्त, 1947 को अंग्रेजों का शासन समाप्त हुआ और भारत देश आजाद हुआ। भारत में तब से ही प्रत्येक 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जाता है। इस अवसर पर सभाएँ और खेल कूद होते हैं तथा तिरंगा झंडा फहराया जाता है।

दिल्ली हमारे देश की राजधानी है। सबसे बड़ा उत्सव लालकिले पर होता है। भारत के प्रधानमंत्री लालकिले पर राष्ट्रध्वज फहराते हैं। अन्य राष्ट्रों के राजदूत तथा हमारे देश के गणमान्य व्यक्तियो सहित हजारों नर-नारी लालकिले के सामने एकत्र होते हैं। राष्ट्र ध्वज को 21 तोपों की सलामी दी जाती है। इसके बाद प्रधानमंत्री राष्ट्र को संबोधित करते हैं। स्वतंत्रता दिवस हमें शहीदों की याद दिलाता है। वे लोग जेल गए, अत्याचार सहे, अनेक देशभक्तों को फाँसी हुई, लेकिन वे आजादी लेकर रहे। इस दिन हम यह प्रतिज्ञा करते हैं की देश की स्वतंत्रता हमेशा बनाए रखेंगे।

**उत्तर– (ङ) मेरा प्रिय मित्र**

हमारे देश के इतिहास में महात्मा गांधी का नाम अत्यंत आदरपूर्वक लिया जाता है। उन्हें राष्ट्रपिता कहकर सम्मानित किया गया है। हम प्यार से उन्हें 'बापू' भी कहते हैं। उनका पूरा नाम मोहनदास करमचंद गांधी था।

महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर, 1869 ई० को गुजरात के पोरबंदर नामक स्थान पर हुआ था। इनके पिता राजकोट की रियासत में दीवान थे। इनकी माता पुतलीबाई धार्मिक विचारों की महिला थीं।

गांधी जी उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए इंग्लैंड गए। वहाँ से वे बैरिस्टर बनकर भारत लौटे। उन्होंने बंबई (मुंबई) उच्च न्यायालय में अपनी वकालत प्रारंभ की। इसी बीच एक मुकदमे के सिलसिले में उन्हें दक्षिण अफ्रीका जाना पड़ा। वहाँ के भारतीयों पर अंग्रेजों के अत्याचार देखकर उनका हृदय दहल गया। उन्होंने अंग्रेजी सरकार के विरुद्ध आंदोलन चलाया।

भारत लौटकर वे स्वतंत्रता आंदोलन चलाने में पूरी तरह जुट गए। उन्होंने सत्य और अहिंसा का मार्ग अपनाया। इसके लिए उन्हें कई बार जेल भी जाना पड़ा, परंतु उन्होंने हार नहीं मानी और उनके अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप अंततः 15 अगस्त, 1947 ई० को देश स्वतंत्र हो गया। गांधी जी ने स्त्री-शिक्षा, अछूतोद्धार, खादी-प्रचार आदि का काम भी बड़ी लगन के साथ किया।

30 जनवरी, 1948 ई० को नाथूराम गोडसे ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। अंतिम समय में उनके मुख से 'हे राम' निकला। उनकी मृत्यु से संपूर्ण संसार शोक में डूब गया।

1 खंड 'क' : व्याकरण

# भाषा और व्याकरण

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) वह साधन, जिसके द्‍वारा हम अपने मन के भावों व विचारों को बोलकर या लिखकर प्रकट करते हैं तथा दूसरों के विचारों को स्वयं समझते हैं, भाषा कहलाता है।

(ख) लिखित भाषा-जब अपने विचारों को लिखकर दूसरों तक पहुँचाया जाता है तथा दूसरों के विचारों को पढ़कर समझा जाता है, तो उसे 'लिखित भाषा' कहा जाता है। यह भाषा का विकसित स्वरूप है। आजकल विचारों को प्रकट करने के लिए भाषा के इस रूप का विभिन्न माध्यमों, जैसे-समाचार-पत्रों, पुस्तकों व लेखों आदि में बहुतायत से प्रयोग किया जा रहा है।

(ग) भाषा का रूप हर जगह एक-सा नहीं होता है। क्षेत्र विशेष के अनुसार उसमें कुछ विभिन्नताएँ आ जाती हैं। भाषा के इसी क्षेत्रीय रूप को 'बोली' कहा जाता है।

(घ) वह शास्त्र जो भाषा के शुद्‍ध रूप का ज्ञान कराता है, व्याकरण कहलाता है। व्याकरण के तीन अंग होते हैं–

1. वर्ण-विचार 2. शब्द-विचार 3. वाक्य-विचार

**2. बॉक्स में से शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

(क) किसी को पत्र लिखना भाषा का **लिखित** रूप है।

(ख) हिंदी भाषा की लिपि **देवनागरी** है।

(ग) **पंजाबी** भाषा गुरुमुखी लिपि में लिखी जाती है।

(घ) **व्याकरण** भाषा के शुद्‍ध रूप का ज्ञान कराता है।

(ङ) भाषा की मूल इकाई **वर्ण** है।

**3. सत्य अथवा असत्य लिखिए–**

(क) असत्य (ख) सत्य (ग) सत्य (घ) सत्य (ङ) सत्य

2

# वर्ण-विचार

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) वह छोटी-से-छोटी ध्वनि जिसके और टुकड़े न किए जा सकें, वर्ण कहलाती है।

(ख) वर्ण दो प्रकार के होते हैं-

1. स्वर 2. व्यंजन

(ग) ऊष्म व्यंजन-जिन व्यंजनों का उच्चारण करते समय वायु मुख से टकराकर गरमी उत्पन्न करती है, उन्हें ऊष्म व्यंजन कहते हैं। ऊष्म व्यंजन चार हैं-श्, ष्, स्, ह्

(घ) जो व्यंजन दो भिन्न व्यंजनों के संयोग से बनते हैं, उन्हें संयुक्त व्यंजन कहते हैं; जैसे-क् + ष = क्ष, त् + र = त्र, ज् + ञ = ज्ञ, श् + र = श्र

**2. बॉक्स में से शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) हिंदी भाषा में वर्णों के क्रमिक समूह को **वर्णमाला** कहते हैं।

(ख) **वर्ण** भाषा की सबसे छोटी इकाई है।

(ग) जिन स्वरों का उच्चारण करते समय सबसे कम समय लगता है, उन्हें **ह्रस्व** कहते हैं।

(घ) स्वर के **तीन** भेद होते हैं।

(ङ) दो समान व्यंजनों से मिलकर बने व्यंजन को **द्वित्व** व्यंजन कहते हैं।

**3. निम्नलिखित व्यंजनों में से स्पर्श, अंतःस्थ तथा ऊष्म व्यंजन छाँटकर लिखिए–**

**उत्तर–** स्पर्श **त, प, ट, क, च, ड, फ, ग, ण**

अंतःस्थ **य, र, ल, व**

ऊष्म **श, ष, स, ह**

# 3 शब्द-विचार

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) वर्णों के मेल से बने सार्थक समूह को शब्द कहते हैं।

(ख) 1. अर्थ के आधार पर शब्द-भेद 2. उत्तपति अथवा स्त्रोत के आधार पर
3. व्युत्पत्ति या रचना के आधार पर 4. प्रयोग के आधार पर

(ग) व्युत्पत्ति अथवा रचना के आधार पर शब्द-भेद-व्युत्पत्ति अथवा रचना की दृष्टि से शब्द तीन प्रकार के होते हैं-

(क) रूढ़ शब्द-ऐसे प्रचलित शब्द जिनके खंड करने पर उन खंडों का कोई अर्थ न निकले, रूढ़ शब्द कहलाते हैं।

**उदाहरण–** घर = घ + र जल = ज + ल
रोटी = रो + टी घोड़ा = घो + ड़ा

(ख) यौगिक शब्द-वे शब्द जो दो शब्दों के मेल से बनते हैं, यौगिक शब्द कहलाते हैं; जैसे-पाठ + शाला =पाठशाला सेना = पति + सेनापति।

(ग) योगरूढ़ शब्द-दो शब्दों के मेल से बनने वाले वे शब्द, जो किसी विशेष अर्थ का बोध कराते हों, योगरूढ़ शब्द कहलाते हैं; जैसे-लंबोदर = लंब + उदर (बड़े पेट वाला) = गणेश जी

नीलकंठ = नील + कंठ (नीले कंठ वाला) = शिवजी

(घ) अविकारी शब्द-वाक्य में प्रयोग करते समय जिन शब्दों के रूप में किसी भी कारण से विकार या परिवर्तन नहीं होता, उन्हें अविकारी शब्द कहते हैं। उदाहरण-

- घोड़ा तेज दौड़ा।
- घोड़े तेज दौड़े।
- वह कल आएगा।
- वे कल आएँगे।
- घर के बाहर बैठो।

इन उदाहरणों में तेज, कल तथा बाहर शब्द सभी परिस्थितियों में समान हैं, इनमें विकार नहीं आया है। अतः ये अविकारी शब्द हैं।

**2. प्रत्येक के लिए तीन-तीन उदाहरण लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| यौगिक शब्द | = | सेनानायक | योगशाला | शयनकक्ष |
| योगरूढ़ शब्द | = | चंद्रधर | लंबोदर | नीलकंठ |
| रूढ़ शब्द | = | घर | पानी | भैंस |

**3. निम्नलिखित तत्सम शब्दों के तद्भव रूप लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अग्नि | **आग** | चंद्र | **चांद** | दधि | **दही** |
| सर्प | **साँप** | अश्रु | **आँसू** | सूर्य | **सूरज** |

# 4 शब्द-रचना

## अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) हम शब्दों की रचना निम्नलिखित चार प्रकार से कर सकते हैं–

1. संधि द्वारा
2. समास द्वारा
3. उपसर्ग द्वारा
4. प्रत्यय द्वारा।

(ख) जो शब्दांश किसी शब्द से पहले जुड़कर उसका अर्थ बदल देते हैं, उन्हें उपसर्ग कहते हैं। रूढ़ शब्दों में उपसर्ग जोड़कर नए शब्द बनाए जाते हैं।

(ग) जो शब्दांश किसी शब्द के बाद जुड़कर उसका अर्थ बदल देते हैं, उन्हें प्रत्यय कहते हैं।

(घ) संधि का अर्थ है-मेल। व्याकरण में यह मेल दो वर्णों के निकट आ जाने से होता है; जैसे- परम + अणु = परमाणु विद्या + आलय = विद्यालय
देव + इंद्र = देवेंद्र

(ङ) दो या दो से अधिक शब्दों के मेल से यौगिक शब्द बनाना समास कहलाता है। इस प्रक्रिया में किसी बात को अनेक शब्दों में कहने के स्थान पर उसे संक्षिप्त कर दिया जाता है; जैसे-राजा का महल = राजमहल

**2. निम्नलिखित उपसर्गों से दो-दो शब्दों का निर्माण कीजिए–**

**उत्तर–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | परि | = | **परिवहन** | **परिवार** |
| (ख) | अ | = | **अज्ञात** | **असमान** |
| (ग) | सु | = | **सुफल** | **सुकुमार** |
| (घ) | अभि | = | **अभीष्ट** | **अभिशाप** |
| (ङ) | अप | = | **अपमान** | **अपादान** |

**3. निम्नलिखित प्रत्ययों से दो-दो शब्दों का निर्माण कीजिए–**

**उत्तर–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | ता | = | **सज्जनता** | **कठोरता** |
| (ख) | पन | = | **बचपन** | **अपनापन** |
| (ग) | आई | = | **कमाई** | **पकाई** |
| (घ) | ईय | = | **ईश्वरीय** | **सराहनीय** |
| (ङ) | इक | = | **दैनिक** | **नैतिक** |

**4. निम्नलिखित शब्दों में संधि कीजिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | नै | + | अक | = | **नायक** | (ख) | उत् | + | योग | = | **उद्योग** |
| (ग) | सदा | + | एव | = | **सदैव** | (घ) | नमः | + | कार | = | **नमस्कार** |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (ङ) | प्राण | + | आयाम | = | **प्राणायाम** | (च) | परम | + | ईश्वर | = | **परमेश्वर** |
| (छ) | सूर्य | + | उदय | = | **सूर्योदय** | (ज) | सत् | + | जन | = | **सज्जन** |
| (झ) | हिम | + | आलय | = | **हिमालय** | (ञ) | मनः | + | रथ | = | **मनोरथ** |

**5. निम्नलिखित में समास करके शब्द बनाइए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | राष्ट्र का पिता | = | **राष्ट्रपिता** |
| (ख) | नीला है कंठ जिसका | = | **नीलकठं** |
| (ग) | धन से हीन | = | **निर्धन** |
| (घ) | घन के समान श्याम | = | **धनश्याम** |
| (ङ) | राजा का कुमार | = | **राजकुमार** |
| (च) | दश हैं आनन जिसके | = | **दशानन** |

**6. निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग अलग करके लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | उपकार | **उप + कार** | (ख) | परिश्रम | **परि + श्रम** |
| (ग) | अधिकार | **अधि + कार** | (घ) | प्रतिदिन | **प्रति + दिन** |
| (ङ) | सफल | **स + फल** | (च) | दुर्बल | **दुर् + बल** |
| (छ) | अत्याचार | **अति + अनाचार** | (ज) | भरपेट | **भर + पेट** |
| (झ) | प्रभाव | **प्र + भाव** | (ञ) | स्वराज्य | **स्व + राज्य** |

**7. निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग करके लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | सजावट | **आवट** | (ख) | पूजनीय | **ईय** |
| (ग) | जादूगर | **गर** | (घ) | दयालु | **आलु** |
| (ङ) | घटिया | **इया** | (च) | बढ़िया | **इया** |
| (छ) | घबराहट | **आहट** | (ज) | पत्रकार | **कार** |

# 5 संज्ञा और उसके भेद

## अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) जिन शब्दों से किसी स्थान, प्राणी, वस्तु अथवा भाव का बोध होता है, उन्हें संज्ञा कहते हैं। जैसे–राजीव (व्यक्ति), शेर (प्राणी) आदि।

(ख) संज्ञा के पाँच भेद होते हैं?

1. व्यक्तिवाचक
2. जातिवाचक
3. भाववाचक
4. समूहवाचक
5. पदार्थवाचक

(ग) व्यक्तियों, नदियों, झीलों, सागरों, पहाड़ों, नगरों, गाँवों, देशों तथा महीनों आदि के नाम व्यक्तिवाचक संज्ञा होते हैं। व्यक्तिवाचक संज्ञा को बहुवचन में प्रयोग नहीं किया जाता। ऐसा करने पर वह जातिवाचक संज्ञा बन जाती है; जैसे-देश में कभी भी 'जयचंदों' की कमी नहीं रही।

यदि जातिवाचक संज्ञा को कोई विशेष नाम दे दिया जाए तो वह व्यक्तिवाचक संज्ञा बन जाती है; जैसे-

जातिवाचक संज्ञा – पुरुष स्त्री नगर
पर्वत नदी

व्यक्तिवाचक संज्ञा – सुभाष चंद्र बोस सरोजिनी नायडू मुंबई हिमालय यमुना

(घ) पदार्थवाचक संज्ञा-जिन शब्दों से किसी धातु या पदार्थ (जिनसे अन्य वस्तुएँ बनाई जाती हैं) का बोध हो, उन्हें पदार्थवाचक संज्ञा कहते हैं; जैसे-सोना, चाँदी, लोहा, लकड़ी, घी, तेल आदि।

2. **बॉक्स में से शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) संज्ञा के **पाँच** भेद माने जाते हैं।

(ख) किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम को **व्यक्तिवाचक** संज्ञा कहा जाता है।

(ग) **भाववाचक** संज्ञा को केवल अनुभव किया जा सकता है।

(घ) 'पुस्तक', 'नगर', 'मनुष्य' **जातिवाचक** संज्ञा हैं।

3. **निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञाएँ बनाइए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | निज | **निजता** | (ख) | दानव | **दानवता** |
| (ग) | युवा | **यौवन** | (घ) | ईमानदार | **ईमानदारी** |
| (ङ) | स्त्री | **स्त्रीत्व** | (च) | सर्व | **सर्वत्व** |
| (छ) | मीठा | **मीठापन** | (ज) | अपना | **अपनत्व** |

4. **निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन संज्ञा शब्दों के भेद लिखिए–**

**उत्तर–** (क) व्यक्तिवाचक संज्ञा (ख) भाववाचक संज्ञा

(ग) जातिवाचक संज्ञा (घ) समूहवाचक संज्ञा

(ङ) पदार्थवाचक संज्ञा

# 6 लिंग

### अभ्यास

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) शब्द के जिस रूप से यह बोध हो कि वह पुरुष जाति के लिए प्रयोग हुआ है या स्त्री जाति के लिए, लिंग कहलाता है।

(ख) हिंदी में लिंग के दो प्रकार होते हैं-

1. पुल्लिग-जिस शब्द से पुरुष जाति का बोध हो, उसे पुल्लिग कहते हैं; जैसे-अध्यापक, राजा, लड़का, गुड्डा, देव, मुर्गा आदि।
2. स्त्रीलिंग-जिस शब्द से स्त्री जाति का बोध हो, उसे स्त्रीलिंग कहते हैं; जैसे-अध्यापिका, रानी, लड़की, गुड़िया, देवी, मुर्गी आदि।

(ग) कुछ शब्द 'नित्य पुल्लिग' होते हैं, जैसे-चीता, गैंडा, कौआ आदि जिनका प्रयोग सदा पुल्लिग रूप में ही किया जाता है। इनके आगे 'मादा' लिखकर इन्हें स्त्रीलिंग बनाया जाता है, जैसे-मादा चीता, मादा गैंडा, मादा कौआ आदि।

कुछ शब्द 'नित्य स्त्रीलिंग' होते हैं, जैसे-मछली, चिड़िया, तितली आदि। इनका प्रयोग सदा स्त्रीलिंग रूप में ही किया जाता है। इनके आगे 'नर' लिखकर इन्हें पुल्लिग बनाया जाता है, जैसे-नर मछली, नर चिड़िया, नर तितली आदि।

(घ) पुल्लिग से स्त्रीलिंग बनाने के कुछ नियम इस प्रकार हैं-

- अंतिम 'अ' या 'आ' के स्थान पर 'ई' प्रत्यय लगाने से-दास, दासी

- अंतिम 'अक' के स्थान पर 'इका' करने से-नायक-नायिका
- तत्सम शब्दों के अंतिम 'अ' को 'आ' करके-प्रिय-प्रिया
- कुछ पुल्लिग शब्दों के अंत में 'इन' प्रत्यय लगाकर-नाग-नागिन
- कुछ पुल्लिग शब्दों के अंत में 'आनी' जोड़कर-जेठ-जेठानी
- कुछ पुल्लिग शब्दों के अंत में 'नी' जोड़कर-चोर-चोरनी
- कुछ पुल्लिग शब्दों के अंत में 'आइन' जोड़कर व अन्य परिवर्तन करके-लाला-ललाइन
- कुछ पुल्लिग शब्दों के अंत में 'इनी' जोड़कर-स्वामी-स्वामिनी
- कुछ पुल्लिग शब्दों के अंत में 'आ' के स्थान पर 'इया' व अन्य परिवर्तन करके-बूढ़ा-बुढ़िया
- जिन पुल्लिग शब्दों के अंत में 'मान/वान' हो, उनमें 'मान' को 'मती' तथा 'वान' को 'वती' में बदलकर-शक्तिमान-शक्तिमती

**2. रंगीन शब्दों का लिंग-परिवर्तन करते हुए रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) किसान के पास एक गाय और एक **बैल** है।
(ख) हमारे विद्यालय में तीस छात्र और पचास **छात्राएँ** हैं।
(ग) जितना सुंदर मोर होता है उतनी सुंदर **मोरनी** नहीं होती।
(घ) हिरन दौड़ रहा था जबकि **हिरनी** चुपचाप बैठी थी।

**3. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बताइए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | मालिन | **स्त्रीलिंग** | (ख) | सेठ | **पुल्लिग** |
| (ग) | बुढ़िया | **स्त्रीलिंग** | (घ) | मोर | **पुल्लिग** |
| (ङ) | बालक | **पुल्लिग** | (च) | देवी | **स्त्रीलिंग** |

**4. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | मोरनी | **मोर** | (ख) | हाथी | **हथिनी** |
| (ग) | श्रीमती | **श्रीमान** | (घ) | गायिका | **गायक** |
| (ङ) | दर्जी | **दर्जिन** | (च) | हंस | **हंसिनी** |

# 7 वचन

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) 'लड़का' व 'लड़की' शब्द संख्या में एक होने का बोध करा रहे हैं। 'लड़के' व 'लड़कियाँ' शब्द संख्या में एक से अधिक होने का बोध करा रहे हैं। इन्हें ही 'वचन' कहा जाता है। जिस शब्द से संज्ञा, सर्वनाम की संख्या का बोध होता है, उसे वचन कहते हैं। जैसे–लड़का, लड़के, लड़की, लड़कियाँ आदि।

(ख) हिंदी में वचन दो प्रकार के होते हैं-

1. एकवचन 2. बहुवचन

**1. एकवचन–**शब्द के जिस रूप से उसके संख्या में एक होने का बोध हो, उसे एकवचन कहते हैं; जैसे-लड़का, घोड़ा, पुस्तक, बिल्ली, गमला आदि।

**2. बहुवचन–**शब्द के जिस रूप से उसके संख्या में एक से अधिक होने का बोध होता है, उसे बहुवचन कहते हैं; जैसे-लड़के, घोड़े, पुस्तकें, बिल्लियाँ, गमले आदि।

(ग) सदैव एकवचन में प्रयोग किए जाने वाले शब्द-
कुछ शब्दों का प्रयोग सदैव एकवचन में ही होता है; जैसे-

| | |
|---|---|
| जनता | जनता नेता के विरुद्ध आंदोलन कर रही थी। |
| भीड़ | मेले में बहुत भीड़ थी। |
| पानी | नदियों का पानी शुद्ध है। |
| घी | सब्जी में घी बहुत ज्यादा था। |

(घ) हिंदी में आदर प्रकट करने में एकवचन के स्थान पर बहुवचन का प्रयोग किया जाता है; जैसे-

| | |
|---|---|
| दादा जी कमरे में बैठे हैं। | (बैठा है) |
| पिता जी फल ले आए हैं। | (आया है) |
| माता जी कार्यालय गई हैं। | (गई है) |

**2. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | माता | **माताएँ** | (ख) | पुस्तक | **पुस्तकें** |
| (ग) | कथा | **कथाएँ** | (घ) | खाट | **खाटें** |
| (ङ) | लता | **लताएँ** | (च) | आँख | **आँखें** |
| (छ) | चौराहा | **चौराहें** | (ज) | रानी | **रानियाँ** |
| (झ) | तोता | **तोतें** | (ञ) | धातु | **धातुएँ** |

**3. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्यों की रचना कीजिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | सेना | = | **भारतीय सेना ने आतंकियों को ढेर कर दिया।** |
| (ख) | कथाएँ | = | **जातक कथाएँ विश्व प्रसिद्ध हैं।** |
| (ग) | बच्चे | = | **बच्चे कमरे में अकेले हैं।** |
| (घ) | अध्यापिका | = | **अध्यापिका हमें हिंदी पढ़ाती हैं।** |
| (ङ) | परिवार | = | **हमारा परिवार बहुत बड़ा है।** |
| (च) | दल | = | **विद्यालय में हमारा दल अव्वल आता है।** |

**4. रंगीन शब्दों के वचन लिखिए–**

**उत्तर–** (क) बहुवचन (ख) एकवचन
(ग) बहुवचन (घ) एकवचन

**5. सत्य अथवा असत्य लिखिए–**

**उत्तर–** (क) सत्य (ख) असत्य (ग) असत्य (घ) असत्य

**6. सही वचन का प्रयोग करते हुए रिक्त स्थान भरिए-**

**उत्तर–** (क) **बकरियाँ** घास चर रही हैं। (ख) तालाब में **मछलियाँ** तैर रही हैं।
(ग) लता **कपड़े** धो रही है। (घ) **छात्रा** पुस्तक पढ़ रही है।

## 8 कारक

### अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) वाक्य में जिस शब्द का क्रिया के साथ संबंध हो, 'कारक' कहलाता है।
निम्नलिखित वाक्य को ध्यानपूर्वक पढ़िए-

नमन मेहमान को पानी दे रहा है।
उपर्युक्त वाक्य में सभी शब्द क्रिया से जुड़े हैं।

| | |
|---|---|
| दे रहा है। | क्रिया |
| कौन दे रहा है? | नमन |
| किसे दे रहा है? | मेहमान |
| क्या दे रहा है? | पानी |

इस प्रकार 'नमन', 'मेहमान' और 'पानी' शब्दों का क्रिया के साथ संबंध व्यक्त हो रहा है।

(ख) मुख्यतः हिंदी में आठ प्रकार के कारक माने जाते हैं-

| | **कारक** | **विभक्ति-चिह्न** |
|---|---|---|
| 1. | कर्ता कारक | ने |
| 2. | कर्म कारक | को |
| 3. | करण कारक | से |
| 4. | संप्रदान कारक | को, के लिए |
| 5. | अपादान कारक | से (पृथकता) |
| 6. | संबंध कारक | का, के, की, रा, रे, री |
| 7. | अधिकरण कारक | में, पर |
| 8. | संबोधन कारक | हे, अरे, ओ |

(ग) इन दोनों कारकों में से विभक्ति चिह्न का प्रयोग होता है। करण कारक में इसका प्रयोग साधन के अर्थ में होता है, जबकि अपादान कारक में 'अलग होना' के अर्थ में होता है।

| करण कारक | अपादान कारक |
|---|---|
| हम कार से दिल्ली जाएँगे। | गंगा हिमालय से निकलती है। |

**2. बॉक्स में से उचित कारक-चिह्नों को चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) बकरी घास के मैदान **में** चरती है। (ख) मैं कलम **से** लिखता हूँ।
(ग) यह साइकिल सौरभ **की** है। (घ) राधा **ने** पुस्तक पढ़ी।
(ङ) पेड़ **पर** पक्षी बैठे हैं।

**3. निम्नलिखित कारकों का उनके चिह्नों से उचित मिलान कीजिए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | कर्ता कारक | **(iii)** | **ने** |
| (ख) | करण कारक | **(iv)** | **से** |
| (ग) | अपादान कारक | **(v)** | **से (पृथकता)** |
| (घ) | अधिकरण कारक | **(i)** | **में, पर** |
| (ङ) | संप्रदान कारक | **(ii)** | **के लिए** |

# 9 सर्वनाम

## अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्दों को सर्वनाम कहा जाता है।

(ख) सर्वनाम के छह भेद होते हैं, जिनका वर्णन निम्न प्रकार है-

1. पुरुषवाचक सर्वनाम
2. निश्चयवाचक सर्वनाम
3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम
4. संबंधवाचक सर्वनाम
5. प्रश्नवाचक सर्वनाम
6. निजवाचक सर्वनाम

(ग) पुरुषवाचक सर्वनाम-बोलने वाले, सुनने वाले या किसी अन्य व्यक्ति के लिए जिन सर्वनामों का प्रयोग होता है, वे पुरुषवाचक सर्वनाम कहलाते हैं।

(घ) निजवाचक सर्वनाम-कर्ता के निजत्व के लिए प्रयुक्त सर्वनाम शब्द निजवाचक सर्वनाम कहलाते हैं; जैसे-

- तुम स्वयं पुस्तक खरीद लेना।
- मैं अपने आप पढ़ लूँगा।

**2. बॉक्स में से उचित सर्वनाम चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) सर्वनाम **छह** प्रकार के होते हैं। (ख) **यह** रवि का विद्यालय है।
(ग) वह **स्वयं** आ जाएगी। (घ) दाल में **कुछ** गिर गया है।
(ङ) **कोई** तुम्हें बुला रहा है।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन छपे शब्दों के सर्वनाम-भेद लिखिए–**

**उत्तर–** (क) प्रश्नवाचक सर्वनाम (ख) पुरुषवाचक सर्वनाम
(ग) संबंधबोधक सर्वनाम (घ) निजवाचक सर्वनाम
(ङ) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

**4. सत्य अथवा असत्य लिखिए–**

**उत्तर–** (क) सत्य (ख) असत्य (ग) असत्य (घ) सत्य (ङ) असत्य

**5. निम्नलिखित सर्वनाम शब्दों का प्रयोग करके वाक्य बनाइए–**

**उत्तर–** (क) आप **आप प्रतीक्षा कक्ष में बैठ जाइए।**
(ख) तुम **तुम स्वयं घर चले जाओ।**
(ग) जिसकी-उसकी **जिसकी लाठी उसकी भैंस।**
(घ) मेरे **मेरे घर कोई आने वाला है।**
(ङ) मैं **मैं वहाँ काम करता हूँ।**

# 10 विशेषण

## अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) जो शब्द संज्ञा या सर्वनामों की विशेषता बताते हैं, उन्हें विशेषण कहते हैं।
(ख) विशेषण पाँच प्रकार के होते हैं।

1. गुणवाचक विशेषण
2. परिमाणकवाचक विशेषण
3. संख्यावाचक विशेषण
4. सार्वनामिक विशेषण
5. व्यक्तिवाचक विशेषण

(ग) विशेषण शब्द जिन संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताते हैं, उन्हें विशेष्य कहा जाता है।

**2. निम्नलिखित शब्दों से विशेषण शब्द बनाइए–**

**उत्तर–** (क) सप्ताह **साप्ताहिक** (ख) विदेश **विदेशी**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (ग) | पालना | **पालन** | (घ) | वर्ष | **वार्षिक** |
| (ङ) | राजनीति | **राजनीतिक** | (च) | समाज | **सामाजिक** |
| (छ) | भूलना | **भुल्लकड** | (ज) | शहर | **शहरी** |
| (झ) | बाहर | **बाहरी** | (ञ) | पढ़ना | **पढ़ाई** |

**3. निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण-विशेष्य अलग-अलग करके लिखिए–**

**उत्तर–**

| | विशेषण | विशेष्य | | विशेषण | विशेष्य |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | थोड़ा | दूध | (ख) | छोटा | कमरा |
| (ग) | सुंदर | मूर्ति | (घ) | कीमती | हार |
| (ङ) | कम | भोजन | | | |

# 11 क्रिया और काल

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) जिन शब्दों से किसी कार्य के करने या होने का बोध हो, उन्हें क्रिया कहते हैं।

(ख) कर्म की दृष्टि से क्रिया के दो भेद होते हैं-

1. अकर्मक क्रिया- अकर्मक का अर्थ है–कर्म के बिना। जिन वाक्यों में क्रिया के साथ कर्म का प्रयोग नहीं किया जाता तथा क्रिया का फल कर्ता पर पड़ता है, उन वाक्यों में प्रयुक्त होने वाली क्रियाएँ अकर्मक क्रियाएँ कहलाती हैं; जैसे-
बच्चा रोता है। चिड़िया उड़ती है। लड़का हँसता है।
सकर्मक क्रिया–सकर्मक का अर्थ है-'कर्म के साथ'। जिस क्रिया के साथ कर्म जुड़ा रहता है और क्रिया का फल कर्म पर पड़ता है, उसे सकर्मक क्रिया कहते हैं। सकर्मक क्रिया करने वाला कर्ता ही होता है, परंतु उसके कार्य का फल कर्म पर पड़ता है; जैसे–सचिन पत्र पढ़ता है।
(यहाँ 'पढ़ता है' क्रिया का फल 'पत्र' (कर्म) पर पड़ रहा है।)

(ग) क्रिया के जिस रूप से हमें क्रिया के होने के समय का बोध होता है, उसे काल कहते हैं।

(घ) वर्तमान काल में कार्य पूर्ण नहीं होते हैं, चल रहे होते हैं। भूतकाल में कार्य बीते हुए समय में पूर्ण हो चुका होता है।

**2. बॉक्स में से शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) क्रिया का अर्थ है– कार्य का **करना** या होना।

(ख) जिस मूल शब्द से क्रिया बनती है, उसे **धातु** कहते हैं।

(ग) कर्म की दृष्टि से क्रिया के **दो** भेद होते हैं।

(घ) काल के **तीन** भेद माने जाते हैं।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया शब्द चुनिए व उनकी धातु भी बताइए–**

**उत्तर–**

| | क्रिया शब्द | धातु | | क्रिया शब्द | धातु |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | खेलता | खेलना | (ख) | जाऊँगा | जाना |
| (ग) | पढ़ी | पढ़ना | (घ) | लाया | लाना |
| (ङ) | दौड़ते | दौड़ना | | | |

**4. निम्नलिखित वाक्यों को अन्य दो कालों में बदलकर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) सोनू दिल्ली जा रहा है। **सोनू दिल्ली जा रहा था।**
**सोनू दिल्ली जायेगा।**

(ख) नेहा खाना खा रही थी। **नेहा खाना खाती है।**
**नेहा खाना खायेगी।**

# 12 अविकारी शब्द (अव्यय)

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) जिन शब्दों का लिंग, वचन, कारक, पुरुष और काल आदि के कारण रूप परिवर्तित नहीं होता है, उन्हें अविकारी अथवा 'अव्यय' शब्द कहते हैं।

(ख) क्रियाविशेषण के चार मुख्य प्रकार होते हैं।

1. कालवाचक क्रियाविशेषण
2. स्थानवाचक क्रियाविशेषण
3. परिमाणवाचक क्रियाविशेषण
4. रीतिवाचक क्रियाविशेषण

(ग) स्थानवाचक क्रियाविशेषण-वे शब्द जो क्रिया के होने के स्थान का बोध कराते हैं, स्थानवाचक क्रियाविशेषण कहलाते हैं; जैसे-

- छात्र वहाँ पढ़ रहे हैं।
- हिरन इधर-उधर दौड़ रहे हैं।
- दादा जी ऊपर बैठे हैं।

कुछ प्रमुख स्थानवाचक क्रियाविशेषण-यहाँ, वहाँ, जहाँ, तहाँ, आगे, पीछे, ऊपर, नीचे, भीतर, बाहर, निकट, समीप, दूर, इधर-उधर, आस-पास आदि हैं।

(ग) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण-वे शब्द जो क्रिया की मात्रा या परिमाण का बोध कराते हैं, परिमाणवाचक क्रियाविशेषण कहलाते हैं; जैसे-

- कुछ पी लो।
- कम बोलो, अधिक सोचो।
- थोड़ा पढ़ो, बहुत सीखो।

(घ) वाक्य में प्रयुक्त जिन शब्दों के द्वारा 'घृणा, हर्ष, शोक, क्रोध' आदि भावावेग प्रकट होते हैं, वे शब्द विस्मयादिबोधक अव्यय कहलाते हैं।

**2. बॉक्स में से उचित अव्ययों को चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) **वाह**! कितना सुंदर दृश्य है।

(ख) नदी का बहाव **तेज** है।

(ग) पेड़ **के ऊपर** कौआ बैठा है।

(घ) हम छत पर नहीं खेल सकते **क्योंकि** बारिश हो रही है।

(ङ) मेरा बल्ला **वहाँ** रखा है।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में से अव्यय शब्द चुनकर लिखिए–**

**उत्तर–** (क) यहाँ (ख) तुरंत

(ग) प्रतिदिन (घ) जल्दी-जल्दी

13

# वाक्य-विचार

## अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) वाक्य के दो अनिवार्य अंग होते हैं-

1. उद्देश्य–वाक्य में जिसके विषय में जो कुछ बताया या विधान किया जाता है, उसे उद्देश्य कहते हैं; जैसे-'राम पुस्तक पढ़ रहा है।' वाक्य में 'राम' उद्देश्य है।
2. विधेय–उद्देश्य के विषय में जो कुछ कहा या बताया जाए, उसे विधेय कहते हैं; जैसे-'राम पुस्तक पढ़ रहा है।' वाक्य में 'पुस्तक पढ़ रहा है' विधेय है।

(ख) अर्थ के आधार पर वाक्य-भेद-अर्थ की दृष्टि से वाक्य के निम्नलिखित आठ भेद होते हैं-

1. विधानवाचक वाक्य
2. निषेधवाचक वाक्य
3. प्रश्नवाचक वाक्य
4. विस्मयादिबोधक वाक्य
5. आज्ञावाचक वाक्य
6. संदेहवाचक वाक्य
7. इच्छावाचक वाक्य
8. संकेतवाचक वाक्य

(ग) (क) रचना या स्वरूप के आधार पर वाक्य-भेद-रचना या स्वरूप के आधार पर वाक्य के तीन भेद होते हैं-

1. सरल/साधारण वाक्य-जिस वाक्य में एक ही क्रिया होती है, उसे सरल या साधारण वाक्य कहते हैं; जैसे-राहुल दूध पी रहा है। इस वाक्य में 'पी रहा है' एक क्रिया है। अतः यह सरल या साधारण वाक्य है।
2. संयुक्त वाक्य-जब दो अथवा दो से अधिक साधारण वाक्य किसी समानाधिकरण समुच्चयबोधक से जोड़े गए हों, ऐसा वाक्य संयुक्त वाक्य कहलाता है; जैसे-
   लड़का गाता है और लड़की नाचती है। (दो साधारण वाक्य)
   वह बाजार गया किंतु फल खरीदकर नहीं लाया। (दो साधारण वाक्य)
   संयुक्त वाक्यों में उपवाक्यों को जोड़ने के लिए 'और', 'किंतु', 'परंतु' आदि समुच्चयबोधकों का प्रयोग किया जाता है।
3. मिश्र वाक्य-जिस वाक्य में एक प्रधान उपवाक्य तथा एक या अधिक आश्रित उपवाक्य होते हैं, उसे मिश्र वाक्य या मिश्रित वाक्य कहते हैं; जैसे-ऐसा लगता है कि आज वर्षा होगी।
   प्रधान उपवाक्य - ऐसा लगता है।
   आश्रित उपवाक्य - कि आज वर्षा होगी।

**2. निम्नलिखित वाक्यों में से उद्देश्य और विधेय छाँटकर लिखिए–**

**उत्तर–**

| | उद्देश्य | विधेय |
|---|---|---|
| (क) | आम | फलों का राजा है। |
| (ख) | तुम्हारी बहन | खेल रही है। |
| (ग) | राधिका | खाना खा रही है। |

**3. निम्नलिखित वाक्यों को कोष्ठकों में दिए गए निर्देश के अनुसार पुनः लिखिए–**

**उत्तर–** (क) क्या अमित बाजार जाएगा? (ख) सोहन नहीं पढ़ रहा है।
(ग) दरवाजा बंद करो।

**4. निम्नलिखित वाक्यों के सामने सरल, मिश्रित अथवा संयुक्त वाक्य लिखिए–**

**उत्तर–** (क) सरल वाक्य (ख) मिश्र वाक्य (ग) संयुक्त वाक्य

# 14 विराम-चिह्न

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) लिखित भाषा में स्पष्टता लाने के लिए प्रयोग किए जाने वाले चिह्नों को विराम-चिह्न कहते हैं।
(ख) हिंदी में मुख्य रूप से 13 विराम-चिह्न हैं?
(ग) प्रश्नवाचक चिह्न ? –जिन वाक्यों में प्रश्न पूछा जाता है, उनके अंत में प्रश्नवाचक चिह्न का प्रयोग किया जाता है; जैसे-
- तुम्हारा क्या नाम है?
- वह क्या कर रहा है?

(घ) निर्देशक चिह्न – -अपनी बात को स्पष्ट करने या उदाहरण देने के लिए निर्देशक चिह्न का प्रयोग किया जाता है; जैसे-
समस्त लोग-बूढ़े, बच्चे, वयस्क, महिलाएँ मेला देख रहे थे।
रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-
इसी प्रकार नाटक के संवादों में भी इसका प्रयोग होता है; जैसे-
नौकर – मालिक मैंने सारा कार्य कर दिया है।
मालिक – ठीक है, अब कुछ समय आराम कर लो।

**2. निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम-चिह्न का प्रयोग करके वाक्य पुनः लिखिए–**

**उत्तर–** (क) क्या तुम आज विद्यालय जाओगे?
(ख) शिक्षकने कहा–आज विद्यालय बंद है।
(ग) रमा, भावना, मनीषा और अंजलि पढ़ रही है।
(घ) अरे! आप आ गए?
(ङ) क्या आप रोहन, करण और मुझे गणित पढ़ाएँगे।
(च) सफलता के लिए दिन-रात मेहनत करो।
(छ) वाह! क्या सुंदर दृश्य है।
(ज) हर्षवर्धन कौन था? वह कहाँ का राजा था?

# 15 शब्द-भंडार

**अभ्यास**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) ऐसे शब्द जिनका अर्थ लगभग समान होता है, पर्यायवाची शब्द कहलाते हैं।
(ख) जो शब्द एक-दूसरे के उलटे अर्थ देते हैं, विलोम शब्द कहलाते हैं।

(ग) कुछ शब्द ऐसे भी होते हैं, जिनका अर्थ भिन्न-भिन्न प्रसंग में भिन्न-भिन्न होता है अर्थात् एक ही शब्द एक से अधिक अर्थों में प्रयोग होता है। इस प्रकार के शब्दों को अनेकार्थी शब्द कहते हैं।

**2. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | गंगा | = | **मंदाकिनी** | **सुरनदी** |
| (ख) | गणेश | = | **गणपति** | **विनायक** |
| (ग) | पत्नी | = | **वामा** | **वधू** |
| (घ) | अमृत | = | **मधु** | **सुधा** |

**3. दिए गए शब्दों के सही विलोम शब्द पर (◯) गोला बनाइए। उदाहरण देखिए–**

**उत्तर–**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रश्न | - | सवाल | (उत्तर) | प्रसन्न | अप्रसन्न |
| (क) | स्वतंत्र | - | आजाद | अधीर | (परतंत्र) | अस्वतंत्र |
| (ख) | ज्ञान | - | (अज्ञान) | ज्ञानी | अज्ञानी | अवनीत |
| (ग) | अपना | - | अपनापन | अपने | (पराया) | अवगुण |
| (घ) | अमीर | - | धनी | (गरीब) | दुखी | आलसी |
| (ङ) | परिश्रमी | - | (आलसी) | श्रमिक | श्रम | अपरिश्रमी |

**4. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए उनके सामने दिए गए शब्दों में से उचित शब्द पर (3) लगाइए–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | बहुत बोलने वाला | वाचाल (✓) | अन्यायी |
| (ख) | साथ पढ़ने वाला | सहपाठी (✓) | सहोदर |
| (ग) | जो जीता न जा सके | अमर | अजेय (✓) |
| (घ) | अच्छा आचरण करने वाला | सदाचारी (✓) | दुराचारी |
| (ङ) | कम खर्च करने वाला | लालची | मितव्ययी (✓) |
| (च) | जो कभी न मरे | अमर (✓) | अनाथ |

**5. उचित शब्द द्वारा खाली स्थान भरिए–**

**उत्तर–** (क) हमें कारखाना खोलने के लिए **धन** की आवश्यकता है।

(ख) कक्षा में **कुल** तीस बच्चे हैं।

(ग) अच्छा काम करने पर अच्छा **फल** मिलता है।

(घ) बच्चे ने मंत्री के गले में **हार** पहनाया।

(ङ) नेहा पूरे **सुर** में गाती है।

(च) मेरा घर **उत्तर** में है।

# 16 मुहावरे और लोकोक्तियाँ

### अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) जब कोई वाक्यांश अपने सामान्य अर्थ को छोड़कर विशेष अर्थ में प्रयोग होता है, उसे मुहावरा कहते हैं।

(ख) जन-सामान्य के अनुभवों पर आधारित उक्तियों को लोकोक्तियाँ कहते हैं।

(ग) लोकोक्ति प्रायः स्वतंत्र वाक्य की भांति प्रयोग होती हैं जबकि मुहावरे वाक्यों का प्रयोग स्वतंत्र वाक्य की तरह नहीं कर सकते।

**2. सही वाक्य के सामने (✓) तथा गलत वाक्य के सामने (✗) का चिह्न लगाइए-**

**उत्तर–** (क) ✓ (ख) ✓ (ग) ✗ (घ) ✓

**3. स्तंभ 'क' में दी गई लोकोक्तियों का स्तंभ 'ख' में दिए गए अर्थों से मिलान कीजिए–**

| **स्तंभ 'क'** | | **स्तंभ 'ख'** |
|---|---|---|
| **उत्तर–** ऊँची दुकान, फीका पकवान | (iv) | बाहरी दिखावा। |
| आम के आम, गुठलियों के दाम | (v) | एक काम से दोहरा लाभ। |
| दूर के ढोल सुहावने | (ii) | दूर से सभी अच्छे लगते हैं। |
| एक पंथ दो काज | (i) | एक प्रयास से दो काम सिद्ध होना। |
| घर का भेदी लंका ढाए | (iii) | आपस की फूट विनाश का कारण होती है। |

**4. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–** (क) अक्ल पर पत्थर पड़ना = अर्थ **बुद्धि भ्रष्ट होना**

**रमेश पिछले वर्ष भी असफल हो गया था। और इस बार भी पढ़ नही रहा। उसकी अकल पर पत्थर पड़ गए हैं।**

(ख) बात बिगड़ना = अर्थ **काम पूरा न होना।**

**हम दिल्ली जाने ही वाले थे कि तूफान आ गया और बात बिगड़ गई।**

(ग) अगर-मगर करना = अर्थ **स्पष्ट न बोलना।**

**साफ-साफ बोलो अगर चलना है तो अगर-मगर क्यों करते हो?**

(घ) दाँत खट्टे करना = अर्थ **सबक सिखाना।**

**गलवन झड़प में भारतीय सेना ने चीन के दाँत खट्टे कर दिए।**

(ङ) पत्थर की लकीर = अर्थ **जिसे टाला न जा सके।**

**गुरू जी का आदेश हमारे लिए पत्थर की लकीर है।**

**17** खंड 'ख' : रचना

# पत्र-लेखन

**अभ्यास**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** (क) अपने पिता जी को अपनी पढ़ाई के विषय में बताते हुए पत्र लिखिए।

छात्रावास,
शांति निकेतन कॉलेज,
दिल्ली।
दिनाँक : ............
पूज्य पिता जी,
सादर चरण स्पर्श।

आपका पत्र मिला। आपने मेरी पढ़ाई की प्रगति के विषय में पूछा है। मेरी तिमाही परीक्षा समाप्त हो गई हैं। मैंने सभी विषयों में परिश्रम किया था। प्रश्न-पत्र में पूछे

गए सभी प्रश्नों के उत्तर मैंने संतोषजनक रूप से दिए हैं। मुझे विश्वास है कि सभी विषयों में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त होंगे।
आपके आशीर्वाद से मैं अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफल हो सकूँगा, ऐसी आशा है।
शेष कुशल। माता जी को चरणस्पर्श और स्नेहा को प्यार।
आपका आज्ञाकारी पुत्र
विनीत

**उत्तर–** (ग) किसी आवश्यक कार्य के कारण एक दिन की छुट्टी के लिए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए।

सेवा में,
श्रीमान प्रधानाचार्य
संत मैरी इण्टर कॉलेज
लखनऊ।
महोदय,
सवनिय निवेदन यह है कि मैं आपके विद्यालय में कक्षा-5 (ब) का छात्र हूँ। मेरे घर में कल प्रातः मेरी दादाजी का श्राद्ध पूजन है। इस कारण में कल विद्यालय आने में असमर्थ हूँ। अतः आप मुझे कल अवकाश प्रदान करने की कृपा करें। आपकी अति कृपा होगी।
धन्यवाद सहित।
आपका आज्ञाकारी शिष्य,
नमन भारद्वाज
कक्षा 5 (ब)
अनुक्रमांक-12
दिनाँक : ............

# 18 संवाद-लेखन

**अभ्यास**

**निम्नलिखित विषयों पर संवाद लिखिए-**

**उत्तर–** (ख) बढ़ती महँगाई पर चिंतित दो महिलाओं के मध्य संवाद।

सुरेखा : नमस्ते! जया दीदी। बाज़ार से आ रही हो क्या?
जया : नमस्ते सुरेखा! हाँ। बाज़ार से आ रही हूँ।
सुरेखा : क्या हुआ? आज परेशान सी क्यों हैं?
जया : क्या बताऊँ अब। घर से एक हजार रूपये लेकर चली थी सब्जी लाने लेकिन वे भी कम पड़ गए।
सुरेखा : ओह! समझ सकती हूँ मैं। इस मँहगाई ने तो आम लोगों की कमर तोड़ के रख दी है।
जया : पूछो मत बस! दाल लो तो चावल महँगें हो जाते हैं और आलू लो तो टमाटर पहुँच से बाहर हो गए हैं।

सुरेखा : सही कहा दीदी आपने। समझ नहीं आता घर का खर्च कैसे चलाए।
जया : खैर! चलो अब चलते हैं। कहीं ऐसा न हो खड़े-खड़े और कुछ महँगा हो जाए।

(ग) शाकाहार के लाभ बताते हुए दो मित्रों के मध्य संवाद।

**उत्तर–** राकेश : भाई कमल, हम अच्छे हैं जो शाकाहारी हैं। न जीव हत्या का पाप कमाते हैं और न स्वास्थ्य से समझौता करते हैं।
कमल : ठीक कहा भाई। मैं तो सब लोगों को शाकाहार अपनाने को प्रेरित करता हूँ।
राकेश : पर हमारी सुने कौन? सब लोग सोचते हैं कि प्रोटीन का एकमात्र स्त्रोत मांस-अण्डा है।
कमल : मूर्ख है वे सब। दाल, सोयाबीन, दूध पनीर आदि में भरपूर मात्रा में प्रोटीन होता है।
राकेश : सही कहा। आज विश्वभर में शाकाहार अपनाने को प्रेरित किया जा रहा है।
कमल : हाँ। देर से ही सही लेकिन लोगों को शाकाहार की महत्ता समझ आ रही है।

(घ) फैशन की अंधी दौड़ में भटके हुए पुत्र तथा पिता के मध्य संवाद।

**उत्तर–** पिता : अरे अमन! ये तुम कैसे कपड़े पहन के कॉलेज जा रहे हो?
अमन : क्या हुआ पापा? आज कॉलेज में वार्षिक समारोह है। वही जा रहा हूँ।
पिता : बेटा, तुम्हारी पेंट जगह-जगह से फटी हुई है। क्या ऐसे कपड़े वार्षिक समारोह में शोभा देते हैं?
अमन : पापा! ये सब ही फैशन है आजकल।
पिता : बेटा यह फैशन नही अपितु भद्दापन है। क्या तुमने कभी डॉक्टर, इंजीनीयर या अध्यापक को ऐसे कपड़े पहने देखा है?
अमन : शायद आप ठीक कह रहे हैं। मैं अभी यह कपड़े बदल कर आता हूँ।

# 19 अनुच्छेद-लेखन

**अभ्यास**

**1. अपनी अभ्यास-पुस्तिका में निम्नलिखित विषयों पर अनुच्छेद लिखिए-**

**उत्तर– (क) राष्ट्रीय पक्षी-मोर**

मोर हमारे देश का राष्ट्रीय पक्षी है। यह पक्षी बहुत ही सुंदर और आकर्षक होता है। मोर का शरीर बड़ा और भारी होता है। यही कारण है कि यह आसमान में अधिक ऊँचाई पर नहीं उड़ सकता। यह प्रायः झाड़ियों में रहता है। मोर की गर्दन लंबी होती है। इसके सिर पर सुंदर बलगी होती है। मोर के पंख बहुत आकर्षक होते हैं। इसके पंखों पर आधे चाँद जैसे निशान होते हैं। वर्षा ऋतु में बादलों को देखकर यह थिरकने लगता है। यह कीड़े-मकोड़े और अनाज खाता है। यह साँपों का शत्रु होता है और लड़ाई में उन्हें मार डालता है।

**उत्तर– (ग) मेरे प्रिय अध्यापक**

मेरे प्रिय अध्यापक गौरव शर्मा जी हैं। वे हमें हिंदी पढ़ाते हैं। वे हमारी कक्षा के सबसे प्रिय अध्यापक हैं। हर कोई उनकी कक्षा में शांत होकर बैठा रहता है। वे समय के बहुत पाबंद है। वे हमेशा साफ-सुथरे कपड़े पहनने हैं। वे कमीज-पेंट पहते हैं और सिर पर एक हिमाचली टोपी लगाते हैं। वे पुस्तक के प्रत्येक पाठ को कहानी की तरह पढ़ाते हैं और छात्रों से ही उसे हल करवा देते हैं। वे कभी-कभी ही किसी पर गुस्सा करते हैं। वे पढ़ाई के साथ-साथ हमें जीवन जीने की कला भी सिखाते।

# 20 कहानी-लेखन

**अभ्यास**

**1. बॉक्स में दिए शब्दों की सहायता से निम्नलिखित कहानी को पूर्ण कीजिए–**

**उत्तर–** किसी जंगल में एक **तालाब** था। वहाँ **रहते** थे-सारस और लोमड़ी। एक दिन लोमड़ी ने सारस को भोजन का **निमंत्रण** दिया जिसे **सारस ने** स्वीकार कर लिया। दूसरे दिन सारस **लोमड़ी के** निमंत्रण पर गया, तो लोमड़ी ने खीर चौड़ी थाली में **परोसी** लंबी चोंच होने के कारण **थाली** में उसकी चोंच लग जाती थी, जिससे वह **खीर न खा** पाया और उधर **लोमड़ी** मजे से खीर खाए जा रही थी। यह देखकर **सारस** ने भी लोमड़ी को निमंत्रण दिया और खीर बनाई, जिसे उसने तंग मुँह वाले **जार** में परोसा। लंबी चोंच होने के कारण वह मजे से **खीर खाता रहा** और लोमड़ी **मन** मसोसकर रह गई।

**2. निम्नलिखित रूपरेखा के आधार पर कहानी विकसित कीजिए–**

**उत्तर–** एक बार की बात है, एक नगर में करण नाम का लड़का रहता था। वह खाने का बहुत शौकीन था। उसकी मम्मी अक्सर उसे ज्यादा खाने को मना करती परंतु वह नहीं मानता था। एक बार करण की मामा जी की लड़की की शादी थी। करण ने माँ से कहा–''माँ, हम शादी में जरूर जाएँगें। वहाँ बहुत अच्छा-अच्छा खाने को मिलेगा।'' उसकी माँ ने कहा–''जरूर! लेकिन तुम वादा करो कि ज्यादा नहीं खाओगे'' करण बोला ठीक है। अगले दिन वे दोनों बस में बैठकर मामा के घर जाने लगे। बस में ही करण को भूख लगने लगी और माँ से जिद करके उसने समोसे मूंगफली और आइसक्रीम खाई। मामा के घर पहुँचते ही उनके लिए नमकीन, लड्डू, समोसे चाय आदि का नाश्ता लगाया गया। नाश्ता देखकर करण खाने पर टूट पड़ा। दोनों हाथ में लड्डू लेकर वो खाना खाने लगा। माँ ने उसे आँखें दिखाई परंतु वह नहीं माना। पूरे दिन को बाजार से चॉलकेट, टॉफी खाता रहा। वो घर में रखी मिठाई भी चुराकर खाने लगा। पूरे दिन खाने के बाद जब रात को वह सोया तो उसके पेट में ज़ोर-ज़ोर से दर्द होने लगा। उसे उलटियाँ होने लगी। मामा उसे डॉक्टर के पास ले गए। डॉक्टर ने उसे पूछा की–''क्या-क्या खाया है?'' करण सारी बात बताता है तो डॉक्टर उसे डाँटते हैं। वे उसे दवा देते हैं और आराम करने को कहते हैं। दूसरे दिन शादी होती है। बहुत सारे बच्चे सज-धज कर खेल रहे होते हैं। करण का भी बहुत मन होता है परंतु वह बिस्तर पर पड़ा रहता है। उसे बहुत दुख होता है। वह मन में कहता है–'काश! मैने माँ की बात मानी होती। अब मैं हमेशा माँ की बात मानूँगा।''

शिक्षा–हमें कभी लालच नहीं करना चाहिए।

## 21 अपठित गद्यांश

**अभ्यास**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. सुभाषचंद्र बचपन से ही बड़े मेधावी और स्वाभिमानी थे।

2. उन्होंने एक दिन अंग्रेज अध्यापक का अपमान कर दिया। इसलिए उन्हें कॉलेज से निकाला गया।
3. भारतीय विद्यार्थियों को अंग्रेज अध्यापक और अंग्रेज विद्यार्थी तिरस्कार की दृष्टि से देखते थे।
4. उन्हें कोलकाता विश्वविद्यालय में प्रवेश मिला। वहाँ से उन्होंने प्रथम श्रेणी में बी० ए० की परीक्षा उत्तीर्ण की।
5. अपमान
6. अंग्रेजी, अध्यापिका
7. समानार्थक शब्द लिखिए–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मेधावी | **होनहार** | उत्तीर्ण | **सफल** | अध्यापक | **गुरू** |

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**उत्तर–** 1. पेड़ हमारे सच्चे मित्र

2. पेड़ पौधे हमारे लिए शाक सब्जी, मीठे फल, फूल और अन्न उगाते हैं।
3. पेड़ पौधे यात्रियों को ठण्डी छाँव देते हैं जिसमें यात्री विश्राम करते हैं।
4. 

| | | | |
|---|---|---|---|
| सच्चे | **मित्र** | शुद्ध | **वातावरण** |
| मीठे | **फल** | फल | **छाँव** |

5. (क) चिकित्सक (ख) नीड़

## 22 निबंध-लेखन

**अभ्यास**

1. **निम्नलिखित विषयों पर निबंध लिखिए-**

**उत्तर–** (ग) गांधी जयंती

महात्मा गाँधी हमारे देश के एक महान नेता थे। उन्हें सम्मान से भारत का राष्ट्रपिता और बापू भी कहा जाता है। उनकी जयंती को गांधी जयंती के रूप में देशभर में मनाया जाता हैं यह भारत का एक राष्ट्रीय पर्व हैं महात्मा गाँधी का जन्म 2 अक्टूबर, 1869 ई० को गुजरात के पोरबंदर में हुआ था। गाँधी जयंती पर देशभर में सार्वजनिक अवकाश रहता है। इस दिन देश के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति राजघाट पर महात्मा गाँधी की समाधि ''शांति स्थल'' पर जाकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते है। देश भर में बापू की याद में सभाओं का आयोजन किया जाता है। महात्मा गाँधी के विचारों और उनके योगदान को याद किया जाता हैं हम सभी को इस दिन महात्मा गाँधी के जीवन का अनुसरण करते हु अहिंसा और समता के विचरों को जीवन में उतारना चाहिए।

(घ) प्रदूषण समस्या

वर्तमान समय में प्रदूषण सरकार के लिए तथा शहरों में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक गंभीर समस्या बन चुका है। यह मात्र एक राष्ट्र ही नहीं वरन् संपूर्ण विश्व के लिए एक खतरा बन चुका है। इस युग में जहाँ एक ओर हरियाली मिट रही है, वहीं प्रदूषण भी बढ़ रहा है। प्रदूषण के बढ़ने का प्रमुख कारण है-'जनसंख्या'। आज बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण खेतों के स्थान पर हर ओर मकान बने हुए दिखाई दे रहे हैं।

कारखानों से निकलने वाला धुआँ और गैसें वातावरण की शुद्ध वायु में मिलकर उसे दूषित कर रहे है, जिससे लोगों में श्वास, त्वचा तथा फेफड़ों संबंधी रोग बढ़ रहे हैं। सड़कों पर दौड़ने वाली बसों, ट्रकों, कारों, स्कूटरों आदि से निकलने वाले धुएँ ने तो वातावरण को धुँधला कर दिया है।

सड़कों पर चलने वाले वाहनों और कारखानों के धुएँ के कारण शाम के समय आसमान काले रंग का दिखाई देता है। वातावरण दूषित होने के कारण मनुष्यों में बीमारियाँ लगातार बढ़ती जा रही हैं।

नदियों का पानी जो हमारे लिए बहुत उपयोगी है, उसमें भी कारखानों का गंदा पानी तथा लोगों का मल-मूत्र बहाया जा रहा है। मृत पशुओं को लोग नदियों के किनारे फेंक देते हैं, जिससे पानी और वायु दोनों ही प्रदूषित होते हैं।

हमें प्रदूषण को सरकार की समस्या नहीं बल्कि अपनी स्वयं की समस्या समझना चाहिए। हमें खुली जगहों या सड़कों पर कूड़ा-कचरा नहीं फेंकना चाहिए। जरा सोचिए, प्रदूषण आज ही इतनी बड़ी समस्या है तो आने वाले समय में क्या होगा? अगर हमें प्रदूषण को रोकना है तो बढ़ती हुई जनसंख्या पर रोक लगानी होगी, प्राकृतिक संसाधनों के अनुचित प्रयोग पर रोक लगानी होगी। तभी हम प्रदूषण से मुक्ति पा सकते हैं।

(ङ) समाचार-पत्र

आदिकाल से मनुष्य में अपने आस-पास तथा दूर घटी घटनाओं एवं समाचारों को जानने की जिज्ञासा रही है। मनुष्य की इसी जिज्ञासा के कारण समाचार पत्रों का विकास हुआ है। सत्रहवी शताब्दी में सर्वप्रथम समाचार-पत्र वेनिस नगर में प्रकाशित हुआ। हमारे देश में सर्वप्रथम प्रकाशित हुआ समाचार-पत्र था 'इंडिया गजट'। आज देश के विभिन्न भागों में विविध भाषाओं में अनेक समाचार-पत्र प्रकाशित होते हैं। ''दैनिक जागरण'', ''हिंदुस्तान'', 'पंजाब केसरी'', ''द हिन्दू'' आदि कुछ प्रमुख समाचार-पत्र हैं। आज के युग में विश्व में घटित होने वाली कोई भी घटना समाचार पत्रों के माध्यम से थोड़े ही समय में प्रचारित हो जाती है। समाचार पत्र ज्ञान प्राप्ति के सबसे सस्ते, उपयोगी एवं सरल माध्यम बनते जा रहे हैं। समाचार पत्रों में खेल-कुद, राजनीति, रोजगार आदि से संबंधित तरह-तरह की सूचनाएँ छपी होती हैं, जिन्हें पढ़कर लोग लाभन्वित होते हैं। समाचार पत्रों द्वारा ही लोगों को सरकारी नीतियों की जानकारी मिलती हैं। समाचार-पत्र समाज के प्रहरी हैं। समाचार पत्रों के माध्यम से सरकार की गलत नीतियों का विरोध किया जाता है। ये लोकतंत्र के रक्षक हैं तथा देश की उन्नति में सहायक हैं। उन्हें समाज की बुराइयों को दूर कर स्वस्थ एवं सुंदर समाज की रचना में सहायक बनना चाहिए।